सूर्योदय 5:35 सूर्यास्त 7:20

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 27 न्यू | 31 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,463 |
| निफ्टी | 24,837 |
| सोना | 99,120 |
| चांदी | 1,15,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 27 जुलाई 2025 | 12 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 209, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702




आपदा में कांग्रेस सरकार खुद बनी 'आपदा' : सत्ती

पृष्ठ 3 पर

# हिमाचल में पहली बार लगातार चार दिन होगी कैबिनेट बैठक

## 28 से 31 तक चलने वाली बैठक में स्पेशल पैकेज और आरक्षण रोस्टर पर फैसला संभव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 28 जुलाई को कैबिनेट मीटिंग बुलाई है। यह मीटिंग 28 से 31 जुलाई तक लगातार 4 दिन चलेगी। प्रदेश में पहली बार चार दिन की कैबिनेट बुलाई गई है।

कैबिनेट की मीटिंग में नगर निकाय चुनाव के आरक्षण रोस्टर और आपदा प्रभावितों के राहत एवं पुनर्वास के लिए स्पेशल पैकेज को मंजूरी दिए जाने की संभावना है। इलेक्शन कमीशन ने आज तक सभी 73 नगर निकायों में रोस्टर लगाने के आदेश दे रखे थे, मगर सरकार ने आखिरी मौके पर इलेक्शन कमीशन को पत्र लिखा है, इसमें कहा गया है कि कैबिनेट मीटिंग में आरक्षण रोस्टर को लेकर फैसला लिया जाएगा। मुख्यमंत्री सुक्खू ने मंडी में सराज विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान आपदा प्रभावितों को स्पेशल पैकेज का भरोसा दिया था।

### जिनके घर टूटे, उन्हें 7 लाख रुपए की मंजूरी दे सकती है सरकार



**हिमाचल** में आपदा में कई लोगों के घर ढह गए हैं। बड़ी संख्या में किसानों-बागवानों के खेत-खलिहान और सेब के बगीचे बह गए हैं। बड़ी संख्या में लोगों के पालतू मवेशी बाढ़ में बहे हैं। ऐसे प्रभावित परिवारों के लिए कैबिनेट में आर्थिक सहायता का ऐलान हो सकता है। जिनके घर पूरी तरह टूटे हैं, उन्हें सरकार 7 लाख रुपए प्रति परिवार देने की मंजूरी दे सकती है। इसी तरह जिनके घरों को आंशिक नुकसान हुआ है और जिनके मवेशी तथा खेत बह गए हैं, उन्हें भी आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। बता दें कि प्रदेश में इस मानसून सीजन के दौरान बादल फटने, फ्लैश फ्लड और तेज बारिश से भारी नुकसान हुआ है। 425 घर पूरी तरह जमींदोज हुए हैं, जबकि लगभग 800 घरों को आंशिक क्षति पहुंची है।

### घोषित हो सकता है सेब का एमएसपी



**सेब** उत्पादकों के लिए भी अच्छी खबर हो सकती है, क्योंकि बैठक में सेब की खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय किया जाएगा। विभिन्न विभागों में नई भर्तियों को भी हरी झंडी मिलने की संभावना है। बैठक में इसके अलावा भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### सीएम ऑफिस, 2 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, जयपुर/मुंबई।** राजस्थान के मुख्यमंत्री के ऑफिस, जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट और मुंबई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी के पुलिस प्रशासन हरकत में आया। फौरन सीएम ऑफिस के साथ ही एयरपोर्ट पर चेकिंग शुरू की गई, हालांकि एक घंटे की छानबीन के बाद पुलिस को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। शनिवार को जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ऑफिशियल ई-मेल आईडी पर मेल कर लिखा गया-एक से दो घंटे बाद सीएम ऑफिस और एयरपोर्ट को उड़ा दिया जाएगा। दोनों जगहों पर कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। (अनंत ज्ञान)

### ईसरो का निसार मिशन 30 जुलाई को होगा लॉन्च

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 30 जुलाई को निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) मिशन के प्रक्षेपण के साथ एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने की तैयारी कर रहा है। इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन के अनुसार उपग्रह को एक भारतीय रॉकेट द्वारा पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया जाएगा। नारायणन ने कहा, '30 जुलाई को हम निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) मिशन शुरू करने जा रहे हैं। उपग्रह को भारतीय रॉकेट द्वारा कक्षा में स्थापित किया जाएगा।' वहीं, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने कहा कि निसार को 30 जुलाई को शाम 5:40 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### होमगार्ड भर्ती की अभ्यर्थी के साथ एंबुलेंस में गैंगरेप

**एजेंसी, गया।** बिहार के गया में होमगार्ड भर्ती के लिए आई लड़की (26) के साथ एंबुलेंस में गैंपरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत पर ड्राइवर और टेक्नीशियन को गिरफ्तार कर लिया है। लड़की ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया, 'फिजिकल टेस्ट के दौरान मैं चक्कर खाकर गिर गई थी। थोड़ी देर मुझे वहीं बैठाया गया। ग्राउंड में मौजूद एंबुलेंस बुलाई गई। एंबुलेंस के ड्राइवर और टेक्नीशियन ने मुझे अंदर बैठाया। रास्ते में टेक्नीशियन ने मेरे साथ इलाज के बहाने गलत हरकत शुरू कर दी।' पुलिस के मुताबिक, चलती एंबुलेंस में पहले टेक्नीशियन ने रेप किया, फिर गाड़ी सुनसान जगह पर रोककर ड्राइवर ने दरिंदगी की। पीड़िता ने अस्पताल पहुंचकर महिला डॉक्टर को पूरी कहानी बताई। इसके बाद पुलिस ने शिकायत दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। (अनंत ज्ञान))

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सुबह की सैर के लिए बाल स्कूल के गेट के ताले खोले जाएं -पेज 2
- कारगिल विजय भारतीय सेना व देश का गौरव : अनुराग -पेज 3
- सांसद सिकंदर ने उठाया विदेशों में रोजगार का मुद्दा -पेज 6
- हाईवे कंस्ट्रक्शन कंपनी ने भूखे-प्यासे छोड़े मजदूर -पेज 9
- भुंतर डबललेन वैली ब्रिज का 30 सालों का इंतजार खत्म -पेज 11


# आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा : द्विवेदी

**एजेंसी, द्रास**




- आर्मी चीफ ने कहा ऑपरेशन सिंदूर से पाक को सीधा संदेश
- कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की गई सर्जिकल स्ट्राइक पाकिस्तान को सीधा संदेश था कि आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा।

ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले का जवाब भी था, जो पूरे देश को गहरा घाव दे गया था। इस बार भारत ने हादसे पर शोक तो व्यक्त किया ही, साथ ही करारा जवाब भी दिया। जनरल द्विवेदी ने ये बातें लद्दाख के द्रास में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा- दुश्मन को जवाब देना अब न्यू नॉर्मल है। कारगिल विजय दिवस के 26 साल पूरे होने पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी दिल्ली के नेशनल वॉर मेमोरियल पहुंचे। उनके साथ तीनों सेना प्रमुख भी मौजूद रहे। राजनाथ ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।

बता दें कि 5 मई 1999 को पाकिस्तान की घुसपैठ के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल की पहाड़ी चोटियों पर जंग हुई थी। युद्ध करीब 84 दिनों तक चला। 26 जुलाई 1999 को भारत की जीत के साथ युद्ध खत्म हुआ था। भारतीय सैनिकों की वीरता को याद करते हुए हर साल कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### जस्टिस विवेक विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर को हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बिलासपुर जिले के घुमारवीं से ताल्लुक रखने वाले न्यायमूर्ति ठाकुर का परिवार प्रतिष्ठित शिक्षाविदों और जनसेवकों का रहा है। उनके पिता पूर्व विधायक और माता सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हैं। एक अनुभवी विधि विशेषज्ञ के तौर पर, न्यायमूर्ति ठाकुर ने विभिन्न न्यायिक भूमिकाओं में कार्य किया है, जिसमें सहायक महाधिवक्ता और अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद शामिल हैं। 2016 में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बनने के बाद से उन्होंने न्यायिक सेवा के साथ-साथ समाजसेवा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### संजीव गांधी को झूठे शपथपत्र पर हाईकोर्ट से मिली राहत



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने शिमला के एसपी संजीव कुमार गांधी को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उनके खिलाफ झूठा शपथपत्र दायर कर अदालत को गुमराह करने की कोशिश करने के आरोप में जारी कारण बताओ नोटिस को रद्द कर दिया है। यह फैसला तब आया, जब एसपी गांधी ने अपने जवाब के साथ एक माफीनामा दायर किया, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश राकेश कैंथला ने एक आपराधिक अपील की सुनवाई के दौरान पाया था कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा असंवैधानिक घोषित किए गए नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के प्रावधान को राज्य सरकार ने सजा के निलंबन का विरोध करते हुए फिर से दोहराया था।

# अगले साल तक पूरा करें बनखंडी जू का पहला चरण

## सीएम सुक्खू ने दिए निर्देश, कहा- उद्यान में पर्यटकों को मिलेंगी विश्व स्तरीय सुविधाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के अरण्य वन्य प्राणी उद्यान बनखंडी के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वन विभाग को निर्देशित किया है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना का प्रथम चरण दिसंबर, 2026 तक हर हाल में पूरा कर लिया जाए, जिससे यह उद्यान कांगड़ा जिले में पर्यटन का एक प्रमुख आकर्षण केंद्र बन सके।

> कांगड़ा जिले में पर्यटन का एक प्रमुख आकर्षण बनेगा उद्यान

अपने सरकारी आवास ओक ओवर में शनिवार को परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि इस उद्यान में विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसमें तीन पार्किंग स्थल, फूड कोर्ट, रेस्टोरेंट और पर्यटकों के लिए अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को अस्पताल व प्रशासनिक भवन, दूसरी पार्किंग, ऑपरेशन थियेटर और डायग्नोस्टिक भवन, क्वारंटीन क्षेत्र, कमिशरी क्षेत्र, शौचालय ब्लॉक और भूमिगत जल टैंकों से संबंधित निविदाएं शीघ्र आमंत्रित करने के भी निर्देश दिए।



अपने सरकारी आवास ओक ओवर में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुक्खू।

### उद्यान को आकर्षक बनाए वन विभाग

**सीएम** ने कहा कि पर्यटकों के मनोरंजन के लिए वन विभाग को परियोजना को आकर्षक बनाने हेतु ईको टूरिज्म गतिविधियों, तारामंडल, रॉक क्लाइंबिंग व बोटिंग जैसी साहसिक गतिविधियों को शामिल करने पर भी जोर दिया। पार्क की सुंदरता और पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रजातियों के पौधे रोपने पर भी बल दिया गया।

### सौर ऊर्जा परियोजना भी होगी स्थापित

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने इस बात पर विशेष प्रकाश डाला कि यह प्राणी उद्यान देश का पहला ऐसा उद्यान है, जिसे भारतीय हरित भवन परिषद से सतत और पर्यावरण अनुकूल पहल के लिए प्रमाणन प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि इस उद्यान में एक मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना भी स्थापित की जाएगी, जिससे इसकी ऊर्जा आवश्यकताएं पूरी होंगी।

# लोकसभा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 17 सांसद संसद रत्न से सम्मानित




लोकसभा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संसद रत्न पुरस्कार-2025 से सम्मानित लोकसभा के 17 सांसद।

**एजेंसी, नई दिल्ली**

> सम्मान पाने वालों में सबसे ज्यादा 7 सांसद महाराष्ट्र से

लोकसभा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 17 सांसदों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। इनमें एनसीपी शरद गुट की सुप्रिया सुले, भाजपा के रवि किशन और निशिकांत दुबे और शिवसेना (उद्धव) के अरविंद सावंत शामिल हैं। संसद रत्न बनने वाले सांसदों में सबसे ज्यादा 7 सांसद महाराष्ट्र से हैं। 4 स्पेशल जूरी अवॉर्ड के लिए भाजपा के भर्तृहरि महताब, क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी के एनके प्रेमचंद्रन, एनसीपी शरद गुट की सुप्रिया सुले और शिवसेना के श्रीरंग अप्पा, भाजपा की स्मिता उदय वाघ, शिवसेना के नरेश म्हस्के, कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़, भाजपा की मेधा कुलकर्णी, प्रवीण पटेल, विद्युत बरन महतो और दिलीप सैकिया भी शामिल हैं। कमेटी कैटेगरी में भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी स्थायी समिति और डॉ. चरणजीत सिंह चन्नी की अध्यक्षता वाली कृषि संबंधी स्थायी समिति को उनकी रिपोर्टों की गुणवत्ता और विधायी निगरानी में योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# मंत्री नेगी की कार पर काले झंडे जूते फेंकने पर 58 पर एफआईआर

**अनंत ज्ञान टीम, गोहर/शिमला।** थुनाग में मंत्री जगत सिंह नेगी की गाड़ी पर काले झंडे, कपड़े व जूते फेंकने के मामले को लेकर जंजैहली थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। सराज से कांग्रेस नेता जगदीश रेड्डी की शिकायत पर दर्ज एफआईआर में 58 लोगों को नामजद किया गया है, जिसमें से 12 से अधिक लोगों के नाम और पतों की पहचान कर ली गई है, जबकि बाकी लोगों की पहचान का कार्य जारी है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने एफआईआर दर्ज किए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इस मामले में बीएनएस की धारा 126 (2), 179 (2),191 (2) और 190 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और पुलिस नियम व कानून के तहत कार्रवाई अमल में ला रही है।

> राजस्व मंत्री के साथ दुर्व्यवहार की मंत्रियों ने कड़े शब्दों में की निंदा

मंडी जिले के सराज विधानसभा क्षेत्र में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के साथ हुई इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। दोनों नेताओं ने इसे केवल एक मंत्री का नहीं, बल्कि प्रदेश की लोकतांत्रिक मर्यादाओं, सांस्कृतिक गरिमा और संवैधानिक मूल्यों का अपमान बताया है। दोनों मंत्रियों ने इस कृत्य को एक पूर्व नियोजित साजिश करार देते हुए भाजपा को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि यह पूरी घटना भाजपा नेताओं की शह पर हुई प्रतीत होती है। बताते चलें कि शुक्रवार को बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी के सराज दौरे के दौरान थुनाग रेस्ट हाउस में सैकड़ों लोगों ने उनका घेराव कर दिया था और उनके काफिले को पूरी तरह से रोक दिया था। पुलिस ने मुश्किल से उनके काफिले को वहां से निकाला और जब यह काफिला निकला तो गुस्साए लोगों ने जगत सिंह नेगी की सरकारी गाड़ी पर काले झंडे, कपड़े और जूते बरसाए थे।


# हिमाचल में फिर बिगड़ेगा मौसम चार दिन भारी बारिश का अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में रविवार से मौसम का मिजाज बदलने वाला है। प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने कुछ जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 27 जुलाई से 30 जुलाई तक हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से भारी बारिश हो सकती है। विशेष रूप से 28 और 29 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने का पूर्वानुमान है।

29 जुलाई को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिलों के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, 27, 28 और 30 जुलाई के लिए कई भागों में येलो अलर्ट है। इन जिलों में कुछ स्थानों पर अचानक बाढ़, भूस्खलन और सड़कों के अवरुद्ध होने की संभावना है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो सकता है। प्रदेश में इस मानसून सीजन 20 जून से 25 जुलाई तक अब तक 153 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। 252 लोग घायल हुए हैं, जबकि 34 लोग अभी भी लापता हैं।

राज्य भर में बादल फटने, भूस्खलन और बाढ़ से 1,588 कच्चे-पक्के घरों और दुकानों को क्षति पहुंची है। 1,139 गोशालाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं और 1,376 पालतू पशुओं की मौत हुई है। नुकसान का कुल आंकड़ा 1436 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।



### प्रदेश में 150 से अधिक सड़कें अभी भी बाधित

**प्रदेश** में अभी भी 150 से अधिक सड़कें बाधित हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मंडी जिले में प्रभावित हैं। इसके अलावा कई बिजली ट्रांसफार्मर और जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं।

**अफसोस** कैप्टन वीर भंडारी राम को 106वीं जयंती पर सिर्फ परिवार ने किया नमन

# वीरों की वीरगाथा पर सियासतदानों की चुप्पी

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**विशेष रिपोर्ट**

**बिलासपुर।** स्वर्गीय कैप्टन वीर भंडारी राम की 106वीं जयंती मनाई गई। यह एक ऐसा नाम, जिसे इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाना चाहिए, लेकिन अफसोस कि आज उनके पैतृक स्थान पर भी उनकी कोई सरकारी पहचान नहीं। विक्टोरिया क्रॉस से सम्मानित इस वीर योद्धा की गाथा न केवल सेना की शौर्यगाथा का हिस्सा है, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान की प्रेरणा भी रही है। जब तक वे जीवित थे, हर गणतंत्र दिवस पर राजपथ की परेड में राष्ट्र उन्हें वीरों की अग्रिम पंक्ति में स्थान देता था। विक्टोरिया क्रॉस, परमवीर चक्र और अशोक चक्र जैसे सर्वोच्च सैन्य सम्मानों से सुशोभित योद्धाओं की टोली में उनका स्थान सबसे आगे होता था।

वीर भंडारी राम की वीरता का सम्मान भारत की सेना आज भी करती है। उनकी बटालियन 8 डोगरा आज भी विक्टोरिया क्रॉस बटालियन के नाम से जानी जाती है। अयोध्या, पठानकोट और धर्मशाला में उनकी प्रतिमाएं लगी हैं। ब्रिटिश सरकार उन्हें हर दो साल छोड़कर विशेष अतिथि के रूप में सम्मानपूर्वक लंदन आमंत्रित करती रही। लेकिन दुर्भाग्यवश, उनका अपना जिला, तहसील और पैतृक गांव अब भी उनके नाम पर चुप है, क्योंकि नेता शायद जानते हैं कि भंडारी राम के नाम से उन्हें वोट नहीं मिलने वाले। अफसोस की बात तो यह है कि उनकी 106वीं जयंती पर भी, उनके परिजनों के अलावा न तो सरकार ने कोई श्रद्धांजलि अर्पित की और न ही किसी सामाजिक या राजनीतिक संस्था ने उन्हें याद किया।

जब तक कोई निस्वार्थ, दूरदर्शी नेतृत्व इस दिशा में पहल नहीं करता, तब तक कैप्टन भंडारी राम जैसे वीरों की गाथा केवल स्मृतियों और सैन्य दस्तावेजों तक ही सीमित रह जाएगी।



स्व. वीर भंडारी राम की फाइल फोटो

### सरकारों ने तो जो मिला था, वह भी मिटा दिया

**स्व.** वीर भंडारी राम के पुत्र स्टेट बैंक से वरिष्ठ प्रबंधक के पद से सेवानिवृत्त सुरेश नड्डा का कहना है कि सरकारों ने तो उनके घर की ओर जाने वाली सड़क पर लगाया बोर्ड भी हटा दिया था और सैनिक विश्राम गृह को जो उनके नाम से था, वह भी मिटा दिया था, लेकिन बड़ी जद्दोजहद के बाद इसे फिर से लिखवाया गया।

### क्या आज नेताओं की जय जयकार ही प्राथमिकता?

**सरकारें** आती हैं और जाती हैं, परंतु देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों की स्मृति को बनाए रखना एक राष्ट्र का कर्तव्य है। सेना ने तो अपने स्तर पर उनका सम्मान कायम रखा, परंतु नागरिक प्रशासन और राजनीतिक नेतृत्व का मौन आज भी खलता है। क्या राष्ट्र अपने असली नायकों को भूल रहा है? क्या केवल नेताओं की जय-जयकार ही प्राथमिकता बन गई है?




## न्यूज ब्रीफ

### थल सेना भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थल सेना में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, स्टोर कीपर, क्लर्क और ट्रेडमैन इत्यादि के पदों पर भर्ती के लिए 30 जून से 10 जुलाई तक हुई जिला हमीरपुर, ऊना और बिलासपुर के युवाओं की ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि उम्मीदवार इस परीक्षा का परिणाम वेबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी.एनआईसी.इन पर देख सकते हैं।

### हमीरपुर शहर के कुछ क्षेत्रों में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 27 जुलाई को लाइनों की आवश्यक मरम्मत और पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते वार्ड नंबर-7, गांधी चौक, अप्पर बाजार, नादौन चौक, फॉरेस्ट कॉलोनी, ठाकुर नर्सिंग होम और आस-पास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### नगर पंचायत भोटा के मतदान केंद्रों की सूची जारी

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** नगर पंचायत भोटा के सभी 7 वार्डों के मतदान केंद्रों की सूची जारी कर दी गई है। मतदान केंद्रों की सूची जारी करते हुए बड़सर के एसडीएम राजेंद्र गौतम ने बताया कि वार्ड नंबर-1 रविदास नगर और वार्ड नंबर-2 इंद्रानगर के मतदान केंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोटा में स्थापित किए जाएंगे। वार्ड नंबर-3 कृष्णानगर और वार्ड नंबर-7 ज्वालानगर के मतदान केंद्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला भोटा में, वार्ड नंबर-4 नारायणनगर का मतदान केंद्र नगर पंचायत कार्यालय में, वार्ड नंबर-5 राजीवनगर का मतदान केंद्र जल शक्ति विभाग के कार्यालय में और वार्ड नंबर-6 लोहियानगर का मतदान केंद्र इंद्रा मेमोरियल पब्लिक स्कूल में होगा।

### पेड़ व शिक्षा दोनों एक समान बढ़ते हैं : रोहित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएम श्री शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर में शिक्षा मंत्री हिमाचल प्रदेश रोहित ठाकुर ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया। इस दौरान शिक्षा मंत्री को स्कूल प्रधानाचार्य मुस्ताक मोहम्मद व स्कूल स्टाफ द्वारा सम्मानित किया गया। शिक्षा मंत्री ने स्कूल की व्यवस्थित स्थिति पर प्रशंसा व्यक्त की। इस अवसर शिक्षा मंत्री ने सभी स्कूलों से आह्वान किया कि एक पेड़ मां के नाम मुहिम में बढ़ चढ़कर पौधे लगाएं और पर्यावरण को सुरक्षित करने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पेड़ और शिक्षा दोनों में एक समानता है, ये धीरे-धीरे बढ़ते हैं, लेकिन जब फल देते हैं तो पूरी दुनिया को लाभ होता है। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा उपनिदेशक स्कूल शिक्षा एमआर चौहान, कमल किशोर भारती, प्रधानाचार्य मुस्ताक मोहम्मद और विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

### सुजानपुर विस क्षेत्र में बिछ रहा सड़कों का जाल : उदय



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** युवा कांग्रेस के सदस्य उदय कुमार ने बताया सुजानपुर के विधायक कैप्टन रंजीत सिंह के नेतृत्व में सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास की धारा बह रही है। विधायक हर क्षेत्र में विकास कर रहे हैं, हर वर्ग का ध्यान रख रहे हैं। विधायक के कार्यों की प्रशंसा सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के लोग कर रहे हैं, बल्कि अन्य विधानसभाओं के लोग भी विधायक की कार्यप्रणाली की प्रशंसा कर रहे हैं। उदय ने कहा कि विधायक रणजीत स्वयं हर जगह पहुंचकर अपनी देखरेख में कार्य करवा रहे हैं।

### एबीवीपी ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन : अंकित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तकनीकी विश्वविद्यालय इकाई द्वारा रजिस्ट्रार के माध्यम से हिमाचल सरकार, राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया, जिसके अंतर्गत विद्यार्थी परिषद ने कुछ मांगें हिमाचल सरकार व कार्यवाहक कुलपति के समक्ष रखी। इकाई उपाध्यक्ष अंकित का कहना है कि तकनीकी विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की शीघ्र नियुक्ति की जाए। वर्तमान में विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की आवश्यकता है, जिससे शैक्षणिक और प्रशासनिक निर्णयों में निरंतरता आए और विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली सशक्त हो।

### त्रिशा कॉलेज में वन महोत्सव का किया आगाज




**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** त्रिशा कॉलेज ऑफ एजूकेशन में कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में वन महोत्सव 2025 की थीम एक पेड़ मां के नाम 2.0 तथा एक पेड़ गुरु के नाम के अवसर का शुभारंभ किया। इसके तहत त्रिशा इको क्लब के संयोजन चंपा ठाकुर ने कॉलेज प्रांगण में नीम व बेलपत्र के पौधों का पौधरोपण किया। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प एक पेड़ मां के नाम तथा देशभर में करोड़ पेड़ लगाने के लक्ष्य की ओर कदम बढ़ा। एनके शर्मा ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं इस धरा के भविष्य को सुरक्षित रखना है, साथ ही डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापकों से आग्रह किया कि सभी अपनी मां के साथ एक पेड़ जरूर लगाएं, ये आपकी तरफ से उन्हें एक अनमोल उपहार होगा। इस शुभ अवसर पर कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य पूनम भारद्वाज व सभी अध्यापक वर्ग व डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापक उपस्थित रहे।

### ओल्ड स्टूडेंट्स एसो. भोरंज ने प्रभावितों को दी राशि

**अनंत ज्ञान, जाहू।** ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन भोरंज द्वारा शनिवार को प्राकृतिक आपदा से प्रभावित मंडी जिला के उपमंडल धर्मपुर के स्याठी गांव के परिवारों को 1 लाख 100 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। यह राशि संघ के सदस्यों द्वारा एकत्रित की गई है, जिसका उद्देश्य पीड़ित परिवारों को इस कठिन समय में सहारा देना है। ओएसए के सचिव देवेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि यह धनराशि संघ के सदस्यों के सहयोग से इकट्ठा की गई है। उन्होंने कहा कि संगठन हमेशा से समाजसेवा के कार्यों में आगे रहा है। इस बार भी सदस्यों ने पीड़ित परिवार की मदद के लिए बढ़-चढ़कर योगदान दिया है। उन्होंने सभी सदस्यों और स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस पहल को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष आकाश ने कहा कि ओएसए का उद्देश्य न केवल शिक्षा और संस्कार को बढ़ावा देना है, बल्कि समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना भी है। इस मौके पर सुदेश ठाकुर, कैप्टन राकेश, प्रदीप मिहांस, होशियार सिंह, संदीप कतना और दिनेश संधू, पुष्पेंद्र, राजीव नेगी इत्यादि लोग मौजूद थे।

### मैहला की पुण्य स्मृति व विजय दिवस पर किया रक्तदान



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के भरेड़ी कस्बे में स्व एलआर. मैहला की पुण्य स्मृति एवं कारगिल विजय दिवस के अवसर पर दरिद्र नारायण कल्याण समिति घुमारवीं के सौजन्य से वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी, गरीब दास फाउंडेशन भरेड़ी तथा गोरक्षक दल भरेड़ी के संयुक्त तत्वावधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवा की भावना से ओतप्रोत युवाओं व गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में भोरंज के तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इस पुनीत कार्य में सहभागी बनना चाहिए। उन्होंने आयोजकों के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे एक प्रेरणादायक पहल बताया। इस शिविर में कुल 65 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो विभिन्न अस्पतालों में जरूरतमंद मरीजों के जीवन रक्षण में उपयोगी सिद्ध होगा। रक्त एकत्रण एवं परीक्षण का कार्य एम्स बिलासपुर से आई चिकित्सकों की टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गोरक्षक दल भरेड़ी की विशेष भूमिका रही। दल के सदस्यों ने न केवल शिविर के प्रबंधन में सहयोग दिया, बल्कि स्वयं भी रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच विद्यसागर सागर शर्मा, देव राज, चमन लाल, मनोहर लाल, बीडीसी चेयरमैन राजेंद्र गारला, विक्की शर्मा, अच्युत शर्मा, अनीश शर्मा, अभिषेक मेहर, सुनील कुमार, सौरव मोदगिल, राकेश कुमार, आकाश, अशोक चौधरी, अनिल कुमार, अनूप शर्मा, प्रिंस, अभिमन्यु कालिया और दीपक कुमार शामिल रहे।

# ऑपरेशन के बाद महिला की मौत, हंगामा

## परिजनों ने आस्था अस्पताल के डॉक्टरों पर लगाए इलाज ठीक से न करने के आरोप

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** शहर के नजदीक पक्का भरो में स्थित आस्था अस्पताल में 27 वर्षीय गर्भवती महिला लता देवी निवासी चमनेड़ की बीते दिन डिलीवरी के बाद मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना परिजनों ने सुनी तो उन्होंने चिकित्सकों पर लापरवाही से इलाज करने का आरोप लगाया और हंगामा शुरू कर दिया। शुक्रवार दोपहर से ही मौत के बाद से अस्पताल में तनावपूर्ण माहौल हो गया था। परिजन प्रशासन से न्याय की मांग कर रहे थे। परिजनों ने अस्पताल और पुलिस प्रशासन पर भी मिलीभगत के आरोप लगाया। महिला के पति सोमनाथ और परिजनों ने उपचार के दौरान मौत होने पर ही चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है।

महिला ने शिशु को जन्म दिया है। डिलीवरी के बाद शिशु को मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के आईसीयू वार्ड में रखा गया है। शिशु की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। बता दें कि लता देवी शुक्रवार को अपना चेकअप करवाने के लिए अस्पताल आई थी। डॉक्टरों ने चेकअप के बाद बताया कि बच्चे की हार्टबीट कम आ रही है। डॉक्टरों ने सुझाव दिया कि तुरंत ऑपरेशन करना पड़ेगा नहीं तो बच्चे को कुछ भी हो सकता है। डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर दिया और महिला ने शिशु को जन्म दिया, लेकिन इस दौरान महिला की तबीयत बिगड़ती गई और उसकी मौत हो गई। परिजन महिला की मौत पर भड़क गए और अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया।


तनाव के बाद शव गृह के बाहर पुलिस ने अपना पहरा लगा दिया है।

परिजनों ने ऑपरेशन थिएटर पर ताला लगा दिया, जहां पर मृतक महिला का शव रखा हुआ था। परिजन पुलिस को भी शव नहीं ले जाने दे रहे थे। यहां तक परिजनों लापरवाही की वजह से शिशु की तबीयत बिगड़ने लग पड़ी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मुश्किल से शिशु को मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में शिफ्ट किया। ऑपरेशन थियेटर में रात भर ताला लगा रहा। शनिवार सुबह मायका पक्ष के लोग भी पहुंच गए उन्होंने भी हंगामा शुरू कर दिया। इससे स्थिती तनावपूर्ण हो गई थी जिसे मौके पर पहुंचे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार और एसडीएम संजीत कुमार ने परिजनों को समझाया, उसके बाद ऑपरेशन थियेटर का ताला खोलकर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। इस मामले में पुलिस ने मृतक के पति सोमदत और देवर जीवन कुमार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था उन्हें बाद में छोड़ दिया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच तेज कर दी है।

इस बारे में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि दो लोगों को निवारक धाराओं के तहत हिरासत में लिया गया था, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया है। उन्होंने बताया कि परिजनों ने ऑपरेशन थिएटर में ताला लगा दिया गया था और शव को भीतर रखा था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है। मामला दर्ज की जांच जारी है।

**अस्पताल प्रशासन ने जारी किया आधिकारिक बयान :** आस्था अस्पताल हमीरपुर वरिष्ठ चिकित्सकों डॉ. दिनेश ठाकुर एवं डॉ. क्रांति ठाकुर ने अधिकारिक बयान में स्पष्ट किया है कि मरीज को समय पर सीपीआर सहित सभी आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं देने के हरसंभव प्रयास किए गए, परंतु दुर्भाग्यवश उन्हें बचाया नहीं जा सका। डॉक्टरों ने यह भी बताया कि परिजन जिस डॉक्टर पर नशे में चूर होने एवं लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे हैं, उन्होंने उसी दिन सुबह 8.30 बजे एक अन्य सिजेरियन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया था, जिसमें मां और बच्चा दोनों पूर्णत: स्वस्थ हैं। मृत्यु के कारणों की स्पष्ट जानकारी के लिए पोस्टमार्टम कराया जाना अनिवार्य है। परिजनों से अनुमति मिलने के उपरांत यह प्रक्रिया शनिवार को हमीरपुर के सरकारी अस्पताल में संपन्न की जा रही है। उन्होंने बताया कि अस्पताल परिवार की ओर से हम दिवंगत महिला को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं।

## तकनीकी विवि में एमबीए पर्यटन और एमएससी की काउंसिलिंग कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

▶ एमटेक, एमबीए, एमसीए सहित अन्य विषयों का काउंसिलिंग शेड्यूल भी जारी

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विवि हमीरपुर ने एमबीए पर्यटन, एमएससी भौतिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, एमए एमएससी योग, बी आर्क, एमसीए, एमबीए, बी फार्मेसी (लेटरल एंट्री), बीटेक (लेटरल एंट्री), एम फार्मेसी, एमटेक की काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी किया है। काउंसिलिंग के दूसरे शेड्यूल के अनुसार एमबीए पर्यटन, एमएससी भौतिक विज्ञान, एमए एमएससी योग व पर्यावरण विज्ञान की पहले चरण की काउंसिलिंग 28 जुलाई को सभी श्रेणियों की एक दिन ही तकनीकी विवि परिसर में होगी। उपरोक्त विषयों में पहले चरण की काउंसिलिंग में खाली सीटें 31 जुलाई को स्पॉट राउंड काउंसलिंग के माध्यम से भरी जाएगी।

बी आर्क की पहले चरण की काउंसिलिंग पांच अगस्त को राजीव गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा बगवां में होगी, जबकि दूसरे चरण की काउंसलिंग भी वहीं आठ अगस्त को प्रस्तावित है। एमटेक पहले चरण की काउंसिलिंग 29 जुलाई को तकनीकी विवि परिसर में होगी, जबकि दूसरे चरण की काउंसलिंग छह अगस्त को होगी। एमसीए की पहले चरण की काउंसिलिंग आठ अगस्त को, दूसरे चरण की 19 अगस्त को तकनीकी विवि परिसर में होगी। एमबीए के पहले चरण की काउंसिलिंग 11 अगस्त को और दूसरे चरण की 19 अगस्त को तकनीकी विवि परिसर में होगी। एम फार्मेसी पहले चरण की काउंसिलिंग दो अगस्त को एक ही दिन तकनीकी विवि परिसर में आयोजित की जाएगी। बी फार्मेसी (लेटरल एंट्री) पहले चरण की काउंसलिंग 20 अगस्त को और बीटेक (लेटरल एंट्री) पहले चरण की काउंसिलिंग 21 अगस्त को तकनीकी विवि परिसर में प्रस्तावित है। उपरोक्त सभी विषयों में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थी पात्रता से संबंधित डिटेल वेबसाइट पर देख सकते हैं।

तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के कुलपति प्रो. राजेंद्र वर्मा ने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र में स्नातक व स्नातकोत्तर विषयों में प्रवेश प्रक्रिया संबंधित काउंसिलिंग शुरू हो गई है। सभी विषयों के पहले और दूसरे चरण की काउंसलिंग की तिथियां जारी कर दी हैं। पात्र अभ्यर्थी काउंसिलिंग शेड्यूल के अनुसार काउंसिलिंग प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

## पूर्व सैनिकों ने शहीदों को किया याद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद हमीरपुर इकाई ने कारगिल विजय दिवस न्यू एरा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परोल के प्रांगण में मनाया जिसमें मुख्य अतिथि सेना मेडल ऑनरेरी कैप्टन मदन लाल, विशेष अतिथि कर्नल विनय चंद्रा, विशेष अतिथि स्व हवलदार रण बीर सिंह, कर्नल राकेश कुमार, कर्नल शशि, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद हमीरपुर इकाई एवं भोरंज पूर्व सैनिक सेवा समिति के अध्यक्ष मेजर रमेश चंद वर्मा, जनरल सेक्रेटरी ऑनररी सूबेदार मेजर ध्यान चंद, उपाध्यक्ष सूबेदार मेजर मनोहर लाल जसवाल, कोषाध्यक्ष सूबेदार संजीव कुमार, जोनल सेक्रेटरी तहसील टौणी देवी हवलदार तोता राम, परोल स्कूल के प्रिंसिपल अमित कुमार तथा बहादुर पूर्व सैनिकों वीर नारियों विधवाओं भाग लिया। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धा सुमन, पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया गया।

## कारगिल विजय दिवस समारोह में शहीदों के परिवारों को पहनाई फूल-मालाएं


कार्यक्रम में मौजूद गणमान्यों ने किया शहीदों के परिजनों का सम्मान।

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** जिला स्तरीय कारगिल विजय दिवस बड़सर उपमंडल की भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल की अध्यक्षता में सागर व्यू होटल में सैनिक सम्मान समारोह के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में बड़सर उपमंडल के लगभग पांच सौ वीर सैनिक और उनके परिवारों के सदस्य पहुंचे थे।

भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने इस कार्यक्रम में वीर सैनिकों का फूल मालाएं पहनकर स्वागत किया। सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज हम सुरक्षित हैं तो सरहदों पर वीर सैनिक मोर्चा संभाले हुए हैं। मातृशक्ति ने सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू किए। बड़सर उपमंडल के विभिन्न सैनिकों ने अपनी अपनी देश के प्रति जज्बे को लोगों के साथ शेयर किया। उसके बाद कारगिल युद्ध में शहीद हुए परिवारों के सदस्यों को शाल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## समीरपुर मंडल में शहीदों के परिजनों का किया सम्मान

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**

**टौणी देवी।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर समीरपुर में एक भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सपूतों स्वामी दास चंदेल, राजकुमार व पवन कुमार को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले शहीदों को याद करते हुए कहा कि उनका बलिदान युगों-युगों तक प्रेरणा देता रहेगा।

धूमल ने कहा कि कारगिल युद्ध ने पूरे देश को एकजुट किया। हमारे वीर जवानों ने विषम परिस्थितियों में भी अद्भुत पराक्रम दिखाया और दुश्मन को करारा जवाब दिया। कारगिल विजय दिवस हमें हर वर्ष यह याद दिलाता है कि भारत माता के सपूत अपनी जान की परवाह किए बिना देश की रक्षा करते हैं। इस अवसर पर भाजपा समीरपुर मंडल द्वारा शहीदों के परिजनों का सम्मान पूर्वक आमंत्रित कर सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया। शहीद पवन कुमार के पिता जगन्नाथ, शहीद राजकुमार के भाई राजवीर सिंह और शहीद स्वामी दास चंदेल के परिजनों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।


कारगिल विजय दिवस के अवसर पर समीरपुर में भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष अभयवीर सिंह लवली ने इस अवसर पर कहा कि प्रो. प्रेम कुमार धूमल कारगिल युद्ध के समय प्रदेश के मुख्यमंत्री थे और उन्होंने प्रदेश में सैनिकों एवं शहीद परिवारों के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री एडवोकेट संजीव कुमार, कैप्टन मनमोहन सिंह, बराड़ा पंचायत प्रधान अनिल परमार, पुरुषोत्तम चौहान, प्रधान कमलेश शर्मा, प्रमिला देवी, सूबेदार अजय धूमल, सूबेदार रमेश चंद, सूबेदार वीरेंद्र, मनोज चंद, सुरेश कुमारी, ध्यान सिंह मुसाफिर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## शहीदों के परिजनों ने पुष्प चक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

कारगिल विजय दिवस हमीरपुर में भी पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा पार्क एवं निर्माणाधीन युद्ध स्मारक के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त अमरजीत सिंह, एसपी भगत सिंह ठाकुर, हिमाचल प्रदेश भूतपूर्व सैनिक निगम के उपाध्यक्ष कर्नल पीएस अत्री, कार्यकारी एडीसी राकेश शर्मा, सहायक आयुक्त राजीव ठाकुर, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता विजय चौधरी, सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक स्क्वाड्रन लीडर मनोज राणा, अन्य अधिकारी शहर के गणमान्य नागरिक, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों ने पुष्प चक्र अर्पित करके शहीद सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।


हमीरपुर जिले के आठ शहीदों को श्रद्धांजलि देकर याद किया गया।

पुलिस की टुकड़ी ने भी शहीदों को सलामी दी। इस अवसर पर उपायुक्त अमरजीत सिंह ने कहा कि भारत के बहादुर सैनिकों ने बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अदम्य साहस का परिचय देते हुए कारगिल युद्ध में विजय हासिल की थी। इस युद्ध में जिला हमीरपुर के 8 सैनिक शहीद हुए थे। जिला के कई अन्य सैनिकों ने भी इस युद्ध में अपना पराक्रम दिखाया था। भूतपूर्व सैनिक निगम के उपाध्यक्ष कर्नल पीएस अत्री ने कारगिल युद्ध के अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि यह युद्ध बहुत ही कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में लड़ा गया था। कार्यक्रम के दौरान कार्यकारी एडीसी राकेश शर्मा ने लोगों को शहीदों के सम्मान की शपथ भी दिलाई। इससे पहले, सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक स्क्वाड्रन लीडर मनोज राणा ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों, शहीदों के परिजनों और भूतपूर्व सैनिकों का स्वागत किया तथा कारगिल युद्ध के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में उपस्थित कारगिल युद्ध के शहीद सैनिकों के परिजनों को विशेष सम्मानित भी किया गया।

## हेल्थ क्लब ने किया भारत माता की जय का उद्घोष



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कारगिल विजय दिवस पर शनिवार को शुभ प्रभात हेल्थ क्लब हमीरपुर के सदस्यों ने शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा स्मारक हमीरपुर में कारगिल शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। क्लब के अध्यक्ष आरएल भारद्वाज, सुरेश बजाज, किशोर शर्मा, रविंद्र ठाकुर, पीसी कटोच, कांता शर्मा, बिमला शर्मा, पुष्पा शर्मा शांति स्वरूप, राजेश चैधरी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा के भाई प्रो. मुकुल शर्मा इस दौरान विशेष रूप से मौजूद रहे। क्लब के सदस्यों ने कारगिल शहीदों को नमन किया तथा भारत माता की जय का उद्घोष किया। क्लब के अध्यक्ष आरएल भारद्वाज ने कहा कि शहीदों की कुर्बानी को कभी नहीं भुलाया जा सकता है।

## हमीरपुर में सैनिक परिवारों की कानूनी मदद के लिए खुली विधिक सेवाएं क्लिनिक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

वीर सैनिकों के परिवारों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) ने शनिवार को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर वीर परिवार सहायता योजना-2025 आरंभ की। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीश एवं नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने नई दिल्ली में आयोजित समारोह के दौरान वर्चुअल माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों के सैनिक बोर्डों में वीर परिवार सहायता योजना-2025 के तहत विधिक सेवाएं क्लीनिकों का शुभारंभ किया।

इसी कड़ी में प्रदेश भूतपूर्व सैनिक निगम हमीरपुर के मुख्यालय में भी विधिक सेवाएं क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। निगम के हॉल में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली में आयोजित वीर परिवार सहायता योजना-2025 उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण दिखाया गया तथा वर्चुअल माध्यम से विधिक सेवाएं क्लीनिक हमीरपुर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर हमीरपुर के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिन रघु, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रवि कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी टीना मल्होत्रा, सैनिक कल्याण विभाग की ओएसडी दीप्ति मंढोत्रा, सैनिक कल्याण उप निदेशक स्क्वॉड्रन लीडर मनोज राणा, गणमान्य उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय कोर्फबाल प्रतियोगिता में आज हिमाचल और केरल के बीच खिताबी भिड़ंत

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

▶ जूनियर वर्ग के सेमीफाइल में हिमाचल ने हरियाणा को दी करारी शिकस्त

तमिलनाडू के चेन्नई में चल रही राष्ट्रीय सब-जूनियर व जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता में तीसरे दिन भी हिमाचल प्रदेश की दोनों टीमों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। जूनियर वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में हिमाचल प्रदेश ने हरियाणा राज्य को 11-7 के अंतर से पराजित करके फाइनल में प्रवेश किया, जबकि सब-जूनियर वर्ग के कांटेटार मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने हिमाचल प्रदेश को 9-8 केवल एक गोल से पराजित किया।

सब-जूनियर वर्ग में तीसरे स्थान के लिए हिमाचल प्रदेश को मुकाबला दिल्ली राज्य की टीम से होगा। हिमाचल प्रदेश की टीम के कोच देवदत्त प्रेमी व प्रवीण शर्मा ने बताया कि शनिवार को हुए सब-जनियर वर्ग के क्वार्टर फाइनल के मुकाबले में हिमाचल प्रदेश ने तमिलनाडू की टीम को 16-6 के अंतर से पराजित करक सेमीफाइनल में जगह बनाई, लेकिन सेमीफाइनल में हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ की टीम में कांटेदार मुकाबला हुआ। पूरे समय तक दोनों टीमें 8-8 गोल से बराबर रही।

अतिरिक्त समय में छत्तीसगढ़ की टीम ने एक गोल करके हिमाचल प्रदेश को 9-8 के अंतर से पराजित करके फाइनल में पहुंचने से रोक दिया। अब हिमाचल प्रदेश का सब जूनियर वर्ग में तीसरे स्थान के लिए दिल्ली के खिलाड़ियों के साथ मुकाबला होगा। जूनियर वर्ग में हिमाचल प्रदेश की टीम ने जीत के क्रम को जारी रखा। सबसे पहले क्वाटरफाइनल मुकाबले में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश को 12-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मुकाबले में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए हरियाणा राज्य को 11-7 गोल के अंतर से पराजित करके फाइनल में प्रवेश किया, जबकि दूसरा सेमीफाइन मुकाबले में महाराष्ट्र ने केरल को 12-5 के अंतर से पराजित किया।

फाइनल मुकाबला आज रविवार को हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र की टीम के बीच होगा। हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल मुकाबले में दिव्यांग के 3 गोल, उत्कर्ष और अंशुल ने 2-2 व प्रियांश, प्रीति, प्रियांशी व नीतिका ने 1-1 गोल करके जीत को पक्का किया। हिमाचल प्रदेश कोर्फबाल विकास एवं अनुशासन समिति के अध्यक्ष बीआर सुमन, भारतीय टीम के कोच विनोद ठाकुर, सदस्य पवन रांगड़ा, अजय शर्मा, मोहिंद्र ठाकुर, राष्ट्रीय रेफरी विदेश पालसरा, बालकृष्ण शर्मा, रवि ठाकुर, राहुल सुमन, बिलासपुर जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा, उषा ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश की दोनों टीमों के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की है और जूनियर वर्ग में विजेता बनने की उम्मीद जताई है।

**मंथन** उपभोक्ता संरक्षण संगठन की बैठक में आयुर्वेदिक अस्पताल में रात्रि सेवा के लिए डॉक्टरों की उपलब्धता सहित उठे कई मुद्दे

# सुबह की सैर के लिए बाल स्कूल के गेट के ताले खोले जाएं

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** द हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन की जिला इकाई की मासिक बैठक कार्यकारी अध्यक्ष विपिन शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक की कार्यवाही का संचालन महासचिव मनोहर लाल कानूनगो ने किया। बैठक में निम्न मामलों पर विस्तार से चर्चा उपरांत प्रशासन व संबंधित जिलाधिकारियों से शीघ्र कार्रवाई करने का अनुरोध किया।

शुक्र खड्ड से पाहलू मंदिर के नीचे डिस्पेंसरी के पास सड़क के दोनों ओर नालियां बंद हैं, जिससे बरसात का सारा पानी सड़क पर बह रहा है। वहां से पैदल या दोपहिया वाहनों को चलाने के लिए उपभोक्ताओं को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, इससे 20-25 मीटर आगे भी सारा पानी सड़क पर बह रहा है। उन्होंने मांग की कि बड़सर के एक्सईएन इस समस्या का समाधान निकालने का कष्ट करें। इसके अलावा जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में रात को आपातकालीन सेवाओं के लिए कोई भी डॉक्टर उपलब्ध नहीं होता है।


हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन की बैठक में मौजूद सदस्य विचार-विमर्श करते हुए।

इस बारे संगठन की मांग है कि आपातकालीन सेवाओं के लिए डॉक्टर प्रतिदिन नियुक्त करें। वरिष्ठ नागरिकों के टेस्ट जो पहले रेडक्रॉस से होते थे, वह पुन: उसी तर्ज पर किए किए जाएं। यह भी ध्यान में आया है कि आयुर्वेदिक अस्पताल में लैब टेक्नीशियन का पद लंबे समय से खाली है, जिसे तत्काल प्रभाव से भरा जाए, ताकि लोगों को टेस्ट करवाने के लिए प्राइवेट प्रयोगशाला में न जाना पड़े।

संगठन सदस्यों ने यह मांग पुन: उठाई कि यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से चलने के लिए एक मिरर पुराने आरटीओ ऑफिस के पास, एक जिला उपनिदेशक पशुपालन के कार्यालय के साथ बाईपास व एक नालटी रोड पर जिओ मार्केट के पास भी लगाने की व्यवस्था की जाए ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर के मैदान में सवेरे शहर के लोग सैर के लिए आते थे, वह मैदान बंद होने के कारण नहीं आ पा रहे हैं, क्योंकि प्रधानाचार्य ने सभी गेट बंद कर रखे हैं। अत: प्रशासन से आग्रह किया जाता है कि एक गेट का ताला खोलकर शहर के लोगों को सैर करने के लिए सुविधा प्रदान की जाए। बैठक में केसी गौतम, मनोहर लाल कानूनगो, युद्धवीर पठानिया, हेमराज शर्मा, प्रकाश सेन, ओपी नंदा, अनिरुद्ध डोगरा, आरसी चागरा, संतोष कुमारी, विजयलक्ष्मी, गोपाल शर्मा, रोशन लाल पटियाल, रमेश चंद व कार्यकारिणी के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## तकनीकी विवि के 5 छात्रों ने पास किया यूजीसी नेट


**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के पांच विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) जून-2025 पास की है। पांच विद्यार्थियों में दो एमबीए, दो एमएससी भौतिकी विभाग और एक एमबीए पर्यटन विभाग से हैं। एमबीए से ईशा ठाकुर (बैच 2023-25) और शिवांगी धीमान (बैच 2024-26) ने नेट पास किया। वहीं एमएससी भौतिकी विभाग से कर्ण शर्मा (बैच 2023-25) और संजीव ददोच (2023-25) नेट पास किया है। एमबीए पर्यटन के अरविंद कुमार (बैच 2022-24) ने भी नेट पास किया। कुलपति प्रो राजेंद्र वर्मा, कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर सहित प्राध्यापकों ने छात्रों को बधाई दी।

# तकनीकी कर्मचारियों का बढ़ा मानदेय

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती प्रदान करने के लिए एक बड़ा और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। सीएम सुक्खू के निर्देश पर, स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत तकनीकी कर्मचारियों के मानदेय में भारी वृद्धि की गई है। इस कदम से लंबे समय से खाली पड़े पदों को भरने में मदद मिलेगी, जिससे प्रदेश के अस्पतालों में मरीजों को बेहतर और सुचारु स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

- सीएम सुक्खू का ऐतिहासिक फैसला, हजारों मरीजों को मिलेगा सीधा लाभ
- खाली पद भरने का रास्ता साफ प्रशिक्षण सीटों में बंपर वृद्धि



जानकारी के अनुसार ऑपरेशन थियेटर सहायकों का मासिक मानदेय 7,180 रुपए बढ़ाकर 17,820 रुपए से सीधे 25,000 रुपए कर दिया गया है। इसी तरह, रेडियोग्राफर और एक्स-रे तकनीशियन का मानदेय लगभग दोगुना करते हुए 13,100 रुपए से बढ़ाकर 25,000 रुपए प्रति माह कर दिया गया है, जो कि 11,900 रुपए की सीधी बढ़ोतरी है। यह निर्णय स्वास्थ्य संस्थानों में बड़े स्तर पर तकनीकी कर्मचारियों की रिक्तियों को देखते हुए लिया गया है। वर्तमान में ऑपरेशन थियेटर सहायकों के 382 स्वीकृत पदों में से 226 पद खाली हैं, जबकि रेडियोग्राफर और एक्स-रे तकनीशियनों के 282 स्वीकृत पदों में से 129 पद रिक्त पड़े हैं।

बताया गया कि कम मानदेय के कारण तकनीकी विशेषज्ञ सरकारी सेवा में आने से हिचकते थे, जिससे अस्पतालों में स्टाफ की कमी बनी रहती थी। मुख्यमंत्री ने इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेते हुए विभाग को तुरंत बेहतर मानदेय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिसके बाद मंत्रिमंडल ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी।

### आईजीएमसी में तकनीकी स्टाफ की 10 से बढ़कर 50 की सीटें

**आईजीएमसी** शिमला में बी.एससी. मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नीक, बी.एससी. रेडियो एंड इमेजिंग, बीएससी एनेस्थीसिया व ओटी टेक्नीक कोर्स की सीटें 10 से बढ़ाकर 50 कर दी गई हैं। इसी तरह, डॉ. राजेंद्र प्रसाद चिकित्सा महाविद्यालय टांडा में बीएससी मेडिकल लैब टेक्नीक, बीएससी रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग, बीएससी एनेस्थीसिया व ओटी टेक्नीक कोर्स की सीटें 18 से बढ़ाकर 50 कर दी गई हैं।

### पैरामेडिकल स्टाफ के लिए प्रशिक्षण सीटों में वृद्धि

**मानदेय** वृद्धि के साथ-साथ, राज्य सरकार ने पैरामेडिकल स्टाफ के लिए प्रशिक्षण सीटों में भी उल्लेखनीय वृद्धि की है। इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, शिमला और कांगड़ा स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद चिकित्सा महाविद्यालय, टांडा में तकनीशियन कोर्स की सीटें बढ़ाई गई हैं।



इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस सीएम को 3 करोड़ का चेक भेंट करते हुए।

## त्साराप-चू बना देश का सबसे बड़ा संरक्षण रिजर्व : मुख्यमंत्री सुक्खू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नव अधिसूचित त्साराप-चू संरक्षण रिजर्व को देश का सबसे बड़ा संरक्षण अभयारण्य घोषित करते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया। यह रिजर्व 1,585 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला है और हिम तेंदुए, तिब्बती भेड़िए, कियांग जैसे दुर्लभ जीवों का आश्रय स्थल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संरक्षण क्षेत्र ईको-टूरिज्म, रिसर्च और स्थानीय आजीविका को बढ़ावा देगा। उन्होंने बताया कि रिजर्व का प्रबंधन स्थानीय पंचायतों की भागीदारी वाली समिति द्वारा किया जाएगा, जिससे संरक्षण कार्यों में समुदाय की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस ने संरक्षण प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री को तीन करोड़ रुपए की सहायता राशि का चेक भेंट किया। यह राशि प्रबंधन योजना, क्षमता निर्माण और संरक्षण गतिविधियों को प्रारंभिक गति प्रदान करेगी।

## कारगिल विजय देश की विरासत भारतीय सेना देश का गौरव : अनुराग

अनंत ज्ञान, शिमला

कारगिल विजय दिवस पर अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में हमीरपुर सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भारतीय सेना के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि कारगिल की विजय किसी दल या सरकार की नहीं, बल्कि पूरे देश की विरासत है, जो शौर्य, बलिदान और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने हिमाचल के शहीदों कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन सौरभ कालिया और अन्य 52 वीर जवानों के बलिदान को याद कर उन्हें नमन किया।

अनुराग ने युवाओं से आग्रह किया कि वे सेना की शौर्यगाथाओं से प्रेरणा लें और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को अपनाएं। उन्होंने यह भी स्मरण किया कि कारगिल युद्ध के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और ठाकुर गुलाब सिंह सीमावर्ती क्षेत्रों में जवानों के साथ उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्कूली छात्रों और युवाओं ने भी भाग लिया और वीरगाथाओं से प्रेरणा ली।



अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में स्टाफ व बच्चों के साथ अनुराग ठाकुर।

## आपदा में कांग्रेस सरकार खुद बनी 'आपदा' : सत्ती

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



शिमला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सतपाल सती।

भाजपा विधायकों के क्षेत्रों में बढ़ता भेदभाव और राजनीतिक प्रतिशोध भाजपा के वरिष्ठ नेता सतपाल सत्ती ने सुक्खू सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद भाजपा विधायकों के क्षेत्रों में भेदभाव और राजनीतिक प्रतिशोध बढ़ गया है। सत्ती ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार जनता को झूठे आश्वासन देकर भ्रमित कर रही है और योजनाओं को बंद कर रही है।

सत्ती ने सराज में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा शुरू किए गए बागवानी एवं वानिकी कॉलेज का उदाहरण दिया, जो 240 करोड़ रुपए की लागत से शुरू किया गया था। उनका दावा है कि मुख्यमंत्री और बागवानी मंत्री के आश्वासन के बावजूद, सरकार ने चुपचाप बजट की राशि वापस मंगवा ली और अब आपदा का बहाना बनाकर कॉलेज को कहीं और स्थानांतरित करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि आपदा में कांग्रेस सरकार खुद बनी आपदा बनकर रह गई है।

इसके अलावा, उन्होंने कैबिनेट मंत्री के दौरे के दौरान विरोध कर रही जनता पर पुलिस कार्रवाई की निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। सत्ती ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार प्रशासन और पुलिस का इस्तेमाल विरोधियों को डराने-धमकाने के लिए कर रही है और जनता को बांटने की राजनीति कर रही है।

## प्रदेश स्कूली क्रीड़ा संघ की 67वीं वार्षिक बैठक में तीन राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी प्रस्तावित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश स्कूली क्रीड़ा संघ की 67वीं वार्षिक आम बैठक राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, छोटा शिमला में संपन्न हुई। मुख्यातिथि शिक्षा निदेशक (स्कूल) आशीष कोहली ने कहा कि खेल बच्चों को नकारात्मक सोच से बचाने के लिए जरूरी हैं।

महासचिव संतोष चौहान ने बताया कि इस बार हिमाचल प्रदेश को स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलों की तीन प्रतियोगिताओं की मेजबानी प्रस्तावित है। इनमें दिसंबर में पांवटा साहिब में अंडर-14 राष्ट्रीय वॉलीबॉल, जनवरी में ऊना में अंडर-19 राष्ट्रीय हैंडबॉल, और जनवरी के अंत में नालागढ़ में अंडर-19 राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिताएं शामिल हैं। अधिकारियों ने ब्लॉक और जिला स्तरीय खेलों का कैलेंडर भी जारी किया है, जिसमें अगस्त और सितंबर में विभिन्न माइनर और मेजर खेल होंगे। पहली बार खिलाड़ियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू होगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी। साथ ही कराटे को भी स्कूली खेलों में शामिल करने की मंजूरी दी गई है। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें आशीष कोहली को अध्यक्ष चुना गया। बैठक में लगभग 20 करोड़ रुपए खर्च कर तीन राष्ट्रीय खेल आयोजन की संभावना पर भी चर्चा हुई।

## जयराम ठाकुर का सुख सरकार पर कड़ा प्रहार, बोले– 'व्यवस्था परिवर्तन' के नाम पर भ्रष्टाचार को मिला बढ़ावा

अनंत ज्ञान, शिमला



प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और आरोपियों को संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने ऊर्जा निगम के महाप्रबंधक विमल नेगी की संदिग्ध मौत के मामले को उजागर करते हुए कहा कि इस मामले के सभी आरोपियों को सरकार ने फिर से महत्वपूर्ण पदों पर तैनात किया है।

ठाकुर ने आरोप लगाया कि सरकार ने आरोपियों को बचाने के लिए जमानत तक कोई कार्रवाई नहीं की और सुप्रीम कोर्ट में भी जमानत के विरोध से दूरी बनाई। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूछा कि जिन्होंने न्याय का वादा किया था, वे अब आरोपियों को पुरस्कृत करके किस तरह नजरें मिलाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जिन्होंने जांच की मांग की या निर्देशों का पालन नहीं किया, उन्हें दंडित किया गया, जिससे वरिष्ठ अधिकारियों का भी हाल प्रदेश ने देखा। बिजली कर्मचारियों द्वारा उजागर की गई अनियमितताओं को दबाने की भी कोशिश की गई। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इन आरोपों की निष्पक्ष जांच हुई और यदि कोई वित्तीय अनियमितता सामने आई तो उस पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि भ्रष्टाचार के आरोपों को गंभीरता से लें और निष्पक्ष जांच कराएं, न कि आरोप लगाने वालों का मनोबल तोड़ें।



# शहीदों के आश्रितों की अनुग्रह अनुदान राशि में डेढ़ गुना बढ़ोतरी : शांडिल

## धर्मशाला में राज्य स्तरीय कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन



राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री शांडिल ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**स्वास्थ्य** एवं सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार पूर्व सैनिकों, शहीदों के आश्रितों की देखभाल में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

धर्मशाला के युद्ध स्मारक में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि स्वास्थ्य एवं सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि युद्ध ऑपरेशन के समय शहीद, अपंग हुए सैनिकों के आश्रितों को प्रदान की जा रही अनुग्रह अनुदान राशि की दरों में डेढ़ गुना बढ़ोतरी की गई। शहीद सैनिकों के परिवारों को मिलने वाली 20 लाख रुपए की राशि को बढ़ाकर 30 लाख, अन्य कारणों से सैनिकों की मृत्यु पर राशि को 5 लाख से 7.50 लाख तथा युद्ध में अपंग सैनिकों की राशि को 2.50 लाख से 3.75 लाख व 1.00 लाख से 1.50 लाख किया गया। कारगिल युद्ध में हिमाचल के 52 वीरों ने अपने प्राण देश के लिए न्योछावर किए हैं। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कारगिल की वीरनारियों तथा शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया। इससे पहले स्मारक में शहीदों को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

## जीएस बाली की जयंती पर मेगा मेडिकल कैंप का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में आशातीत सुधारों के लिए 606.70 करोड़ रुपए व्यय करेगी, जिनमें से 207.50 करोड़ रुपए विशेष रूप से प्रदेशभर में डायग्नोस्टिक सेवाओं को सुदृढ़ करने पर खर्च होंगे।

शनिवार को नगरोटा में बाल मेले में दो दिवसीय मेडिकल कैंप का शुभारंभ करते हुए स्वास्थ्य मंत्री शांडिल ने कहा कि सरकार के प्रस्ताव के तहत राज्य के सभी सात मेडिकल कॉलेजों में से प्रत्येक को दो अत्याधुनिक सीटी इमेजिंग मशीनें, पांच मोबाइल डिजिटल रेडियोग्राफी (डीआर) इकाइयां, दो सीलिंग-सस्पेंडेड डीआर एक्स-रे मशीनें, कलर डॉपलर के साथ दो उच्च-स्तरीय अल्ट्रासाउंड मशीनें, एक मैमोग्राफी यूनिट और एक पिक्चर आर्काइविंग एंड कम्युनिकेशन सिस्टम (पीएसीएस) प्रदान किया जाएगा। वहीं, मेगा मेडिकल कैंप में 3000 लोगों ने प्रथम दिन चेकअप करवाया, इसमें 50 करीब विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान दीं। मेडिकल कैंप का समापन 27 जुलाई को किया जाएगा।

## डीएवी कॉलेज कांगड़ा के विद्यार्थियों ने किया अपना वर्चस्व कायम



**आशीष दामीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय की ओर से हाल ही में घोषित हुए बीए अंतिम वर्ष की परीक्षा परिणाम में विश्वविद्यालय द्वारा जारी की गई मेरिट सूची में एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा के विद्यार्थियों ने अपना वर्चस्व कायम किया है । गौरतलब है कि इस परीक्षा परिणाम की मेरिट सूची में एमसीएम डीएवी महाविद्यालय की छात्रा कशिश चौधरी (सीजीपीए 9.16) ने प्रथम स्थान, आरजू (सीजीपीए 9.05) ने तीसरा स्थान और जेसमिन (सीजीपीए 8.92) ने आठवां स्थान प्राप्त किया है। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता और गुरुजनों को दिया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कहा कि हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन कर यह सिद्ध कर दिया है कि कठिन मेहनत, समर्पण और अनुशासन का कोई विकल्प नहीं होता। प्रत्येक वर्ष की ही भांति इस वर्ष के परीक्षा परिणाम भी अत्यंत गौरवपूर्ण रहे हैं और यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है।

## राज्यपाल शुक्ल ने धर्मपत्नी के साथ किए मां ज्वाला के दर्शन



**पंकज सोनी, अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** शक्तिपीठ ज्वालामुखी में शनिवार को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व उनकी धर्मपत्नी ने माता ज्वाला की दिव्य ज्योतियों के दर्शन किए। पुजारी न्यास सदस्य अविनेद्र शर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। राज्यपाल कुछ देर मंदिर में रुके और माता से सभी पर अनुकंपा बनाए रखने की कामना की। मंदिर न्यास सदस्य अविनेद्र व डीसी हेमराज बैरवा ने राज्यपाल को माता की तस्वीर व सिरोपा भेंट किया गया। वहीं, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने भी शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर में मां ज्वाला के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री ने कहा कि मां ज्वाला की कृपा से ही हम जनसेवा के कार्यों को निष्ठा और ऊर्जा के साथ कर पा रहे हैं। यह स्थान केवल आस्था का नहीं, आत्मबल का केंद्र भी है।

## गलेक्सी पब्लिक स्कूल में बच्चों का डीपीटी और टीडी टीकाकरण

**अनंत ज्ञान, देहरा।** गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ज्योति बाला और रुचिका तथा सहायिका आशा वर्कर अनिता देवी और रीना देवी की मदद से बच्चों का डिप्थीरिया और टेटनस आदि का टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक निदेशक डॉक्टर गुलशन कुमार, निदेशिक किरण लता वैद्य और प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा उपस्थित थे। डॉक्टर गुलशन कुमार ने बच्चों को इस टीकाकरण के बारे में समझाते हुए बताया कि डिप्थीरिया से बच्चों को सांस लेने की समस्या और टेटनस के बैक्टीरिया जो कि मिट्टी में पाए जाते हैं, तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करते हैं, जिसकी वजह से मांसपेशियों में ऐंठन होती है, इसलिए यह टीकाकरण समय– समय पर करवाया जाता है, ताकि बच्चों को भविष्य में ऐसी कोई समस्या न हो। प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा ने स्वास्थ्य अधिकारी और आशा वर्कर जी को बच्चों का सही से टीकाकरण करने और सहयोग देने के लिए धन्यवाद किया।

## जवाली स्कूल में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली में हिमवीर जागृति मंच के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए सेवानिवत्त शिक्षा उपनिदेशक मोहिंद्र कुमार धीमान ने पर्यावरण सुरक्षा को लेकर विद्यार्थियों और लोगों से जनभागीदारी की अपील की। स्कूली बच्चों ने कविता व लोकनृत्य से पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया गया।































## न्यूज ब्रीफ

### केंद्र की तर्ज पर पेंशनरों को जारी हों पहचान पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री सुक्खू से मांग की कि केंद्रीय पेंशनरों की तर्ज पर 'पेंशनर पहचान-पत्र' जारी किए जाएं। प्रेस बयान में संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कल्याण भंडारी ने कहा कि हजारों पेंशनभोगी राज्य कर्मचारियों को आज भी सेवानिवृत्ति के वर्षों बाद अपने पेंशनर होने का प्रमाण अलग-अलग विभागों में बार-बार देना पड़ता है। अस्पतालों, बैंक शाखाओं, सार्वजनिक परिवहन कार्यालयों तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में पेंशनर का दर्जा प्रमाणित करने के लिए हर बार अलग-अलग दस्तावेज ले जाने की मजबूरी पेंशनरों को मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान करती है।

### सोनल व पल्लवी ने पाया रीजनल सेंटर में प्रवेश



**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर की छात्राओं ने एक बार फिर से महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। सत्र 2024-25 में महाविद्यालय से उत्तीर्ण बीकॉम की दो छात्रा सोनल मिश्रा और पल्लवी ने प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला की ओर से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एमकॉम प्रवेश परीक्षा पास की और अपना स्थान सुनिश्चित किया। प्राचार्य प्रो. अरविंद कुमार और महाविद्यालय के सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### 31 से पहले करें बिजली बिल का भुगतान

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाले जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है, वे उपभोक्ता 31 जुलाई से पहले बकाया बिजली बिल का भुगतान कर दें। उपभोक्ता बिल का भुगतान ऑनलाइन माध्यम एचपीएसईबीएल ऐप, पेटीएम, एयरटेल ऐप, गूगल पे, फोन पे तथा ऐमाजॉन डॉट इन से भी भुगतान कर सकते हैं। बिजली बिल का भुगतान न करने पर बिना बिजली का कनेक्शन अस्थायी रूप से काट दिया जाएगा। यह जानकारी इंजीनियर सुभाष कुमार, सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल डरोह ने दी है।

### छन्नी में घर से 9.93 ग्राम चिट्टा बरामद, तस्कर काबू

**अनंत ज्ञान। इंदौरा।** पुलिस थाना डमटाल के अधीन छन्नी गांव स्थित एक घर में छापेमारी कर 9.93 ग्राम चिट्टे के साथ एक युवक को काबू गिरफ्तार किया है। एसपी अशोक रतन ने बताया कि सूचना के आधार पर छन्नी गांव में एक घर में छापेमारी की गई। प्रदीप कुमार उर्फ छांगा पुत्र रछपाल निवासी गांव व डाकघर छन्नी तहसील इंदौरा के रिहायशी मकान में दबिश देकर 9.93 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस थाना डमटाल में मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ जिला पुलिस का अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रदीप एक तस्कर है और पहले भी उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।

### पालमपुर में 70 से अधिक फलदार पौधे लगाए

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने पौधरोपण अभियान का आयोजन किया। कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान विश्वविद्यालय के प्रमुख अधिकारी, प्रसार शिक्षा निदेशक, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान छात्र फार्म में 70 से अधिक फलदार पौधे लगाए गए, जो सस्य विज्ञान विभाग द्वारा पहले से ही लगाए गए 400 फलदार और औषधीय पौधों के अतिरिक्त थे। लगभग 100 छात्रों ने भी इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया और इस कार्य में अपने प्रयासों और उत्साह का योगदान दिया।

### चाड़ा पहुंचने पर कठुआ के युवा कांवड़ियों का स्वागत

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** हरिद्वार से भरमौर तक 600 किलोमीटर लंबी कांवड़ यात्रा के दौरान 16वें दिन फतेहपुर के चाड़ा पहुंचने पर कठुआ के युवा कांवड़ियों लक्की सुंदरम व प्रजीत सिंह का फतेहपुर के चाटा स्थित शिव मंदिर पहुंचने पर जनता ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

### 120 लोगों ने रक्तदान कर कमाया पुण्य



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** ब्लड डोनेशन ग्रुप कांगड़ा सेवियर के स्थापना दिवस पर बनोई स्थित निजी होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर रक्तदान कैंप का भी आयोजन किया गया। एडीएम धर्मशाला शिल्पी बेक्टा मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विशेष अतिथि के रूप में एसडीएम शाहपुर करतार चंद शिरकत की। इस मौके पर मेडिकल टांडा की ब्लड बैंक की टीम ने रक्त एकत्रित किया। रक्तदान शिविर में 120 लोगों ने रक्तदान किया। इसके साथ ही रक्तदान करने वाले युवाओं को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया।

### आरएसडी व बैराज बांध की झील से लिफ्ट होगा पानी

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** रणजीत सागर बांध परियोजना व बैराज बांध की झील से पानी को लिफ्ट करके कंडी क्षेत्र के कई गांवों को सिंचाई के लिए पानी देने की योजना का सर्वेक्षण शुरू हो गया है। डैमज प्रशासन के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पंजाब सरकार ने पहले से ही बैराज बांध की झील से माधोपुर क्षेत्र के साथ लगते किसानों की पांच हजार एकड़ भूमि को सिंचाई के लिए पानी देने की योजना है। इसके साथ ही अब रणजीत सागर बांध परियोजना की झील में गांव चिब्बड़, गांव सारटी, हार, पतरालवां, गुनेरा व अन्य कई गांवों की लगभग सात सौ एकड़ भूमि को लगातार सिंचाई के लिए पानी देने की योजना बनाई है। बैराज बांध की झील में से इसी प्रकार की योजना बना कर गांव कोट उपरला, अवां, डूंग, अडेली, थडा चिकला, मट्टी व अन्य साथ लगते गांवों को भी सिंचाई के लिए पानी देने की योजना है, जिससे लगभग 12 सौ एकड़ भूमि को सिंचाई के लिए पानी दिया जाएगा।

## मेरिट आधार पर डीएलएड सीट आवंटन के लिए काउंसिलिंग चार अगस्त से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल प्रदेश** स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड सीईटी 2025) सत्र 2025-27 के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया 4 अगस्त से 14 अगस्त तक सुबह 10 बजे से बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि डीएलएड सीईटी की मेरिट के आधार पर सीट आवंटन के लिए काउंसिलिंग का आयोजन किया जा रहा है। मेरिट के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की तिथिवार सूची बोर्ड की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। वेबसाइट से मेरट सूची, दिशा-निर्देश और बायोडाटा फॉर्म डाउनलोड कर निर्धारित तिथि को सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं सत्यापित प्रतियों के साथ उपस्थित होना होगा। ईडब्ल्यूएस, ओबीसी, पूर्व सैनिकों के आश्रित आदि श्रेणियों के उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र/शपथ पत्र लाना अनिवार्य है।

## मां ज्वाला के दर उमड़ा जनसैलाब, 15 हजार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**पंकज सोनी, अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** श्रावण द्वितीय मेले पर शनिवार को मां ज्वाला के दरबार में आस्था का जनसैलाब उमड़ा। लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य अर्जित किया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें मंदिर मार्ग पर देखी गईं। मंदिर अधिकारी मनोहर लाल शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। सुरक्षा, पेयजल, लंगर व सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था पूरी तरह से सुचारु रूप से संचालित हो रही है। रविवार को भीड़ और अधिक बढ़ने की संभावना है। पहले मेले पर श्रद्धालुओं की ओर से कुल 3 लाख 35 हजार 319 का चढ़ावा गया है।



## हैप्पी बर्थडे



परागपुर की शांभवी वालिया को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## नई जोड़ी



ऊना के सम्यक जैन और अंबाला की इशिता जैन को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# शिक्षा मंत्री ने नगरोटा में किया गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास

## बोले- स्टूडेंट्स को समावेशी शिक्षा देने के लिए 850 संस्थान बने उत्कृष्ट केंद्र

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्रदेश में विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए 850 संस्थानों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित किया है।

नगरोटा कॉलेज में शनिवार को 5 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करने के उपरांत रोहित ठाकुर ने कहा कि सरकार ने सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से ही अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई का अपना चुनावी वादा भी पूरा किया है। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीक से लैस राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। इसमें नगरोटा विस क्षेत्र के कबाड़ी में भी डे-बोर्डिंग स्कूल का निर्माण किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों में सभी अत्याधुनिक सुविधाओं और व्यवस्थाओं से बच्चों के समग्र विकास पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने परमार विद्यार्थी ऋण योजना शुरू की है। इस योजना के तहत छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए महज एक प्रतिशत की मामूली ब्याज दर पर 20 लाख रुपए तक का ऋण प्रदान किया जा रहा है। विदेश में शिक्षा प्राप्त करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों को भी इस योजना में कवर किया गया है।



नगरोटा कॉलेज में गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

### 3 अगस्त को 'बिग टैलेंट हंट सीजन-4'

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** हिम जागृति मंच की ओर से आयोजित 'बिग टैलेंट हंट ऑफ हिमाचल सीजन-4' का रंगारंग आयोजन 3 अगस्त को राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, बलाहर (गरली ) में होने जा रहा है। कार्यक्रम में हिमाचल के सभी जिलों से बच्चे और बड़े डांस, सिंगिंग, मॉडलिंग, कॉमेडी, मिमिक्री, शायरी, पेंटिंग और अन्य कलाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** कंडवाल स्थित ज्योति पैलेस में भाजपा मंडल नूरपुर की ओर से कारगिल विजय दिवस समारोह मनाया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में सांसद राजीव भारद्वाज ने शिरकत की। कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया। भारद्वाज ने शहीद वीर जवानों को नमन करते हुए कहा कि शहीदों का यह बलिदान कभी नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने कहा कि वह सैनिकों के कल्याण के लिए प्रयास करते रहेंगे।

## शहीदों के पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में दें योगदान

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**कारगिल** विजय दिवस पर रोटरी क्लब शाहपुर एवं रोटरेक्ट क्लब द्रोणाचार्य के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और दो मिनट के मौन के साथ की गई, जिसमें शहीद सूबेदार पवन कुमार की पत्नी सुषमा देवी व पिता गरज सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। मेजर शितिजा ने युवाओं को प्रेरणादायक संबोधन में देश सेवा, अनुशासन और समर्पण के महत्व को उजागर किया। अध्यक्ष गौतम ने शहीदों की स्मृति को जीवंत रखने को हर नागरिक का नैतिक दायित्व बताया। वहीं, रोटरेक्ट क्लब के आगामी अध्यक्ष आदित्य राणा ने युवाओं से शहीदों के पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा शहीद परिवारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब शाहपुर के अध्यक्ष सत्येंद्र गौतम के दामाद इंजीनियर आशीष चंबियाल और बेटी मेजर शितिजा चंबियाल भी मौजूद रहे।



शाहपुर में कारगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया।

### हटवास में मनाया कारगिल विजय दिवस

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पूर्व सैनिक संगठन हटवास के सैनिक भवन में कारगिल दिवस मनाया गया। अध्यक्ष कैप्टन करम सिंह धीमान ने मुख्य अतिथियों पूर्व विधायक अरुण कुमार (कूका), कर्नल रमेश वालिया का कार्यक्रम में आने का आभार जताया। इस दौरान सदस्यों ने कारगिल दिवस पर अपने विचार रखे। पूर्व विधायक ने पूर्व सैनिक संगठन हटवास संस्था को 300000 रुपए विधायक निधि से देने की घोषणा की। इसके लिए अध्यक्ष कैप्टन करम सिंह धीमान ने विधायक का धन्यवाद जताया।

### लोअर खैरा में शहीदों को किया नमन

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** लोअर खैरा में भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर संस्था की ओर से कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस मौके पर पूर्व सैनिकों ने कारगिल युद्ध के योद्धाओं परमवीर चक्र कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टर सौरव कालिया, अशोक चक्र मेजर सुधीर वालिया व अन्य शहदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वेलफेयर सोसायटी के ऑफिसर इंचार्ज कर्नल कुलदीप सिंह भंगालिया तथा उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों ने शहीदों के बलिदान, शौर्य, वीरता तथा पराक्रम को याद किया।

### धमेटा में वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** संगठनात्मक जिला नूरपुर की विधानसभा फतेहपुर के धमेटा में तीनों भाजपा मंडलों की अध्यक्षता में भाजपा ने कारगिल विजय दिवस मनाया। इस अवसर पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में फतेहपुर के लौहारा के कारगिल शहीद अशोक कुमार की माता शांति देवी ने मुख्य तिथि रूप में शिरकत की। वहीं, पूर्व वन मंत्री नेता राकेश पठानिया ने विशेष अतिथि रूप में हिस्सा लिया। पठानिया ने कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय सेना का जोश और वीरता अद्वितीय है और पूरा देश भारतीय सेना के कारगिल नायकों के लिए खड़ा है।

### कारगिल युद्ध के शहीदों को किया याद

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** कारगिल विजय दिवस पर उपमंडल पालमपुर प्रशासन और भारतीय पूर्व सैनिक लीग पालमपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में कारगिल युद्ध के बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर महापौर नगर निगम गोपाल नाग, उपमहापौर राजकुमार, पार्षदगण, एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती, शहीद कैप्टन सौरभ कालिया के पिता एनके कालिया व भाई वैभव कालिया ने परमवीर चक्र कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन सौरभ कालिया, अशोक चक्र मेजर सुधीर वालिया की प्रतिमाओं पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## अतीत से प्रेरणा लेकर होगा मजबूत व स्वर्णिम भविष्य का निर्माण : कै. संजय



ढलियारा में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया गया।

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को ढलियारा के निजी कॉलेज में विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसने शहीद जवानों के बलिदान को याद किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता कैप्टन संजय ने अपने संबोधन में राष्ट्रभक्ति, वीरता और बलिदान की अद्भुत मिसाल पेश करने वाले सैनिकों को स्मरण करते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस देश की आत्मा से जुड़ा ऐसा दिन है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक सहेज कर रखना होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के 52 वीर जवानों को पुष्पांजलि अर्पित की गई, जिन्होंने 1999 के कारगिल युद्ध में राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। पराशर और स्थानीय सैन्य परिवारों की उपस्थिति ने इस श्रद्धांजलि को और भी भावपूर्ण बना दिया। कैप्टन संजय ने कहा कि वह हर वर्ष कारगिल विजय दिवस पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर सैनिकों का सम्मान करते हैं और यह परंपरा उनके जीवन भर जारी रहेगी। इस अवसर पर जसवां-परागपुर, देहरा, ज्वालामुखी, कांगड़ा व बिलासपुर से संबंधित बड़ी संख्या में परिवार शामिल हुए।

**पूर्व सैनिक और वीर नारियों की सम्मानित :** कैप्टन संजय ने समारोह में आए कुल 832 सैनिकों, पूर्व सैनिकों और वीर नारियों का फूलमालाओं से स्वागत कर उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किए और सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में कुल उपस्थिति 1200 से अधिक रही, जो इस बात का प्रमाण है कि देशभक्ति की भावना आज भी जनमानस में गहराई से जीवित है।

## डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र में प्रशिक्षण लेकर जुड़ सकते इंडस्ट्री से : अर्श

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय राजपुर, पालमपुर में विद्यार्थियों को कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से इनोजेएस प्राइवेट लिमिटेड एवं बीएक्सएम ग्लोबल कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने बताया कि पूर्व छात्र किसी भी संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। पूर्व छात्र एवं बीएक्सएम ग्लोबल कंपनी के संस्थापक अंश कौशल तथा इनोजेएस प्राइवेट लिमिटेड के ब्रांच मैनेजर चिराग कश्यप ने महाविद्यालय के साथ सहयोग में इस संयुक्त ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत डिजिटल मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, उद्योग-प्रमाणित प्रशिक्षण, सुलभ एवं किफायती शुल्क संरचना प्रशिक्षणों की जानकारी विद्यार्थियों को दी। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ की अधिकारी डॉ. शिल्पी के अनुसार, पूर्व छात्र हमेशा वर्तमान विद्यार्थियों की प्रेरणा होते हैं और प्रकोष्ठ हमेशा उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप विद्यार्थियों को दक्ष बनाने की दिशा में सार्थक कार्य करता है। अंश कौशल ने बताया कि किस प्रकार डिजिटल मार्केटिंग एवं वेब डेवलपमेंट जैसे उभरते क्षेत्रों में प्रशिक्षण लेकर छात्र सीधे इंडस्ट्री से जुड़ सकते हैं। छात्रों को स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दी तथा यह आश्वासन भी दिया कि इन प्रशिक्षणों के माध्यम से सौ फीसदी नौकरी के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के समन्वयक अरविंद कुमार, बीकॉम विभाग के समन्वयक यशविंदर सिंह और बीबीए विभाग के समन्वयक अनुराग शर्मा भी उपस्थित रहे।

**खंपा कंस्ट्रक्शन**
की तरफ से अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले
की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



## विधायक कमलेश ने रजोल पंचायत में निपटाईं जनता की समस्याएं



रजोल पंचायत घर में लोगों की शिकायतें सुनतीं विधायक कमलेश ठाकुर।

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**देहरा।** देहरा विधानसभा क्षेत्र के तहत रजोल पंचायत घर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में विधायक कमलेश ठाकुर ने स्थानीय ग्रामीणों से भेंटकर उनकी समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

देहरा विधानसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर अग्रणी बनाने को अपना मुख्य उद्देश्य बताते हुए विधायक कमलेश ठाकुर ने शिक्षा ,सड़क, स्वास्थ्य, विद्युत आपूर्ति, बेहतर पेयजल व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए विशेष अभिमान दिए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पंचायत में अब प्रत्येक सप्ताह दो दिन पटवारी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी जिससे लोगों की भूमि से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। उन्होंने बताया कि ढलियारा में 5 करोड़ रुपए की लागत से एक डे-बोर्डिंग स्कूल को स्थापना की जा रही है, जिसके लिए 2 करोड़ रुपए की राशि कार्य आरंभ के लिए स्वीकृत की जा चुकी है। विधायक ने कहा कि मूहल पंचायत में हिम ऊर्जा का प्रोजेक्ट स्थापित किया जा रहा है, जिसकी सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं। इस परियोजना से स्थानीय क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

## खंडहर बना था चढ़ियार अस्पताल कांग्रेस ने सुधारी हालत : किशोरी

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** विधायक किशोरी लाल ने प्रेसवार्ता में भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकाल में चढ़ियार अस्पताल खंडहर बना हुआ था और मरीज तो क्या पशु के लिए भी उपयुक्त नहीं था। अस्पताल की वायरिंग को बदल कर भवन की मरम्मत करवाई गई है और जल्द ही स्टाफ की कमी को दूर किया जाएगा। चढ़ियार की सड़कों के लिए एक करोड़ पांच लाख और विद्युतीकरण के लिए तीन करोड़ जारी हुआ है। पूर्व विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने प्रशासन पर दबाव बनाकर लाखों रुपए की जमीन का पट्टा अपने परिजनों के नाम अलॉट कर दिया था। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक के परिजनों ने जो सड़कें बनाई हैं, उनकी मिट्टी तक निकल चुकी है और विभाग जांच कर रहा है। पूर्व सरकार के समय बसों को रूट सहित जोगिंदरनगर भेजा गया। जोगिंदरनगर के विधायक ने भट्टू खड्डु से उठाया, तब पूर्व विधायक कहां थे। उन्होंने कहा कि नगर परिषद में हुए भ्रष्टाचार की पार्षदों की जांच की मांग का मामला मुख्यमंत्री से उठाया गया है। राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार की शिकायतों पर कार्रवाई की जाएगी। जल शक्ति विभाग की 40 और 45 करोड़ की दो योजनाओं से लोगों की पेयजल की समस्या दूर होगी। इस मौके पर वीरेंद्र जम्वाल, रमेश चड्ढा, कुलदीप सोनी, सुरिंदर राणा, रवींद्र राव, जगदीश राणा, गंगा शर्मा, अतुल चौधरी, कृष्ण कुमार आदि उपस्थित रहे।

## स्कूलों में भोजन की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय नर्सरी माध्यमिक पाठशाला धर्मशाला में जिले के सभी खंड शिक्षक अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सहायक निदेशक संजय ठाकुर ने की। बैठक में शिक्षा विभाग के निर्देशों से व नई योजनाओं से खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों को अवगत कराया गया। उपजिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी भट्ट ने जिला की सभी पाठशालाओं में प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना में भोजन की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश दिए। मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना के तहत सभी विद्यार्थियों को सप्ताह में एक बार अंडा देने का निर्देश दिया गया, जो छात्र-छात्राएं अंडा ना खाएं केवल मात्र उनके लिए ही फल की व्यवस्था की जाए। अगर किसी पाठशाला में विद्यार्थियों को अंडा न खिलाने की कोई शिकायत मिलती है, तो ऐसी परिस्थितियों में ऐसे विद्यालय प्रमुखों तथा प्रभारियों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल चनौर में मनाया तीज का पर्व



छात्राओं ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधान पहनकर प्रस्तुतियां दीं।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा चनौर में प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा महाजन की अध्यक्षता में तीज का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधान पहनकर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

लोकगीतों पर नृत्य, तीज से जुड़ी कहानियां, कविता पाठ और फैशन शो जैसे कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्राओं ने झूला झूलकर और मेहंदी लगाकर तीज की परंपरा को जीवंत किया। एमडी डॉ. रिचा महाजन ने सभी छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों को तीज की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि तीज हमारे सांस्कृतिक मूल्यों और नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक है।

ऐसे पर्व हमें अपनी परंपराओं से जोड़े रखते हैं। प्रिंसिपल रेणु परमार ने बच्चों को भारतीय संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश दिया और तीज जैसे त्योहारों के महत्व पर प्रकाश डाला।

**अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले**
की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



मैं डॉ. नीलम कुमारी अध्यक्ष जिला परिषद चम्बा जिला चम्बा तथा सचिव जिला परिषद एवं जिला पंचायत अधिकारी चम्बा जिला चम्बा अपने क्षेत्र जिला चम्बा के समस्त निवासियों को वर्ष 2025-26 के मिंजर मेले की हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं । वर्ष 2021 से लेकर आज वर्ष 2025 तक जिला के समग्र विकास में जिला परिषद चम्बा के द्वारा करवाई जा रही विभिन्न योजनाओं को धरातल में लाने का भरसक प्रयास जिला परिषद चम्बा द्वारा किया गया है चाहे वह 15वां वित्तायोग के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकासात्मक कार्य, जिनमें पेयजल योजनाएं, स्वच्छता से सम्बन्धित योजनाएं, सड़क सुधार कार्य योजनाएं, सार्वजनिक शौचालय से सम्बन्धित योजनाओं के माध्यम से जनहित में लोगों को लाभान्वित किया गया है। जिला परिषद चम्बा द्वारा जिला परिषद की विभिन्न बैठकों में लोगों के जनकल्याण से जुड़े मुद्दों बिजली, पानी, शिक्षा व स्वास्थ्य, सड़कें आदि पर विभागों के माध्यम से बैठकों में समस्याओं को सुलझाया गया है तथा पूरा जिला परिषद चम्बा का सदन इस वर्ष जिला चम्बा के समस्त लोगों को मिंजर मेले को हर्षो उल्लास से साथ मनाये जाने हेतु सादर आमंत्रित करता है तथा जनमानस को मेले की बधाई देता है।



सचिव
जिला परिषद चंबा
जिला चंबा (हि.प्र.)

चेयरमैन
जिला परिषद चंबा
जिला चंबा (हि.प्र.)

## न्यूज ब्रीफ

### पुल की रेलिंग तोड़ पब्बर नदी में गिरी कार, एक की मौत

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** शिमला जिला के रोहड़ू उपमंडल में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। बढ़ियारा पुल के पास एक कार एचपी 52ई 4006 अनियंत्रित होकर बडियारा पुल की रेलिंग तोड़ते हुए पब्बर नदी में जा गिरी। हादसे में कार सवार दो व्यक्तियों में से एक की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार कार रोहड़ू से बढ़ियारा की ओर जा रही थी, तभी अचानक ड्राइवर ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और वाहन सीधे नदी में जा गिरा। कार में हितेंद्र पुत्र मिचर सैन गांव डिस्वानी और संजीव कुमार पुत्र स्व. प्यारे लाल गांव घरशाल देवीधार सवार थे। हादसे के बाद स्थानीय लोंगों की मदद से हितेंद्र को पब्बर नदी से बाहर निकाला गया और उसके बाद सिविल अस्पताल रोहड़ू ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे आईजीएमसी शिमला रैफर किया गया। उल्लेखनीय है कि दोनों ही देवीधार स्कूल में शिक्षक थे, जिसमें हितेंद्र कला स्नातक व संजीव कुमार विज्ञान स्नातक के पद पर सेवारत था। दूसरे व्यक्ति संजीव कुमार का शव पब्बर नदी में बह कर रोहड़ू के नजदीक पहुंच गया।

### सीमा कॉलेज में करवाई 7 दिवसीय कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा के बीसीए विभाग द्वारा स्कूली छात्रों के लिए सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले सत्र में कई गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत, नोडल अधिकारी डॉ. मोहिंद्र, महाविद्यालय के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. अनिल चौहान, डीन स्टडीज डॉ. रवि किरण, बीसीए विभागाध्यक्ष प्रो. संजय बासिंगटा मौजूद रहे।

### चित्रकला में रोहित और फोक डांस में दीपांशु स्थान

**अनंत ज्ञान, शिमला।** मशोबरा ब्लॉक की अंतिम छोर की पंचायत बलोग के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डुब्लू में बैग फ्री डे बैग फ्री-डे के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी प्रधानाचार्य रेशमा सेन ने की। उन्होंने कहा कि महीने के अंतिम शनिवार को प्रदेश के स्कूलों में बेग फ्री डे मनाया जाता है जिसमें बच्चों से विभिन्न गतिविधियां करवाई जाती है। प्रवक्ता वीरेंद्र चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में सीनियर और जूनियर वर्ग के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई, जिसमें चित्रकला ,फोक डांस, एकल गीत, भारतीय भाषा समर कैंप और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। चित्रकला में रोहित प्रथम, सक्षम राणा द्वितीय व स्नेहा ने तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि फोक डांस में दीपांशु ने प्रथम, अवनी ने दूसरा व मुस्कान ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### मापतौल निरीक्षक ने मीट मार्केट का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** उपमंडलाधिकारी (ना.) रोहड़ू के निर्देशानुसार शनिवार को मापतौल निरीक्षक रोहड़ू द्वारा स्थानीय मीट मार्केट की दुकानों का औचक निरीक्षण



किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुरक्षित, उचित मात्रा में व गुणवत्ता युक्त सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं मापतौल अधिनियम 2009 और पैकेज वस्तु नियम 2011 के अंतर्गत निर्धारित मानकों की अनुपालना की जांच करना था। निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानों में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक तराजू एवं बाट निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। इसके अतिरिक्त कुछ दुकानों में अवैध रूप से एक्सपायरी सामग्री विक्रय के लिए उपलब्ध पाई गई, जो उपभोक्ता स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इन सभी अनियमितताओं पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए दोषी दुकानदारों के विरुद्ध 55 हजार रुपए के चालान जारी किए गए। साथ ही व्यापारियों को यह निर्देश भी दिए गए कि वे केवल सत्यापित एवं प्रमाणित माप उपकरणों का ही प्रयोग करें।

# कारगिल विजय दिवस पर गूंजी वीरों की शौर्य गाथा

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** शिमला के बचत भवन में कारगिल विजय दिवस की 26वीं जयंती पर एक भावपूर्ण और प्रेरणादायी जिला-स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, उपायुक्त सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी शहादत को नमन किया। यह दिन उन वीर सपूतों के बलिदान को याद करने और उनके अदम्य साहस को सलाम करने का था, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

उपायुक्त ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर एक नई पहल की घोषणा की। उन्होंने बताया कि 'स्कूल एडॉप्शन प्रोग्राम' के तहत जिला के जिन स्कूलों को अधिकारियों ने गोद लिया है, उनमें कारगिल युद्ध के जांबाज पूर्व सैनिक स्वयं जाकर अपने युद्ध के अनुभव साझा करेंगे। इसका उद्देश्य छोटी उम्र से ही स्कूली छात्रों में देशभक्ति की भावना को प्रज्वलित करना है। उपायुक्त ने कहा कि पूर्व सैनिकों को भी नशा निवारण अभियान की बैठकों में भी शामिल




उपायुक्त सहित अन्य अधिकारी अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

**युद्धवीरों ने साझा किए अनमोल अनुभव**

किया जाएगा, ताकि युवाओं को नशे के चंगुल से दूर रखकर उनकी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण की सकारात्मक दिशा में मोड़ा जा सके।

उन्होंने हिमाचल प्रदेश को 'वीरभूमि' बताते हुए गर्व से कहा, 'कारगिल युद्ध में शहीद हुए लगभग 20 प्रतिशत जवान हिमाचल प्रदेश से संबंधित थे। विषम परिस्थितियों में भी हमारे प्रदेश के जवान कभी पीछे नहीं हटे, यही कारण है कि हिमाचल को वीरभूमि कहा जाता है।'अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रोटोकॉल ज्योति राणा ने सैनिक परिवारों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि जब कोई सैनिक वीरगति को प्राप्त करता है, तो उसके परिवार का दुख महसूस करना आसान नहीं होता।

कार्यक्रम में स्काई हाई ड्रीम संस्था की अध्यक्ष शालिनी शर्मा ने अपने विचार साझा किए। उप निदेशक सैनिक कल्याण अतुल चम्बियाल ने स्वागत संबोधन और सहायक आयुक्त देवी चंद ठाकुर ने धन्यवाद सम्बोधन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपमंडल दण्डाधिकारी शिमला ग्रामीण मंजीत शर्मा, तहसीलदार शिमला शहरी अपूर्व सहित पूर्व सैनिक और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रामपुर में वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर रामपुर में खंड स्तर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों की वीरता, बलिदान और राष्ट्रभक्ति को नमन करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत नायब तहसीलदार सुरेश नेगी द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाकर की गई। उन्होंने सभी से शहीदों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए उन्हें सदैव स्मरण रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उपस्थित सभी लोगों ने भाव विभोर होकर नमन किया। इसके उपरांत दो मिनट का मौन रखकर सभी ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

उप-मंडल पुलिस अधिकारी नरेश शर्मा ने कहा, 'कारगिल युद्ध हमारे सैनिकों की अद्वितीय वीरता और मातृभूमि के प्रति बलिदान का प्रतीक है। हमें उनके त्याग को सदा स्मरण रखते हुए कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए।

### भाजपा ने पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित



पूर्व सैनिकों को सम्मानित करते भाजपा के वरिष्ठ नेता एवम विधायक बलवीर वर्मा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी महासू ने आज कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद सैनिकों के परिजनों और 70 पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। यह समारोह शिमला, हिमाचल प्रदेश में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महासू के जिलाध्यक्ष अरुण फाल्टा ने की, जिसमें चौपाल से विधायक और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बलबीर वर्मा, ठियोग विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अजय श्याम, रोहडू से भाजपा प्रत्याशी शशि बाला, और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राकेश डोगरा जैसे प्रमुख नेता उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बलबीर वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कारगिल विजय दिवस भारत की अस्मिता, अद्वितीय साहस और बलिदान का प्रतीक है, और भाजपा ऐसे वीरों व उनके परिवारों का सम्मान अपना परम कर्तव्य मानती है।

### विजय दिवस पर याद किए शहीद श्याम सिंह

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** उपमंडल मुख्यालय चौपाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता एसडीएम चौपाल हेमचंद वर्मा ने की। उन्होंने कहा कि 26 साल पहले भारतीय सेना के जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मन की सेना को घुटने टेकने पर मजबूर किया और कारगिल में पुनः तिरंगा लहराकर देश को गौरबान्वित किया। इस दौरान नेरवा के कलारा गांव का जाबांज श्याम सिंह भिख्टा भी दुश्मन से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुआ था। इसी उपलक्ष में हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। एसडीएम हेमचंद वर्मा ने कहा की देश की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों के प्रति राष्ट्र हमेशा कृतज्ञ रहेगा।

## सांसद सिकंदर ने उठाया विदेशों में रोजगार का मुद्दा

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राज्यसभा सांसद व भाजपा के प्रदेश महामंत्री, डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद में हिमाचल प्रदेश के युवाओं को विदेश में रोजगार दिलाने के संबंध में महत्वपूर्ण सवाल उठाए।

उन्होंने विदेश मंत्री से पूछा कि क्या मंत्रालय ने हिमाचल प्रदेश सरकार को विदेश में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कोई लाइसेंस दिया है? साथ ही, उन्होंने नियोजनकर्ता एजेंसियों के कामकाज को विनियमित करने और नौकरी चाहने वालों की निजी लाइसेंस धारकों पर निर्भरता कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में भी जानकारी मांगी। विदेश राज्य मंत्री कीर्तवर्धन सिंह ने सदन को बताया कि हिमाचल प्रदेश के युवाओं को विदेशों में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड, शिमला को लाइसेंस प्रदान किया गया है।

उन्होंने यह भी बताया कि हिमाचल प्रदेश सहित देश के सभी पंजीकृत भर्ती एजेंटों (आरए) की सूची ई-माइग्रेट पोर्टल पर उपलब्ध है।

मंत्री ने स्पष्ट किया कि मंत्रालय हिमाचल प्रदेश सहित देश में पंजीकृत आरए को विनियमित करने के लिए समय पर उचित उपाय करता है और दिशा-निर्देश जारी करता है।

## साईं सेवा समिति ने वितरित किए निशुल्क चश्मे

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** श्री सत्य साईं सेवा समिति चौपाल यूनिट द्वारा शनिवार को एसडीएम सभागार में नजर के चश्मे मुफ्त वितरित किए। हाल ही में चौपाल में सत्य साईं रथ यात्रा के दौरान नेत्र विशेषज्ञ अर्जुन सिंह नेगी द्वारा करीब 250 लोगों की आंखों की निशुल्क जांच की गई थी और जिनकी आंखे कमजोर पाई गई थी उनके लिए चश्में भी मुफ्त वितरीत किए गए। सत्य साईं सेवा समिति चौपाल उनिट के अध्यक्ष एडवोकेट देवेंद्र शर्मा ने मुफ्त चश्मे प्रदान करने के लिए सेवा समिति शिमला का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सत्य साईं के 130 देशों में करीब दस करोड़ अनुयायी है।

साईं समिति का बैंगलोर में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल है जहां पूरी दुनिया से लोग आते है और उनका मुफ्त इलाज किया जाता है। इस अवसर पर तहसील कल्याण अधिकारी आशा तोमर, मानव कल्याण समिति के निदेशक केशव राम लोदटा, ज्ञान सिंह औक्टा, बलबीर ठाकुर, प्रेम चंद थापन, लायकराम शर्मा, रमेश चौहान, रमेश नेहटा, भागमल नेगी, राजीव शर्मा भी उपस्थित रहे।

## गैर-कानूनी कीटनाशक की बिक्री पर छापेमारी

**दशमी रावत, रोहड़ू**

**कीटनाशक दवाइयों के गुणवत्ता परीक्षण के लिए नमूने**

उपनिदेशक उधान विभाग जिला शिमला डॉ. सुदर्शना नेगी द्वारा कोटखाई एवं जुब्बल क्षेत्र में सेब की कीटनाशक दवाइयों की दुकानों पर औचक निरीक्षण एवं छापेमारी की गई।

इस दौरान संदेहास्पद कीटनाशक दवाइयों के गुणवत्ता परीक्षण के लिए नमूने लिए गए, जिन्हें पेस्टिसाइड्स टेस्टिंग लैब भेजा जाएगा। डॉ. नेगी ने स्पष्ट किया कि यदि कोई सैंपल परीक्षण में असफल पाया गया, तो संबंधित कंपनी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दवा विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि वे केवल बागवानी विभाग के स्प्रे शेड्यूल में अनुमोदित व केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड द्वारा पंजीकृत कीटनाशकों की ही विक्री करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि लेबल क्लेम में जिस फसल का उल्लेख है, उन्हीं फसलों के लिए उपयोग की अनुमति हो। निर्देशों की अवहेलना करने की स्थिति में विक्रेता का लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान पटसारी स्थित तांटा ब्रदर्स नर्सरी का भी निरीक्षण किया गया। उपनिदेशक डॉ. नेगी ने जिला शिमला के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पंजीकृत कीटनाशक विक्रेताओं एवं नर्सरी उत्पादकों का नियमित निरीक्षण करें, ताकि बागवानों को गुणवत्तायुक्त दवाइयां और फल पौध उपलब्ध हो सकें। डॉ. नेगी ने कहा कि गुणवत्ता की गारंटी ही बागवानी को किसानों के लिए स्थायी आमदनी का माध्यम बना सकती है।

इस छापेमारी अभियान के दौरान जिला पौध संरक्षण अधिकारी डॉ. कृशाल सिंह मेहता, विषय विशेषज्ञ (उधान) कोटखाई डॉ. सुनील दत्त शर्मा, उधान विकास अधिकारी जुब्बल-कोटखाई डॉ. नवीन चलेन व उधान प्रसार अधिकारी डॉ. यशपाल पनाटू भी मौजूद रहे।

## स्वारघाट उपमंडल के नंबरदारों ने राहत कोष में दिए 30 हजार रुपए




आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए 30,000 रुपए की राशि राहत कोष में भेंट करते नंबरदार।

**राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान**

**स्वारघाट।** उपमंडल स्वारघाट के नंबरदारों के प्रधान स्वर्ण सिंह, महासचिव दिनेश कुमार, जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष एवं लंबरदार होशियार सिंह ठाकुर, लंबरदार अशोक कुमार, सुरेंद्र कुमार, बलदेव सिंह और राज पाल ने मंडी जिले के थुनाग तथा जंजैहली क्षेत्रों में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा के पीड़ितों की सहायता के लिए 30,000 रुपए की राशि आपदा राहत कोष में भेंट की। यह सहायता राशि उपमंडल स्वारघाट के सभी नंबरदारों द्वारा आपसी सहयोग से एकत्रित की गई थी। इस अवसर पर प्रतिनिधियों ने तहसील स्वारघाट में आमजन के बैठने के लिए उचित स्थान की व्यवस्था किए जाने की भी मांग उठाई।

उन्होंने प्रशासन से इस विषय पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। लंबरदारों ने जनता से आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।

## घुमराणा में लो वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** आजादी के 77 साल बाद भी गांव घुमराणा (नेरस) के लोग बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। गांव में लंबे समय से बिजली की लो वोल्टेज समस्या बनी हुई है, जिससे न केवल लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है, बल्कि कई बार घरेलू और कृषि उपकरण जलने जैसी घटनाएं भी सामने आई हैं। गांववासियों ने वर्ष 2021-22 में बिजली विभाग को इस समस्या को लेकर एक मांग पत्र सौंपा था, जिसमें स्थायी समाधान की मांग की गई थी। इसके बावजूद आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश और निराशा दोनों देखने को मिल रही है। स्थानीय निवासी बृज लाल शर्मा ने बताया कि लो वोल्टेज के कारण फ्रिज, पंखे, मोटर और इन्वर्टर जैसे उपकरण बार-बार खराब हो रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई और सिंचाई कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। विभाग को कई बार शिकायत दी, लेकिन केवल आश्वासन ही मिला। सुमन शर्मा, रेखा देवी ने कहा कि हमने उम्मीद की थी कि आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के बाद शायद हालात सुधरेंगे, लेकिन हालात जस के तस हैं। ग्रामीणों की मांग की है कि बिजली विभाग जल्द से जल्द समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। बिजली विभाग के एसडीओ राजेश धीमान ने कहा कि समस्या अभी ध्यान में आई है जल्दी ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## सरकार की सब्सिडी कहां गई? सिर्फ दलालों की जेब में जा रहे करोड़ों : रामलाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बोले- सीएम सुक्खू से मिलकर करेंगे इस मामले पर विस्तार से चर्चा**



**कांग्रेस** पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्य समन्वय समिति के सदस्य रामलाल ठाकुर ने स्थानीय परिधि गृह में प्रेसवार्ता में सरकार की दूध नीति पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से दूध उत्पादक किसानों के लिए घोषित सब्सिडी और रेट बढ़ोतरी का लाभ असली पशुपालकों को नहीं, बल्कि कुछ गिने-चुने लोगों की जेब में जा रहा है। उन्होंने नम्होल, आर्की और दाड़ला की दुग्ध सहकारी समितियों पर अंगुली उठाई है। उन्होंने कहा कि ये रेट बढ़ोतरी का पूरा फायदा यही संस्थाएं उठा रही हैं। असली मेहनतकश किसान वहीं का वहीं है-फिर भी उसी कीमत पर दूध बेचने को मजबूर है।

उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा भले ही अच्छी हो, लेकिन जमीन पर इसका फायदा गांव-गांव में बैठे पशुपालकों तक नहीं पहुंच रहा। इन समितियों को हर साल करीब 3.50 करोड़ रुपए का अतिरिक्त फायदा हो रहा है, जो सीधे-सीधे इन समितियों के कर्ताधर्ताओं की जेब में जा रहा है। उन्होंने खुलासा किया कि नम्होल की एक संस्था ने खुद को तीन हिस्सों में बांटकर तीन अलग-अलग नामों से समितियां खड़ी कर दी हैं, जबकि सभी का संचालन उन्हीं पुराने लोगों के हाथ में है। उन्होंने आरोप लगाया कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग दूध और मिठाइयों की गुणवत्ता की कोई जांच नहीं कर रहा।

मिठाइयों में किस स्तर का घी इस्तेमाल हो रहा है या उसमें मिलावट है या नहीं, इसकी किसी को परवाह नहीं है। उन्होंने श्री नयना देवी जी क्षेत्र के किसानों की स्थिति पर भी चिंता जताई। इस क्षेत्र से सैकड़ों किसान पंजाब के संलग्न क्षेत्रों में टनों दूध बेचते हैं, लेकिन उन्हें सरकारी रेट बढ़ोतरी का कोई लाभ नहीं मिल रहा। यह अन्यायपूर्ण है और सरकार को इसकी ओर गंभीरता से देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलकर इस पूरे मामले पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

### चंगर सेक्टर में वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर चंगर सेक्टर बिलासपुर में शहीद जवानों को याद किया गया। इस मौके पर डीसी राहुल कुमार, पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, कर्नल रुपिंदर, कैप्टन बालक राम, कैप्टन अमरनाथ, स्वतंत्रता सेनानी नरोत्तम दास शास्त्री की धर्मपत्नी प्रेमी देवी, वीर नारियां व्यास देवी, निशा देवी, रक्षा देवी, कांता देवी, फ्लाइंग ऑफिसर निक्का राम, कैप्टन सुंदर, कैप्टन सीताराम आदि ने शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। डीसी ने उपस्थित लोगों को राष्ट्र सेवा और कर्तव्य पालन की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हम कारगिल युद्ध के उन अमर शहीदों की वीरता और बलिदान को नमन करते हैं जिन्होंने देश की अखंडता, संप्रभुता और सम्मान की रक्षा करते हुए अपने प्राण मातृभूमि पर न्योछावर कर दिए।

### विद्यार्थियों को दी स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोसरियां के वोकेशनल विषय के हेल्थ केयर विद्यार्थियों की इंटर्नशिप कार्यक्रम का समापन हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहतलाई के एमओ डॉ. अतुल शर्मा ने हेल्थ केयर वोकेशनल विषय के बच्चों को सर्टिफिकेट वितरित किए। डॉ. अतुल शर्मा ने कहा कि छात्रों को इंटर्नशिप के दौरान स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न जानकारी प्रदान की गई है। यह जानकारी इस विषय के बच्चों को आगामी भविष्य में भी कारगर साबित होगी। इस मौके पर डेंटल डाक्टर डा. श्रृष्टि, फार्मेसी ऑफिसर सोमदत्त, वार्ड सिस्टर संतोष कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### बस सुविधा न मिली तो करेंगे आंदोलन : देशराज



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** किरतपुर-नेरचैक फोरलेन जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग पर अब तक यात्रियों के लिए शिमला की ओर कोई सीधी बस सेवा उपलब्ध न होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिला ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति के अध्यक्ष देशराज शर्मा ने कहा कि फोरलेन से सटे गांवों पनोह, औहर, भगेड़, ऋषिकेश, भजवाणी, बैहनाजट्टां, बेरी दडोलां, मंडी भराड़ी आदि के लोग यदि शिमला जाना चाहते हैं, तो उन्हें पहले मजबूरी में बिलासपुर जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकाघाट और कांगड़ा से शिमला की ओर जाने वाली कुछ बसों को यदि किरतपुर-नेरचैक फोरलेन के माध्यम से मंडी-भराड़ी होते हुए भेजा जाए, तो इससे बड़ी संख्या में यात्रियों को राहत मिल सकती है। देशराज शर्मा ने परिवहन मंत्री से मांग की कि जल्द संबंधित क्षेत्रों के यात्रियों को सीधी बस सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो समिति जन आंदोलन का रास्ता अपनाने से पीछे नहीं हटेगी।

### छात्रों से किया नशे से दूर रहने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, जुखाला।** राजकीय महाविद्यालय जुखाला में करगिल विजय दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नशा मुक्ति का संदेश प्रमुखता से दिया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवाएं एवं नशा विरोधी सैल, करियर




काउंसिलिंग प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा रोड सेफ्टी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने की। उन्होंने कहा कि करगिल दिवस भारतीय सेना के अदम्य साहस और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नशा हमारे समाज का आंतरिक शत्रु है। यह हमारी युवा पीढ़ी की ऊर्जा और देश की प्रगति को निगल रहा है। अतः हमें न केवल स्वयं इससे दूर रहना है, बल्कि समाज को भी जागरूक करना है। द्वितीय मुख्य वक्ता पुलिस इंस्पेक्टर रूपलाल ने छात्रों से नशे से दूर रहने और अपने साथियों को भी जागरूक करने का संदेश दिया।

## डीसी ने अधूरी विकास परियोजनाओं पर अधिकारियों को लगाई फटकार

### सब्जी मंडी और मीट मार्केट का किया निरीक्षण

**सुमन डोगरा, अनंत ज्ञान**

**15 अगस्त तक साफ-सफाई के लिए दी अंतिम चेतावनी**

**बिलासपुर।** डीसी राहुल कुमार ने सब्जी मंडी और मीट मार्केट का औचक निरीक्षण कर वहां व्याप्त गंदगी और अधूरी विकास परियोजनाओं पर नगर परिषद, लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। डीसी ने कहा कि अब लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीसी ने निर्देश दिए कि मीट मार्केट से डियारा सेक्टर तक पूरे क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण कर साफ-सफाई और सीवरेज व्यवस्था को युद्धस्तर पर सुधारा जाए।

अधिकारियों को 15 अगस्त तक पूरे क्षेत्र को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने की अंतिम समयसीमा तय करते हुए स्पष्ट कहा कि इसके बाद किसी भी प्रकार की कोताही पर कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए डीसी ने जल शक्ति विभाग को निर्देश दिए कि जिन जल निकासी नालों में पेयजल आपूर्ति की पाइपें डाली गई हैं, उन्हें तुरंत हटाया जाए, ताकि बरसात के मौसम में सफाई में कोई अड़चन न आए। वहीं, हिमुडा बोर्ड के निदेशक मंडल सदस्य जितेन्द्र चंदेल ने बताया कि बाहरी लोग खुलेआम इस क्षेत्र में कूड़ा फेंक रहे हैं।

उन्होंने मांग की कि ऐसे हॉटस्पॉट क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया जाए। उपायुक्त ने सहमति जताते हुए कहा कि अब जो भी सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाता पकड़ा जाएगा, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बिलासपुर में वीर जवानों को किया नमन

### विधायक रणधीर शर्मा ने कारगिल दिवस पर शहीदों के परिजन किए सम्मानित




जिला भाजपा कार्यालय बिलासपुर में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों के परिजनों को सम्मानित करते विधायक रणधीर शर्मा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय में एक भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विधायक रणधीर शर्मा, त्रिलोक जम्वाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णलाल चंदेल सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। शुरुआत में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी सीमा पर डटे जवानों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

हिमाचल के 52 वीर सपूतों ने कारगिल युद्ध में प्राण न्यौछावर किए, जिनमें बिलासपुर के सात वीर भी शामिल थे। परमवीर चक्र विजेता संजय कुमार जैसे जांबाज आज भी सेना में देश की सेवा कर रहे हैं। इस मौके पर शहीदों के परिजन लीला देवी, गीता देवी, राजदेई, मीरा देवी, प्रेम सिंह मिन्हास, देवराज, निर्मला देवी और बांचाराम भारद्वाज को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पूर्व सैनिक व वीर नारियां मौजूद रहीं। वक्ताओं ने कारगिल दिवस को भारतीय सेना के अदम्य शौर्य और बलिदान का प्रतीक बताया।

## मानसिक तनाव से दूर रहने के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमालयन एजुकेशनल एंड ट्रेनिंग सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. शालिनी शर्मा की अगुवाई में शनिवार को बचत भवन बिलासपुर में एक दिवसीय तनाव मुक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विशेष सत्र में सरकारी कर्मचारियों को मानसिक तनाव से निपटने के व्यावहारिक उपाय सिखाए गए। कार्यशाला में श्वसन तकनीक, ऑफिस योग, माइंडफुलनेस और गाइडेड मेडिटेशन जैसे विषयों पर सत्र आयोजित किए गए, जिनका संचालन पार्थ शर्मा और शेरू बाबा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी राहुल कुमार ने किया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को प्रशासनिक कुशलता से जोड़ते हुए इस पहल की सराहना की। अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर मुख्य अतिथि रहे। डॉ. शालिनी शर्मा ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना और व्यवहारिक समाधान उपलब्ध कराना है।

## न्यूज ब्रीफ

### पवित्र डल झील तक रास्ते में की सफाई



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** मणिमहेश यात्रा पर निकले विधायक जनक राज की अगुवाई में 11 सदस्यीय दल ने कलाह जोत पर सफाई अभियान चलाया। यह पहला मौका है, जब क्षेत्र के विधायक ने कलाह जोत पहुंच कर यहां से सफाई अभियान चलाया और अपने साथियों के साथ पवित्र डल झील तक के रास्ते में साफ-सफाई की। वहीं डल झील से लेकर हड़सर तक भी अभियान चलाया। मणिमहेश यात्रा के मद्देनजर यात्रियों के स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए भरमौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनक राज ने 20 स्ट्रेचर चिकित्सा खंड अधिकारी भरमौर को अपनी तरफ से भेंट किए।

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के कंदला पंचायत क्षेत्र से एक दुखद समाचार सामने आया है, जहां एक युवक ने घर के पास खेत में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गुरवचन सिंह, निवासी गांव बरोलू (कंदला पंचायत), के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की शाम गुरवचन सिंह रोज़ाना की तरह मेहनत-मजदूरी करने के बाद घर लौटा था। कुछ समय बाद वह घर के पिछले हिस्से की ओर चला गया। जब काफी देर तक वह वापस नहीं आया, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और उसे खेत में एक पेड़ से लटका हुआ पाया। घटना की जानकारी पंचायत उपप्रधान के माध्यम से तुरंत पुलिस को दी गई। सदर थाना चंबा से पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पोस्टमार्टम के बाद शव सौंपा परिजनों को पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज चंबा ले जाकर पोस्टमार्टम करवाया और शुक्रवार को परिजनों को सौंप दिया।

### आपदा क्षति मूल्यांकन समीति कल पहुंचेगी चंबा : डॉ. दिनेश

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान, भरमौर।** प्राकृतिक आपदा के कारण बरसात के मौसम में हुए भारी नुकसान के मूल्यांकन करने के लिए अखिल भारतीय किसान कांग्रेस मूल्यांकन समिति कल चंबा पहुंचेगी। यह समिति हिमाचल में हुए नुकसान का आकलन करके अपनी रिपोर्ट प्रदेश सरकार केंद्र सरकार और हाई कमान को सौंपेगी। किसान कांग्रेस की जिला अध्यक्ष डॉ. दिनेश ने कहा है कि हिमाचल में आई इस आपदा में ऐसा वर्ग नही है जो प्रभावित न हुआ हो विशेष कर किसानों व बागवानों की मौसमी फसल मक्की व धान और फलों में सेब की फसल बुरे तरीके से प्रभावित हुई है। इसके साथ भूस्खलन के कारण जमीन व रिहाइशी इलाको में भी भारी नुकसान पहुंचा है। ऐसी स्थिति मे अखिल भारतीय किसान कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश के लिए 'आपदा क्षति मूल्यांकन समीति' का गठन दीपक शर्मा अखिल भारतीय राष्ट्रीय समन्वयक अखिल भारतीय किसान कांग्रेस की अध्यक्षता में किया है। जिसमें समीति के अन्य सदस्य सोहन वर्मा राज्य अध्यक्ष हिमाचल किसान कांग्रेस , कंवर रविंद्र सिंह राष्ट्रीय सह समन्वयक अखिल भारतीय किसान कांग्रेस, रवि शर्मा वर्किंग प्रेजिडेंट हिमाचल किसान कांग्रेस व अनिल शर्मा पूर्व उपाध्यक्ष हिमाचल किसान कांग्रेस है, जो 28 जुलाई चंबा में जिला किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों व समस्त ब्लॅाक किसान कांग्रेस के अध्यक्ष व पदाधिकारियों के साथ आपदा क्षति पर बैठक करेंगे । उसके बाद समीति जिलाधीश चम्बा से भी मुलाकात कर इस मौसम मे हुऐ अब तक के नुकसान का ब्यौरा लेंगे।

### कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय चंबा स्थित बचत भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सैनिक कल्याण विभाग चम्बा के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सर्वप्रथम उन्होंने कारगिल युद्ध में शहीद हुए चंबा जिला के तीन वीर सुपुतों की प्रतिमा के आगे पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कारगिल विजय दिवस पर देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों को याद किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने उपस्थित सेवानिवृत सैन्य अधिकारियों को सम्मानित भी किया जिन्होंने कारगिल युद्ध के दौरान अपनी भूमिका निभाई थी। सैनिक कल्याण विभाग की उपनिदेशक कैप्टन (से नि) अनुमेहा पराशर ने सभी को कारगिल विजय दिवस की शुभकामनाएं दी।

### विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में कारगिल विजय दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने की, जबकि जिला युवा अधिकारी विवेक कुमार मुख्य वक्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अविनाश द्वारा स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने कारगिल विजय दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य वक्ता विवेक कुमार ने कारगिल युद्ध के ऐतिहासिक महत्व और उसमें भारतीय सेना के अद्वितीय साहस पर विस्तृत जानकारी दी।

### वीर जवानों को महाविद्यालय में पुष्पांजलि की अर्पित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** एनएसयूआई जिला चंबा द्वारा जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा के निर्देशनुसार कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय चंबा और भरमौर में देश के उन वीर जवानों को महाविद्यालय परिसर में पुष्पांजलि अर्पित की। इस उपलक्ष्य पर जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा का कहना है अगर आज हम बिना किसी डर के घूमते हैं तो इसका मुख्य श्रय भारतीय सेना को जाता है। आज समस्त भारत वर्ष उन्हें दिल से सलाम करता है। इस उपलक्ष्य पर महाविद्यालय भरमौर में कैंपस प्रभारी समीर भारद्वाज महाविद्यालय चंबा में सह प्रभारी कार्तिक उपाध्यक्ष चंदन जिला महासचिव रोशन और अन्य साथी साथ रहे।

#### जलवायु परिवर्तन के समाधान को वन संपदा का संवर्धन महत्वपूर्ण : पठानिया

# चंबा वन वृत्त के तहत 526 हेक्टेयर भूमि में होगा पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, चंबा ( चुवाड़ी )**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चुनौती के रूप में उभर कर सामने आया है तथा इसका व्यापक प्रभाव मानवीय जीवन के प्रत्येक पहलू पर पड़ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष आज 76वें वृत स्तरीय वन महोत्सव के तहत गरनोटा के समीप सरोग गांव में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाग लेते हुए बोल रहे थे। कुलदीप सिंह पठानिया ने इस दौरान बेलपत्र का पौधा रोप कर वन महोत्सव का शुभारंभ किया ।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा गंभीरता के साथ आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल सरकार ने पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से राजीव गांधी वन संवर्धन योजना शुरू कर प्रदेश के युवक मंडलों, महिला मंडलों और स्वयं सहायता



समूहों को सक्रिय रूप से जोड़ा जा रहा है, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के साथ पर्यावरणीय गतिविधियों को जन आंदोलन का रूप दिया जा सके।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जिले में वनों के विस्तार को लेकर इस वर्ष वन विभाग द्वारा 526 हेक्टेयर क्षेत्रफल भूमि में विभिन्न प्रजातियों के चार लाख पचास हजार पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । साथ में उन्होंने यह भी कहा कि राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के अंतर्गत चंबा वन वृत्त के तहत इस वर्ष 259 हेक्टेयर क्षेत्रफल भूमि में 2 लाख 60 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे।

### डलहौजी में 73 हजार पौधे रोपने का लक्ष्य

**विधानसभा** अध्यक्ष ने अपने संबोधन में भटियात विधानसभा क्षेत्र में जारी विभिन्न विकास कार्यों का भी उल्लेख किया । पठानिया को इस अवसर मुख्य वन अरण्यपाल अभिलाष दामोदरन ने सम्मानित किया। उन्होंने पर्यावरण संतुलन बनाने के लिए वनों का योगदान तथा वन वृत चंबा में किए जा रहे विभिन्न कार्यों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की । कार्यक्रम में वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन ने स्वागत संबोधन रखते हुए डलहौजी वन मंडल के तहत 132 हेक्टेयर क्षेत्रफल वन भूमि में विभिन्न प्रजातियों के 73 हजार पौधरोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ में उन्होंने वन संपदा के संवर्धन और संरक्षण को लेकर जारी विभिन्न कार्यों की भी जानकारी रखी। वन महोत्सव में विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने भी पौधरोपण में अपना योगदान दिया ।

# मिंजर मेले में 500 पुलिसकर्मियों पर सुरक्षा का जिम्मा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2025 से संबंधित प्रबंधों के अलावा सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित सभी तैयारियां भी पूर्ण कर ली गई हैं। यह जानकारी उपायुक्त एवं अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला कमेटी मुकेश रेपसवाल ने दी। मुकेश रेपसवाल ने बताया कि इस बार मिंजर मेले में जिला चंबा के कलाकारों सहित हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के कलाकारों को विशेष महत्व दिया गया है ताकि प्रदेश की युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रस्तुत करने का ज्यादा से ज्यादा मौका मिल सके। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई को मेले की प्रथम सांस्कृति संध्या में कुमार साहिल, गौरव कौंडल, गुलशन पाल, भावना जरयाल तथा बनगढ़ पुलिस बैंड अपनी प्रस्तुति देंगे। 28 जुलाई को मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में कुलविंद्र बिल्ला, फौलादी इंडियन बैंड, ममता भारद्वाज, नरेंद्र राही तथा कमल नहरिया अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। 29 जुलाई को मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में अख्तर ब्रदर, अनुज शर्मा तथा लमन बैंड अपनी प्रस्तुति देंगे। 30 जुलाई को चौथी सांस्कृतिक संध्या में सतपाल बडाली, अरविंद ढढवाल, डॉक्टर गगन, राज जैहरी



### मिंजर मेला के आयोजन से संबंधित सभी तैयारियां पूरी : मुकेश रेपसवाल

तथा अभिज्ञा बैंड अपनी लोगों का मनोरंजन करेंगे। 31 जुलाई को मेले की पांचवी सांस्कृतिक संध्या में सुनील राणा, के एस प्रेमी, जितेंद्र पंकज शर्मा तथा फिरदौस बैंड अपनी प्रस्तुति देंगे।

1 अगस्त को छठी सांस्कृतिक संध्या में मनिंदर भुट्टर, नेहा दीक्षित व भुवनेश भारत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। 2 अगस्त को मेले की सातवीं में सांस्कृतिक संध्या में ऋतु पाठक व आशीष पाठक, काकू राम ठाकुर, अजय भरमोरी तथा ओम राणा अपनी प्रस्तुतियां देंगे। 3 अगस्त को अंतिम संस्कृत संध्या में सुनंदा शर्मा, दीक्षा तूर, नीतीश राजपूत, खुशी शुभ, फीट आफ फायर स्टूडियो तथा तारिक मलिक उपस्थित जनता का मनोरंजन करेंगे।

### सीसीटीवी कैमरों से होगी कड़ी निगरानी

**मिंजर** मेले के दौरान सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं बारे जानकारी प्रदान करते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत मिंजर मेला क्षेत्र को 3 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। पहला सेक्टर चौगान नंबर 1, दूसरा सेक्टर चौगान नंबर 2 से 5 तथा तीसरा सेक्टर ट्रैफिक व पार्किंग निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि मिंजर मेले में कुल 500 सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा पांच राजपत्रित पुलिस अधिकारियों को भी उच्च स्तरीय सुरक्षा व कानून व्यवस्था के लिए लगाए गए हैं। अभिषेक यादव ने बताया कि जिला में मिंजर मेले की सुरक्षा को पुख्ता करने के मकसद से सभी होटलों व सरायों की विशेष जांच की जा रही है तथा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या असामाजिक तत्व पहले से आकर यहां न ठहरा हो। इसके अलावा विशेष निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं जिसके लिए चौगान में ही नियंत्रण का स्थापित किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी कि मिंजर मेले के दौरान विभिन्न खेल गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं।

## पांगी से चंबा की राह में अधिवक्ता मुकेश ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल की पवित्र वादियों में प्लास्टिक और अपशिष्ट सामग्री का बढ़ता ढेर देखकर एक युवा नेता ने इसे हल्के में नहीं लिया। अधिवक्ता मुकेश कुमार ने पांगी से चंबा की ओर अपनी व्यक्तिगत यात्रा के दौरान रास्ते में फैली गंदगी को साफ करने का बीड़ा उठाया और अपने स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया।

मुकेश ने बताया कि यात्रा के दौरान जब सड़कों और घाटियों के किनारे प्लास्टिक की बोतलें, चिप्स के रैपर और अन्य अपशिष्ट सामग्री बिखरी पड़ी देखी, तो मन अत्यंत व्यथित हुआ। हिमालय की इन पवित्र वादियों में गंदगी न केवल



पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता पर भी धब्बा है। मुकेश कुमार ने कहा, 'यह कोई बड़ा अभियान नहीं था, बल्कि जिम्मेदारी का एहसास था। हमें अपने पहाड़ों की विरासत को सुरक्षित रखना है।' लोगों ने उनके इस प्रयास की सराहना की और इसे पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

## खेल शारीरिक विकास और मानसिक दृढ़ता का आधार : कुलदीप पठानिया

**अनंत ज्ञान, चंबा**



मिनी प्रो कबड्डी चैंपियनशिप का किया शुभारंभ पठानिया।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भाटियात के समोट में आज दो दिवसीय मिनी प्रो कबड्डी चैंपियनशिप-2025 का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि खेल शारीरिक विकास और मानसिक दृढ़ता का आधार है।

खेल न केवल हमारे शारीरिक विकास का माध्यम हैं बल्कि ये मानसिक दृढ़ता, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को भी मजबूती प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है जो भविष्य में राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने में सहायक सिद्ध होते हैं उन्होंने आयोजकों को इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए यह भी कहा कि पारंपरिक खेलों को संरक्षण देकर हम अपनी संस्कृति और सामाजिक जड़ों को मजबूत कर सकते हैं।

## युवा कांग्रेस चंबा की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** युवा कांग्रेस चंबा की एक महत्वपूर्ण बैठक आज विधायक नीरज नैय्यर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही पंचायती राज एवं नगर परिषद चुनावों की तैयारियों पर भी विचार-विमर्श हुआ। युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल बनबाल, शहरी युवा कांग्रेस अध्यक्ष शाकिर अली शाह, ग्रामीण युवा कांग्रेस अध्यक्ष ओम ठाकुर सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विधायक नीरज नैय्यर ने युवाओं से संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



## एंबुलेंस बनी जीवनदायिनी सड़क पर गूंजी किलकारी

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान**

**डलहौजी।** डलहौजी कैंट के समीप एक एंबुलेंस में उस समय हर्ष का माहौल बन गया जब राकेश कुमार की पत्नी, निवासी गांव परिहार, डाकघर श्रद्धा, जिला चंबा ने सुरक्षित रूप से एक बच्ची को जन्म दिया। यह घटना सुबह 7:05 बजे एंबुलेंस में हुई।

जानकारी के मुताबिक महिला को सुबह 5:13 बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई, जिसके बाद तुरंत एंबुलेंस को बुलाया गया। एंबुलेंस टीम के एमटी सुनील कुमार और पायलट देवराज ने बेहतरीन समन्वय और सतर्कता दिखाते



### डलहौजी में महिला ने दिया स्वस्थ बच्ची को जन्म

हुए प्रसव को सुरक्षित संपन्न कराया और माँ-बच्ची को तुरंत सिविल अस्पताल, डलहौजी पहुंचाया। खुशखबरी यह है कि मां और नवजात दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं।

## लोक नृत्य व रंगोली में पंजसेई विद्यालय प्रथम

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** राज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर में खंड स्तरीय रंगोत्सव प्रतियोगिता बड़े धूमधाम से आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में लोक नृत्य, रंगोली, एवं चित्रकला का आयोजन किया गया, जिसमें लोक नृत्य व रंगोली में राज माध्यमिक विद्यालय पंजसेई, प्रथम स्थान हासिल किया। भरमौर विद्यालय रंगोली में द्वितीय व तृतीय स्थान पर राज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांदा रहे।

चित्र कला में राज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुलन, राज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़गाम द्वितीय व राज माध्यमिक विद्यालय पंजसेई तृतीय स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता में दर्जन भर स्कूलों के 60 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

## सक्रैणा-2 के जर्जर विद्यालय भवन के निर्माण की उठाई मांग

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** भारतीय जनता पार्टी त्रिलोचन मंडल के आईटी संयोजक राकेश ठाकुर ने शनिवार को जिला चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपकर शिक्षा ब्लॉक गैहरा के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालय सक्रैणा-2 के भवन निर्माण की मांग उठाई। राकेश ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि विद्यालय भवन लंबे समय से जर्जर अवस्था में है, जिससे 50 बच्चों और शिक्षकों के लिए उसमें रहना असुरक्षित हो गया है। बच्चों की संख्या अधिक है, लेकिन जर्जर भवन के कारण पढ़ाई बाधित हो रही है और किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय को डिस्मेंटल कर



### राकेश ठाकुर ने डीसी चंबा को सौंपा ज्ञापन

दिया गया था, लेकिन लंबे समय बीत जाने के बावजूद नए भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है।

राकेश ने उपायुक्त से आग्रह किया कि बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय भवन का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करवाया जाए। इस अवसर पर राकेश ठाकुर ने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्रवासी मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाने पर विवश होंगे।

## भूतपूर्व सैनिकों के लिए चेकअप कैंप 29 को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** कैप्टन अनुमेहा पराशर (सेवानिवृत्त), उपनिदेशक, सैनिक कल्याण कार्यालय चंबा ने सूचित किया है कि भूतपूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों के परिवारों और वीर नारियों के चेकअप हेतु 29 को मेल सेक्टर में चिकित्सा कैंप स्टेशन हैड क्वार्टर ईसीएचएस द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

इस दौरान कर्नल जीएस ठाकुर, डॉ. वाईडी शर्मा, लाभ सिंह, जोगिंद्र कुमार, संजय कुमार तथा सुदर्शन कुमार भी उपस्थित रहेंगे। जिन्होने खून व शुगर की जांच करवानी हैं वो खाली पेट आंए। चेकअप करवा कर दवाइयां ले सकते हैं।

### सूडोकु नवताल- 7503

**** मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7502 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

27 जुलाई, 2025, रविवार

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (क्रोधी), **मास** : श्रावण, **तिथि** तृतीया (22:43): **नक्षत्र** मघा (16:23), **पक्ष:** शुक्ला, **योग :** वरीयान (3:13) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (12:00-12:54), **राहुकाल** (4:30-06:00)।

### विशेष दिन

- 27 जुलाई 2025 : हरियाली तीज आज।
- 27 जुलाई : मधुश्रवा व्रत आज।

**मेष:** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृषभ:** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**मिथुन:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा।

**कर्क:** परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आर्थिक लाभ हेतु किए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**सिंह :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें।

**कन्या :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**तुला:** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**वृश्चिक:** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**धनु:** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है।

**मकर :** सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**कुंभ :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा।

**मीन :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। लाभ प्राप्त होगा।

## मेले के चलते सजने लगी ऐतिहासिक इमारतें और सड़कें

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मिंजर मेला के चलते सजने लगे जिला चंबा के चौराहे व सडकें जिला चंबा के मुख्य द्वार भरमौर चौक हरदासपुर से लेकर बाजार तक साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है व रोड के दोनों ओर रंग रोगन व चंबा की ऐतिहासिक इमारतों को भी चमकाया जा रहा है। चंबा चौगान में लगी दुकानों को लेकर इस बार लोगों में इस बात को लेकर निराशा है कि चंबा चौगान से अंतिम दिन निकलने वाली शोभा यात्रा को चौगान से बाहर खड़े लोग इस दृश्य को नहीं देख पाएंगे।



## बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण दल लौटा चंबा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



समग्र शिक्षा के अंतर्गत जिला चंबा के पीएमश्री विद्यालयों के 20 विद्यार्थियों का दल शैक्षणिक भ्रमण कर वापस लौट आया। यह भ्रमण उप शिक्षा निदेशक (क्वालिटी कंट्रोल) एवं जिला परियोजना अधिकारी कमलेश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

दल में 9वीं व 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों के साथ दो अनाथ बच्चे भी शामिल रहे। बच्चों को चंडीगढ़, दिल्ली, आगरा आदि शहरों में ऐतिहासिक और शैक्षणिक स्थलों का अवलोकन कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने इंडिया गेट, ताजमहल, फतेहपुर सीकरी का बुलंद दरवाजा, नेहरू तारामंडल और नेहरू संग्रहालय का दौरा किया। इस अवसर पर बच्चों को न केवल शैक्षणिक एक्सपोज़र मिला बल्कि उन्हें इतिहास, संस्कृति और विज्ञान से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों को समझने का भी अवसर प्राप्त हुआ। डाइट चंबा के प्रवक्ता रोहित शर्मा और पांगी से वोकेशनल टीचर शेरिंग डिकेट ने पूरे भ्रमण के दौरान बच्चों का मार्गदर्शन किया। बच्चों ने कहा कि इस तरह का व्यवहारिक ज्ञान उनके जीवन में बड़ा बदलाव लाता है और आत्मविश्वास बढ़ाता है। लौटते समय सभी विद्यार्थी बेहद उत्साहित और प्रसन्न नजर आए।

## खड़ामुख में सब्जी मंडी के लिए बिल्डिंग चयनित

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर के खड़ामुख में शुक्रवार को सब्जी मंडी के लिए एपीएमसी द्वारा बिल्डिंग का चयन कर लिया गया है। यह सब्जी मंडी एचपीएमसी खड़ा मुख की बिल्डिंग की ऊपर वाली मंजिल में चलेगी।

जिसे उपायुक्त चंबा व एडीएम भरमौर के सहयोग से एचपीएमसी द्वारा एपीएमसी चंबा को सौंप दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए एपीएमसी के चेयरमैन ललित ठाकुर ने कहा है कि जल्द ही इस भवन की आवश्यक मरम्मत कार्य को पूरा करके जनता की सेवा में

### आवश्यक मरम्मत के बाद शुरू हो जाएगी सब्जी मंडी

सब्जी मंडी के रूप में उपलब्ध करवा दिया जाएगा। यहां पर सब्जी मंडी की विधिवत शुरुआत के बाद यहां के किसानों और बागवानों को अपने उत्पाद बेचने के लिए अब दर-दर की ठोकरें नहीं खानी पड़ेगी। उनको घर द्वार पर मंडी उपलब्ध होगी जहां किसान और बागवान अपने-अपने विभिन्न उत्पादों जैसे सब्जियां, सेब इत्यादि को घर द्वार पर उचित दामों पर बेच पाएंगे और अपनी अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ कर पाएंगे। 'सब्जी मंडी' उपलब्ध करवाने की यह मांग विधानसभा क्षेत्र भरमौर में वर्षों से चली आ रही थी। जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री के भरपूर सहयोग से पूरा किया जा रहा है। इस मौके पर एपीएमसी के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा है की मुख्यमंत्री जनजातीय क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री के सहयोग के चलते ही भरमौर की यह वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। यहां के अधिकतर लोग किसान और बागवान है।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं पुरन देई,** माता-न. 14931266A नायक अनूप सिहं गांव व डाक घर झज्जा कोठी, तह. चुराह, जिला चम्बा हि.प्र. पिन 176316 ने अपना नाम पुरन देवी (PURAN DEVI) से बदल कर पुरन देई (PURAN DEI) और जन्म तिथि 01-07-1960 से बदल कर 01-01-1963 कर लिया है द्वारा शपथ पत्र दिनांक 11-01-2025 व प्रमाण पत्र संख्या IN-HP521856243051924 समक्ष नोटरी पब्लिक चम्बा हि.प्र. ।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिंबल खोला**
**विकास खंड पंचरुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

आज की बैठक में प्रधान महोदय जी ने प्रस्ताव रखा कि ग्राम पंचायत सिंबल खोला वर्ष 2025-26 के विकास कार्यों के लिए निविदाएं आमंत्रित की जानी अति अवश्यक है। जो निम्न प्रकार से है।

| क्र.सं. | सामाग्री का नाम | प्रति फुट |
|---|---|---|
| 1 | खड्डु रेता | प्रति फुट |
| 2 | खड्डु बजरी | प्रति फुट |
| 3 | क्रेशर रेता 20,40 एमएम | प्रति फुट |
| 4 | क्रेशर बजरी 63,90 एमएम | प्रति फुट |
| 5 | बोल्डर | प्रति फुट |
| 6 | फाड़ा पत्थर | प्रति फुट |
| 7 | ईट नं. 1 | प्रति पीस |
| 8 | ईट 2 (दोयम) | प्रति पीस |
| 9 | शटरिंग लकड़ी | वर्ग फुट |
| 10 | शटरिंग लोह | वर्ग फुट |
| 11 | सीईन बोर्ड सीमेंट | प्रति बोर्ड लिखाई सहित |
| 12 | वाल पेंटिंग साईन बोर्ड | |
| 13 | सीमेंट केरीज सिविल सपलाई पंचरुखी से सिंबल खोला | |

उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया व निर्णय लिया गया कि उक्त निविदाएँ दिनांक 06-08-2025 साय: 5:00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत सिंबल खोला के नाम बंद लिफाफे में डाक द्वारा भेजी जाएं। सामाग्री की मात्रा व गुणवता सही होना चाहिए । अन्यथा प्रधान ग्राम पंचायत किसी भी समय निविदाएँ को रद्द कर सकती है। निविदाएँ को स्वीकृत या रद्द का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। साथ में यह भी निर्णय लिया कि 25000 हजार कि एफडी ग्राम पंचायत के नाम कल्ब करनी होगी। निविदाएँ दिनाँक 07-08-2025 समय 12:00 खोली जाएगी

प्रधान / सचिव
ग्राम पंचायत सिंबल खोला
विकास खंड पंचरुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**खुशी** कोई पहले से बनाई हुई चीज नहीं है। यह आपके अपने कार्यों से आती है।
–दलाई लामा

## संपादकीय

# आपदा राहत और सियासत

सराज विधानसभा क्षेत्र में घटित घटनाक्रम ने राज्य की राजनीति में एक नई बहस छेड़ दी है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के काफिले पर जूता फेंकने, काले झंडे दिखाने और रास्ता रोकने जैसी घटनाएं केवल किसी जन असंतोष का परिणाम नहीं हैं, बल्कि यह सत्ता और जनता के बीच गहराते हुए विश्वास संकट की ओर इशारा करती हैं। इस पूरे प्रकरण में जहां कांग्रेस सरकार खुद को जनहितैषी बताने का प्रयास कर रही है, वहीं विपक्ष इसे जनता की आवाज दबाने वाला कदम मान रहा है। दरअसल, सराज दौरे के दौरान जब राजस्व मंत्री आपदा प्रभावित इलाकों का जायजा लेने पहुंचे, तो वहां मौजूद कुछ स्थानीय लोगों ने काले झंडे दिखाकर और रास्ता रोककर विरोध जताया। इसके बाद कथित रूप से एक व्यक्ति द्वारा जूता फेंकने की घटना ने मामले को और अधिक गंभीर बना दिया। पुलिस ने इस मामले में कुल 57 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है, जिसमें एक व्यक्ति मुरारी लाल पर राज्यमंत्री को धमकाने और शांति भंग करने का आरोप लगाया गया है। यह घटना केवल एक मंत्री के दौरे पर विरोध नहीं थी, बल्कि इसके पीछे कई परतें और भावनाएं छिपी हुई हैं। सबसे बड़ा मुद्दा थुनाग स्थित हॉर्टिकल्चर कॉलेज को शिफ्ट करने का है, जिस पर स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने आपत्ति जताई। कॉलेज के स्थानांतरण से स्थानीय व्यापार प्रभावित होगा और यही चिंता विरोध की जड़ बनी। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी का कहना है कि कॉलेज को शिफ्ट करने का निर्णय उनका व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सरकारी निर्णय है, जो बच्चों और उनके अभिभावकों के आग्रह पर लिया गया है। मंत्री का यह भी दावा है कि कॉलेज जिस स्थान पर है, वहां पिछले वर्ष बाढ़ के दौरान छात्रों को जान बचाकर भागना पड़ा था और इस वर्ष भी ऐसी ही स्थिति बन गई है। ऐसे में कॉलेज को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करना एक व्यावहारिक निर्णय था लेकिन सवाल यह है कि क्या सरकार ने इस निर्णय को लागू करने से पहले स्थानीय जनभावनाओं को समझने की कोशिश की?


क्या व्यापारिक तबके को विश्वास में लिया गया? क्या कॉलेज की शिफ्टिंग अस्थायी है या स्थायी? इन सवालों का संतोषजनक उत्तर न मिल पाने के कारण ही इस मुद्दे ने सियासी रंग ले लिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह सरकार आपदा प्रभावितों के जख्मों पर नमक छिड़क रही है। उन्होंने 57 लोगों पर एफआईआर दर्ज करने को जनता की आवाज को कुचलने की कोशिश बताया। भाजपा का यह विरोध केवल थुनाग या सराज तक सीमित नहीं है। पार्टी इस मुद्दे को पूरे प्रदेश में जन असंतोष के प्रतीक के तौर पर प्रचारित करने की तैयारी में है। यह आने वाले समय में कांग्रेस सरकार के लिए राजनीतिक चुनौती बन सकता है। इस पूरी घटना में एक अहम पहलू यह भी है कि विरोध करना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन जूता फेंकना और रास्ता रोकना जैसे कृत्य कानून के दायरे में अपराध है, ऐसे में सरकार और पुलिस की कार्रवाई को पूरी तरह से राजनीतिक प्रतिशोध बताना भी उचित नहीं होगा। हां, यह जरूर देखा जाना चाहिए कि पुलिस कार्रवाई निष्पक्ष है या पक्षपातपूर्ण। अगर वास्तव में केवल राजनीतिक विरोध के कारण लोगों पर धाराएं लगाई गई हैं, तो यह गंभीर मामला है, लेकिन अगर हिंसात्मक गतिविधियों और मंत्री की सुरक्षा को खतरा हुआ है, तो कानून अपना काम कर रहा है। इस संदर्भ में निष्पक्ष जांच और पारदर्शिता बेहद आवश्यक है। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच सबसे बड़ी बात यह है कि सराज क्षेत्र इस समय आपदा की मार झेल रहा है। बाढ़ और भूस्खलन से लोगों के घर तबाह हो चुके हैं, खेत उजड़ गए हैं, सड़कें टूटी हैं और जनजीवन अस्त-व्यस्त है। ऐसे में सरकार और विपक्ष को राजनीति छोड़कर एकजुट होकर पीड़ितों की मदद करनी चाहिए। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए स्थायी आवास, चिकित्सा सुविधा, स्कूलों की मरम्मत और राहत सामग्री की तत्काल आवश्यकता है। वर्तमान में गर्मी का मौसम होने के कारण लोग किसी तरह टैंटों में रह पा रहे हैं, लेकिन आने वाला सर्दी का मौसम उन परिवारों के लिए भयावह साबित हो सकता है जिनके पास सिर छुपाने के लिए घर नहीं है। बच्चों और बुजुर्गों को सर्दियों में खुले में रखना अमानवीय होगा।

सरकार को चाहिए कि वह बिना देरी के राहत व पुनर्वास के कार्यों को युद्धस्तर पर शुरू करे। साथ ही, कॉलेज शिफ्ट करने जैसे निर्णयों को भावनात्मक रूप से नहीं, तथ्यों और समन्वय के आधार पर प्रस्तुत करे ताकि जनता के बीच भ्रम या नाराजगी की स्थिति न बने। सराज का मामला हिमाचल प्रदेश की राजनीतिक और प्रशासनिक स्थिति का आईना बन गया है। जहां एक ओर जनता प्राकृतिक आपदा से जूझ रही है, वहीं दूसरी ओर राजनेता एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप में व्यस्त हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। सरकार को यह समझना होगा कि जनहित के फैसलों में जनसंवाद आवश्यक है और विपक्ष को भी यह समझना होगा कि आपदा के समय राजनीति से ऊपर उठकर जनता के साथ खड़ा होना प्राथमिक कर्तव्य है। कॉलेज शिफ्ट करना हो या किसी सरकारी योजना का कार्यान्वयन-इन सभी निर्णयों को नीतिगत पारदर्शिता और जनभावनाओं का सम्मान करते हुए लेना होगा। विरोध यदि शांतिपूर्ण हो तो उसे दबाना नहीं चाहिए और अगर कानून तोड़ा गया है तो कार्रवाई निष्पक्ष होनी चाहिए। ■


### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारतीय सिने अभिनेता और टीवी कलाकार

**आसिफ** बसरा भारतीय सिने अभिनेता और टीवी कलाकार थे। इसके साथ ही वह रंगमंच के प्रसिद्ध कलाकार थे और कई नाटकों में काम किया था। आसिफ बसरा का जन्म महाराष्ट्र के अमरावती में हुआ था। उन्होंने टीवी सीरीज 'वो' से करियर की शुरुआत की थी। हाल ही वह 'हॉस्टेजेस' वेब सीरीज में भी दिखे। इसके अलावा आसिफ बसरा 1998 में आई हॉरर सीरीज 'एक्स जोन' में भी नजर आए। 'ब्लैक फ्राइडे', 'परजानिया', 'काई पो चे', 'जब वी मेट', 'वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई', 'कृष', 'एक विलन', 'फिक्री अली' और 'द ताशंकद फाइल्स' जैसी दर्जनों फिल्मों में आसिफ बसरा ने अहम रोल निभाए। आसिफ ने ऐक्टिंग की कोई ट्रेनिंग नहीं ली थी और बहुत ही कम उम्र से उन्होंने स्टेज पर ऐक्टिंग करना शुरू कर दिया था। आसिफ बसरा 'पृथ्वी थिएटर' में युवाओं को ट्रेनिंग देते थे और उन्हें एक्टिंग के गुर सिखाते थे। आसिफ बसरा ने अंतिम के 5 साल मैक्लोडगंज में एक किराये के मकान में गुजारे। ■



**आसिफ बसरा**
**जन्म :** 27 जुलाई, 1967
**मृत्यु :** 12 नवंबर, 2020



कविता

## भूख की दर्द

विक्रम कौशल प्रयास, समोट (चंबा)

*फाके का दर्द दीन ही जाने,*
*मर जाए बिन अनाज के दाने।*
*जिसके भरे भरपूर भंडारे,*
*वह भूख की दर्द क्या पहचाने।*
*वर्तमान में रोजगार किसने छीना,*
*बेरोजगारी में हुआ दुष्कर जीना।*
*महंगाई की मार में जीऐं कैसे*
*आज पेट लिए कहां बहाऐं पसीना।*
*लोकतांत्रिक शक्ति आज बिगड़ गई,*
*भले नायकों की छवि उधड़ गई।*
*दिखे न कोई चारा अब क्या करे,*
*बनी तानी बानी सब ही उधड़ गई।*
*पहले करते वादे बाद में देते धोखा,*
*अंडबंड करते जिनको देते हम मौका।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# चंबा का सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं पारंपरिक अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला






**चंचल कुमार सरोलवी**
वरिष्ठ साहित्यकार, चंबा

प्रकृति के अनंत सौंदर्य से अलंकृत जिला चंबा अपनी लोक संस्कृति के विभिन्न आयामों की अमूल्य निधियों को समेटे हुए बरबस सबको अपनी और आकर्षित करता है, इन्हीं में से एक है चंबा का सांस्कृतिक ऐतिहासिक एवं परंपरिक मिंजर मेला। सावन की ठंडी रिमझिम फुहारों के संग आकाश पर मंडराते काले घने बादलों की अठखेलियां चारों ओर हरि-भरी वादियों की हरियाली देखते ही मन प्रफुल्लित हो जाता है। दूर बैठे पक्षियों का कलरव और फिर उनका नीले आसमान पर उड़ान भरना अच्छा लगता है। आड़ू दाड़ु, चीर, खुमानी, नाख ,दाख (नाशपाती, अंगूर) फल पककर तैयार हो जाते हैं। किसानों के लिए फसलों मे मिंजर फूटने लगती है अर्थात मक्की व धान तैयार होने पर उनके ऊपर उगने वाली चोटी (शीर्षक भाग) को स्थानीय भाषा में 'मिंजर' कहते हैं और इसी मिंजर से मिंजर मेला के नामकरण का प्रादुर्भाव हुआ है।

मिंजर मेला इस वर्ष 27 जुलाई से 4 अगस्त तक आठ दिन बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जा रहा है। आठ दिन तक चलने वाला प्रसिद्ध मिंजर मेला (मंजरी महोत्सव) चंबा के मेलों का सरताज मेला और हिमाचल में अग्रणीय पंक्ति में शुमार है। मक्की तैयार होने पर उनके ऊपर उगने वाली चोटी (शीर्षक भाग) को स्थानीय बोली में 'मिंजर' कहते हैं। रंग-बिरंगे रेशमी धागों और सुनहरे गोटे से तैयार की गई मिंजरों को लोग अपने अपने घरों पूजा स्थलों पर प्रतिष्ठित देवी- देवताओं की मूर्तियों पर श्रद्धा एवं आदरपूर्वक भोग नैवेध अर्पित कर पूजा करते हैं। बच्चे-बूढ़े सभी बड़े चाव से मिंजरों को अपने कुर्तो, कमीज आदि में बांधते हैं और पूरे सप्ताह पहन रखते हैं। घर में पकवान तैयार किए जाते हैं। सगे संबंधियों का आना जाना लगा रहता है। घर में अलग ही चहल-पहल होती है। नगर के सभी छोटे बड़े मंदिरों में मिंजर चढ़ाई जाती है।

मिंजर मेला कब से मनाया जा रहा है और कितना पुराना है, इस बारे में विद्वानों, इतिहासकारों और स्थानीय लोगों के भिन्न-भिन्न विचार और भिन्न-भिन्न मत हैं, परंतु इस बात पर सभी सहमत हैं कि मिंजर मेला उतना ही पुराना है, जितना पुराना चंबा शहर है। कुछ विद्वानों का मत है कि ब्रह्मपुर (भरमौर) के राजा शैल बर्मन (920-948ई.) ने चंबा को नई राजधानी बनाया तो भरमौर और चंबा राज्य के लोगों ने मिलकर बड़े ही राजकीय ठाठबाट व हर्षोउल्लास के साथ शोभायात्रा निकाली। यह यात्रा राजा के महल से चलकर नगर से होते हुए रावी तट पहुंची और वहां वरुण देव की पूजा-अर्चना करते, सुख समृद्धि की कामना करते हुए, लोगों ने मक्की की मंजरियों का रावी नदी की जलधारा में अर्पण करके राजा का अभिषेक किया। इस प्रकार इस मिंजर महोत्सव का आगाज यानी श्री गणेश हुआ। एक अन्य जनश्रुति अनुसार चंबा नरे जेश प्रताप सिंह वर्मा (1559-1585ई.) ने नगरोटा (कांगड़ा) के राजा चंद्रपाल को युद्ध में हराया और जब वापस चंबा पहुंचे थे, तो इस विजय उत्सव को एक मेले के रूप में मनाया और फिर प्रति वर्ष मनाया जाने लगा। ऐसी भी मान्यता है कि राजा साहिल बर्मन त्रिगत कांगड़ा के राजा से युद्ध में विजय प्राप्त करके वापस लौट रहे थे, तो उन दिनों सावन का महीना वर्षा ऋतु थी और जब वह कांगड़ा नूरपुर से होते हुए भटीयात पहुंचे तो भटियात वासियों ने राजा का अभिनंदन मक्की की मंजरियों से किया। जब यह शोभायात्रा चंबा पहुंची तो राजा ने रावी तट पर वरुण देव की पूजा करते हुए मक्की की मंजरियों को जल प्रवाहित किया, तभी से प्रतिवर्ष सावन मास के दूसरे रविवार से तीसरे रविवार तक इस विजय उत्सव को मिंजर मेले के नाम से जाना जाने लगा।

चंबा का प्रसिद्ध मिंजर मेला चाहे कितना भी पुराना हो परंतु यह बात सत्य है कि मिंजर चंबा के आम जनजीवन के दिलो-दिमाग में रचा बसा एवं मानसिकता के साथ बहुत ही मजबूती और दिल की गहराइयों से जुड़ा हुआ है। यह मिंजर मेला चंबावासियों के जनजीवन का अभिन्न अंग है। जिला चंबा का यह ऐसा उत्सव है, जिसका इंतजार लोग सालभर करते हैं। चंबा से बाहर गया हुआ कोई भी 'चम्बयाल' मिंजर मेला में अवश्य पहुंचने का प्रयास करता है। कहते हैं कि मिंजर मेला राजाओं के शासनकाल में स्टेट के सभी क्षेत्रों भरमौर, पांगी, चुराह ,भटीयात और चंबा के सभी परगनों के लोग अपनी अपनी पारंपरिक वेशभूषा से सुसज्जित होकर चंबा चौगान पहुंचते और तीन दिन डेरा डालकर हरे भरे चौगान में रहा करते थे। दिनभर पुरुष, महिलाएं और युवतियां अपने लोकगीतों की धुन पर गाते और नृत्य करते चंबा चौगान को संगीतमय करके खूब मौज-मस्ती करते और फिर रात को चौगान में ही विश्राम करके आराम से सो जाते थे।

समय के साथ-साथ मिंजर मेला के आयोजन में परिवर्तन अवश्य हुआ है परंतु मूल रूप से पहले जैसा ही है। राजाओं के शासनकाल उपरांत स्वतंत्रता प्राप्ति पर राज्य सरकार के शासनकाल में चंबा नगर पालिका द्वारा मेला का आयोजन किया जाता रहा। जहां रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम 12 बजे तक होते और फिर उसके बाद लोक संपर्क विभाग द्वारा चौगान में पर्दे पर फिल्में प्रसारित की जातीं। लोग बड़े चाव हर्षोल्लास से इसका आनंद उठाते थे। समयानुसार अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला राज्य सरकार के डीसी और अन्य पदाधिकारियों की देखरेख में होने लगा। अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला का मुख्य आकर्षण सावन के महीने में सावनी रितु गीत कुंडी-मल्हार का गायन विशेष आकर्षण है। कुंजड़ी चंबा का प्रसिद्ध लोकगीत है, जो बरसात के मौसम में विशेष रूप में मिंजर मेला के शुरू से लेकर अंत तक गाया जाता है। यह शास्त्रीय राग पर आधारित है। कुंजड़ी का भावार्थ है ए कुंजड़ी (पक्षी) तू उठकर जा और मेरे पिया को संदेश दे कि बरसात का मौसम आ गया है और मैं तेरे पंख सोने से मढ़ा दूंगी और चोंच चांदी से।

कुंजड़ी कहती है कि बरसात में मेरे पंख भीग गए हैं और मैं उड़ने के लिए असमर्थ हूं। कुंजड़ी के मुख्य बोल इस प्रकार है 'उड़-उड़ कुंजड़िए, वर्षा धियाड़े हो, मेरे रामा जिंदेयां दे मेले हो, बे मना याणी मेरी जान, उड़-उड़ कुंजड़िए, पंख तेरे सोन्ने वो मढ़ाला, रूपे दिंयां चूंजां हो, बे मना याणी मेरी जान उड़-उड़ कुंजड़िए, चिकणी बूंदा मेघ बरसे, पंख मेरे सिज्जे हो।' मिंजर मेले में स्थानीय सांस्कृतिक दलों के साथ हिमाचल और अन्य राज्यों के सांस्कृतिक दल अपनी प्रस्तुतियां देते हैं। लोगों का खूब मनोरंजन करते हैं। सांस्कृतिक आदान-प्रदान से अनेकता में एकता का रंग भरपूर छलकता है। स्थानीय और बाहर के व्यापारियों की दुकानें सजी होती हैं, जिनसे लोग खूब खरीददारी करते हैं। लगभग हर विभाग द्वारा और लोकल समुह ग्रुपों द्वारा चौगान में नुमाइश भी लगती है। जहां हिमाचल का लोकल सामान उत्पादन भी दर्शाया जाता है। मिंजर मेले का मुख्य आकर्षण शाही जलूस यानी कि शोभायात्रा है, जो मिंजर मेला के अंतिम दिन यानी कि सावन के तीसरे रविवार को अखंड चंडी राजमहल से निकलती है जिसमें जिलाभर के विभिन्न अंचलों से आए लोग अपनी पारंपरिक पोशाकों में सज-धजकर शामिल होते हैं। राजकीय चिन्ह छत्र ध्वजा और सूर्य के चिन्ह वाली पताकाओं लोक वाद्य वृंदों के अनेक दलों सहित विभिन्न देवी-देवता पालकियों में विराजमान होकर जुलूस यात्रा की शोभा बढ़ाते हैं।

उक्त जुलूस के साथ मुख्यातिथि के साथ अधिकारीगण और चंबा के गणमान्य भी शामिल होते हैं। जुलूस बाजार से होता हुआ राबी नदी के तट पर पहुंचता है, जहां सभी अपनी-अपनी मिंजरों को अपनी कमीज से उतार कर किसी फल या नारियल में बांधकर जल प्रवाहित करते हैं, के उपरांत कुंजी मल्हार लोकगीत का गायन किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला में समय-समय पर बदलाव तो हुआ है, परंतु मूल स्वरूप पहले जैसा ही है। हां आजकल लोग रीमिक्स सुनना पसंद कर रहे हैं, जबकि लोक संगीत में दिल को छू लेने वाला मर्म हैं और इसमें गहराई है। सरकारी व गैर सरकारी कार्यक्रमों में हिमाचली नाइटों का अधिक से अधिक आयोजन करना चाहिए ताकि लोक संस्कृति दम न तोड़ें। विशुद्ध हिमाचली कलाकरों की हितों की रक्षा के कारगर कदम उठाने पर बल दिया जाना अति आवश्यकता है, ताकि हमारी पारंपरिक लोक संस्कृति कायम रहे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

नजरिया

# तीज : सौंदर्य, प्रेम के उत्सव, आस्था और प्रकृति का प्रतीक



**रमेश सर्राफ धमोरा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार



तीज पर विशेष

तीज श्रावण शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाई जाती है। इसलिए यह श्रावणी तीज के नाम से भी जानी जाती है। सौंदर्य, प्रेम के उत्सव और आस्था के इस व्रत का महिलाओं के लिए बड़ा महत्व है, विशेष रूप से नव विवाहिताओं के लिए। यह त्योहार मुख्य रूप से उत्तर भारत (राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड) में धूमधाम से मनाया जाता है।

परंपरा के अनुसार नवविवाहिताएं पहला व्रत मायके में रखती हैं और इसके लिए झूले सजाए जाते हैं, लोक गीत गाए जाते हैं। देश के कई हिस्सों में मेले लगते हैं और माता पार्वती की सवारी निकाली जाती है। श्रावण का आगमन इस त्योहार के आने की आहट सुनाने लगता है। समस्त सृष्टि सावन के अद्भुत सौंदर्य में भिगी हुई सी नजर आती है।

यह पर्व भारतीय जनमानस के अटूट विश्वास को और अधिक प्रगाढ़ता प्रदान करने का पर्व है। इस पर्व में हरियाली शब्द से ही साफ है कि इसका ताल्लुक पेड़-पौधों और पर्यावरण से है। यह त्योहार जीवन में जश्न का प्रतीक है और हरियाली तीज का पर्व प्रकृति का त्योहार है। इस मौके पर महिलाएं अच्छी फसल के लिए भी प्रार्थना करती हैं। वर्षा ऋतु में श्रावण के महीने में हमारे देश में चारों तरफ पानी बरसता रहता है। इस दौरान चारों तरफ हरियाली नजर आती है। हरियाली के आगोश में प्रकृति इस तरह झूम उठती है मानो पृथ्वी अपनी हरी-भरी बाहें फैलाकर सबका अभिनंदन कर रही हो।

श्रावण के महीने को हिंदू धर्मावलंबी भगवान शिव का महीना मान मानकर भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं। कांवड़िए देशभर में विभिन्न नदी, तालाबों से जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। गणगौर के बाद त्योहारों का सिलसिला रुक जाता है, वह एक बार फिर श्रावण मास की तीज से प्रारंभ हो जाता है। श्रावण का महीना महिलाओं के लिए विशेष उल्लास का महीना होता है।

इस महीने में आने वाले अधिकांश लोक पर्व महिलाओं द्वारा ही मनाए जाते हैं। सावन के महीने में सिंजारा, तीज, नागपंचमी एवं सावन के सोमवार जैसे लोकपर्व उत्साह पूर्वक मनाए जाते हैं। श्रावण के महीने में मनाई जाने वाली हरियाली तीज आस्था, प्रेम, सौंदर्य व उमंग का त्योहार है। तीज को मुख्यतः महिलाओं का त्योहार माना जाता है। यह पर्व महिलाओं की सांस्कृतिक मान्यताओं का प्रतीक है। सावन माह में मनाया जाने वाला हरियाली पर्व दंपतियों के वैवाहिक जीवन में समृद्धि, खुशी और तरक्की का प्रतीक है। तीज का त्योहार भारत के कोने-कोने में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है।

यह त्योहार भारत के उत्तरी क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। श्रावण में चारों ओर हरियाली की चादर बिखर जाती है, जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन का महीना अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। श्रावण के सुहावने मौसम के मध्य में आता है तीज का त्योहार। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को श्रावणी तीज कहते हैं। उत्तर भारत में यह हरियाली तीज के नाम से भी जानी जाती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**बिहार** में एक बेहद गंभीर और चिंताजनक मामला सामने आया है, जिसने न केवल राज्य, बल्कि देशभर में लोकतंत्र की पवित्रता को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिहार की मतदाता सूची में घुसपैठियों के नाम दर्ज होना अपने आप में बड़ा ही गंभीर मामला है। चुनाव आयोग की ओर से चलाए गए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान चौंकाने वाली सच्चाई सामने आई कि बड़ी संख्या में बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार से आए अवैध प्रवासियों के नाम मतदाता सूची में दर्ज हैं। यह न केवल प्रशासनिक लापरवाही का नमूना है, बल्कि इससे यह भी संकेत मिलता है कि इस फर्जीवाड़े में साजिशन तत्वों की भूमिका रही है। यह घटनाक्रम लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है, जिससे चुनाव की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक है। **–बेबी, दरंग**

# मानसिक तौर से आज भी हम गुलामी की जंजीरों में जकड़े हुए हैं



**तुलसी राम डोगरा**
पालमपुर (हिप्र)

जिस जज्बे के साथ हमारे देश के सपूतों ने अपने अदम्य साहस, अथक प्रयासों और बलिदानों से भारत माता की पवित्र धरती को ब्रिटिश शासन के चुंगल से आजाद करवाया था, आज हम उस जज्बे और कुर्बानियों को भूलते जा रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि हम ब्रिटिश शासन से शरीरिक रूप से तो मुक्त हो गए लेकिन मानसिक तौर से हम आज भी गुलामी की जंजीरों में जकड़े हुए हैं।

समृद्ध भारत प्रतिवर्ष पंद्रह अगस्त को आजादी की वर्षगांठ मनाता है और इस अवसर पर उन शहीदों को भव्य श्रद्धांजलि अर्पित कर अपनी इतिश्री कर लेते हैं, जिन्होंने साम्राज्यवाद तथा अंग्रेजी हुकूमत की जंजीरों से भारत को स्वतंत्र करवाने हेतु लड़ाई लड़ी थी। भारत माता की अस्मिता को बचाने के लिए अनेक शूरवीरों ने गोरों को यहां से खदेड़ने के लिए अपने आपको फांसी के फंदे को खुशी-खुशी चूमकर प्राणों की आहुति दे डाली थी। उन तमाम सपूतों ने जो आजादी के स्वप्न का परचम फहराया था, वह पूर्ण हुआ था। अपने स्वप्नों का भारत ब्रिटिश शासन से मुक्त करवाने के लिए 250 वर्षों से भी अधिक समय तक हमारे कर्णधारों ने संघर्ष का बिगुल बजाए रखा था।

प्रतिवर्ष की इस बार भी पंद्रह अगस्त को देश के कोने-कोने में तिरंगा फहराया जायगा और उन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर अपनी इतिश्री कर लेंगे। आज आजादी हासिल किए हुए हमें लगभग 75 वर्षों का समय बीतने को आ गया है, लेकिन जिस सोने की चिड़िया वाले भारत की कल्पना हमने की थी, क्या उस भारत के निर्माण का स्वप्न हमारा साकार हो पाया? आजादी के इन 75 वर्षों का अगर आकलन करें तो हमारे देश में अराजकता, आतंकवाद, अलगाववाद, सीमा-भाषाई, जल-धार्मिक, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी जैसी ज्वलंत समस्याओं ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया है। महिलाओं का अपनी अस्मिता बचाने के लिए सरेआम द्रोपदी की तरह चीरहरण हो रहा है व उन्हें न्याय पाने के लिए चीखना चलाना पड़ रहा है, लेकिन उनकी तार-तार होती अस्मिता को बचाने के लिए शायद ही कोई कृष्ण प्रकट हो जाए। यहां तक की आज रक्षक ही भक्षक बनते जा रहे हैं। पढ़ा लिखा नौजवान पाश्चात्य संगीत व विलासिता का सुख पाने के लिए लालायित है। आजादी के दीवानों ने तो ऐसे भारत की कल्पना कदापि नहीं की थी।

उन्होंने तो स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एकजुटता, भाईचारे और देशभक्ति की मशाल जलाई थी, उन्हें क्या पता था कि यह आजादी किस मोड़ पर ले जाएगी। आजादी के वे परवाने अगर आज होते तो शायद यही सोचते कि अच्छा होता भारत अंग्रेजों की गुलामी के काबिल था। न्याय व्यवस्था में भी



प्रश्नचिन्ह लग रहा है। कैसी है आज की यह 'जश्न-ए- आजादी'। देश को आजाद करवाने वाले शहीदों व योद्धाओं की जयंती तथा पुण्यतिथि आती है तो रस्म अदायगी के तौर पर उनकी प्रतिमाओं को उस अवसर पर साफ-सफाई कर फूल- मालाएं चढ़ाकर व भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर देते हैं। देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए उनके बताए गए रास्ते पर चलने का आह्वान किया जाता है तथा सत्य व निष्ठा के प्रति शपथ दिलाई जाती है, लेकिन उसके उपरांत यह शपथ मात्र कागजों और रस्म के तौर पर सिमट कर रह जाती है। यहां तक कि शायद ही कोई मंत्री अथवा सरकारी तंत्र का आला अधिकारी होगा जो इन प्रतिमाओं को बाद देखने तक आता हो। जिन से न्याय की उम्मीद लगाई जाती है, उनके घर के परिसरों पर नोटों के ढेर बरामद हो रहे हैं। जिन नेताओं को लोग इस उम्मीद से चुनकर भेजते हैं कि उनकी स्थानीय समस्याओं और क्षेत्र का विकास करेंगे, उन चुने हुए कुछ प्रतिनिधियों के घरों में ईडी और आयकर विभाग की रेड के दोरान करोड़ों रुपए, भारी मात्रा में आभूषण पाए जाते हैं।

दूसरी ओर,ऐसे प्रतिनिधि अपना और अपने परिवारजनों को स्थापित करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं। यानी कि अगर यह कहा जाए कि आज राजनीति देश में राजनीति एक व्यवसाय बन गई, तो शायद कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। राजनीति एक घिनौना खेल बन चुकी है। अधिकांश राजनीतिज्ञों को देश की विकराल और ज्वलंत समस्याओं से शायद ही कोई लेना देना होगा उन्हें तो मात्र कुर्सी मिलनी चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# उपराष्ट्रपति पद छोड़ने की सच्चाई सियासत या खराब सेहत?



**योगिंद्र पाल वालिया**
डडौर, बल्ह (मंडी)



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अचानक इस्तीफा देना और एकाएक पद छोड़ना अनेक तरह के सवाल खड़े करता है। शायद यह पहली घटना है, जब उपराष्ट्रपति ने अपने कार्यकाल के मध्य सेहत का हवाला देते हुए पद छोड़ा। सेहत गंभीर थी तो इस्तीफा पहले हो सकता था।

मानसून सत्र के प्रथम दिन राज्यसभा में सभापति की हैसियत से अपनी जिम्मेदारी सक्रिय ढंग से निभाते, अचानक शाम होते इस्तीफा देना यही बताता है कि कोई न कोई अन्य समस्या रही होगी। भविष्य में सही कारण धीरे-धीरे सामने आएंगे या नहीं परंतु अभी तो अटकलों का बाजार गर्म है। विपक्षी पार्टियां एकाएक सभापति के पक्ष में आ गईं और तरह-तरह के बयान दे रही हैं, जबकि यही विपक्ष कुछ माह पूर्व सभापति के विरुद्ध पक्षपात करने का बयान देते हुए महाभियोग लाने की बात करता रहता था। कब किसके साथ प्रेम उमड़ आए, इसे ही राजनीति कहते हैं।

सत्ता पक्ष और सभापति के मध्य आपसी टकराव की हवा देते हुए विपक्ष मामले में काली दाल ढूंढता हुआ बयान दे रहा है। स्थिति अस्पष्ट है। इस तरह अचानक संवैधानिक पद से इस्तीफा देना यही दर्शाता है कि कहीं न कहीं असहज व अहंकार जैसी स्थिति रही होगी। पहले भी उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे दिए गए हैं, लेकिन उस वक्त कारण स्पष्ट नजर आते थे। वर्तमान इस्तीफा सेहत का कारण बताया है लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं है। पूर्व उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति कानूनी प्रक्रिया अच्छी तरह जानते हैं। अपनी वेवाक राय देते हैं। अपनी विनम्रता के लिए जाने जाते हैं। हर मुद्दे पर खुलकर बोलते हैं। उनकी पृष्ठभूमि वकालत से लेकर राजनीतिज्ञ की रही है। लोक दल जनता दल से राजनीति शुरू की और केंद्र सरकार में राज्य मंत्री पद भी संभाला है। प्रधानमंत्री मोदी से पहचान के कारण जगदीप धनखड़ को पश्चिम बंगाल का गवर्नर बनाया गया, जहां मुख्यमंत्री ममता से भी टकराव की खबरें सामने आती रहती थीं। सत्ता पक्ष (एनडीए) के सहयोग से 3 वर्ष पूर्व उपराष्ट्रपति बने। राज्यसभा के सभापति पद के कारण सभा संचालन में अपनी कुशलता व विनम्रता का परिचय दिया, लेकिन अचानक इस्तीफा देना निराशाजनक है, क्योंकि कोई भी राजनेता स्वेच्छा से पद नहीं छोड़ता।

राष्ट्रपति के बाद उपराष्ट्रपति का पद है और तीसरे नंबर पर प्रधानमंत्री का पद, लेकिन प्रधानमंत्री के पास कार्य व्यवस्था बनाने और संचालन करने की अत्यधिक शक्तियां हैं, जिस कारण प्रधानमंत्री पद प्रथम दिखता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में शक्तियों का कोई दुरुपयोग न करे, इसके लिए संतुलित व्यवस्था संविधान में निर्धारित की गई है, जो कि लोकतंत्र की मजबूती है। प्रोटोकॉल के अनुसार (एक दो तीन) क्रम की जगह (तीन एक दो) क्रम दिखता है।

तीनों शीर्ष पदों में से अचानक किसी एक का पद से अचानक हटना, आश्चर्यचकित करता है। वैसे तो किसी का शीर्ष पदों पर चयन और कार्यकाल पूरा करना या मध्य में छोड़ देना, लोकतंत्र में सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन पद छोड़ देने की सच्चाई देश के सामने आनी चाहिए, अन्यथा अटकलों से दुखद व निराशाजनक संदेश जन्म लेता है। देश की छवि को भी चोट पहुंचती है। सत्ता पक्ष और उपराष्ट्रपति दोनों पक्षों में ऐसा क्या हुआ, जो इस्तीफा देने की नौबत आ गई। क्या कोई नई राजनीतिक चाल है या आपसी टकराव? क्या किसी बात से आहत होकर आवेश में पद छोड़ा? जो भी हुआ, इतिहास में दर्ज हो गया। राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति दोनों पदों को राजनीतिक दल से नहीं जोड़ा जाता, लेकिन यह दिखावा मात्र है। पर्दे के पीछे सियासी चालें जो घटती हैं, वे धीरे-धीरे सामने आती हैं। इस प्रकरण पर कई अटकलें बाहर आ रही है लेकिन सच्चाई तो केवल पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ही जानते होंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### आईटीआई जोगिंद्रनगर में 14 छात्राओं को मिली नौकरी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आज प्रशिक्षुओं के लिए ऑरो टेक्सटाइल्स लिमिटेड बद्दी द्वारा कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस साक्षात्कार में कुल 14 प्रशिक्षुओं का चयन हुआ। आईटीआई की प्रधानाचार्य नवीन कुमारी ने बताया कि इस कैंपस साक्षात्कार में कोपा, स्विंग टेक्नोलॉजी, ड्रेस मेकिंग, एसओटी की छात्राओं ने भाग लिया। चयनित सभी अभ्यर्थी अपनी ज्वाइनिंग ऑरो टेक्सटाइल्स लिमिटेड बद्दी (वर्धमान) में निर्धारित तिथि को सुनिश्चित करेंगी। कंपनी के एचआर हेड अनुज त्रिवेदी, प्लेसमेंट अधिकारी लव कुमार भी उपस्थित रहे।

### पीपल्स वेलफेयर सोसायटी ने बस हादसे पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पीपल्स वेलफेयर सोसायटी डबरोग ने मसेरन तारंगला बस सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। सोसायटी के प्रधान कृष्ण चंद ठाकुर, पेटर्न इन चीफ जीवन लाल शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान राजकुमार शर्मा, महासचिव सुरेश कुमार शर्मा सहित सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों डॉक्टर प्रवीण आचार्य, लाल चंद, खेमचंद आदि ने कहा कि यह हादसा बेहद भयावह हुआ है। सोसाइटी के पदाधिकारियों ने घायलों के स्वस्थ होने की कामना की है तथा सरकार व प्रशासन से मृतकों के परिजनों तथा घायलों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### आपदा पीड़ितों को भेजी 72 हजार की धनराशि



**नूतन प्रकाश ठाकुर, अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** प्राथमिक शिक्षक खंड बालीचौकी ने थुनाग उपमंडल के आपदा पीड़ित परिवारों के सहायतार्थ 72101 रुपए की धनराशि रेडक्रॉस सोसायटी थुनाग को भेजी। प्राथमिक शिक्षक संघ बालीचौकी के नवनियुक्त अध्यक्ष दूनी चंद वर्मा की अध्यक्षता में उक्त धनराशि का चैक उपमंडल अधिकारी बालीचौकी देवी राम के माध्यम से प्रेषित किया गया है। इस विषय पर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेम सिंह ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष दूनी चंद वर्मा के अलावा सचिव चंदेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेम सिंह, कोषाध्यक्ष गोपाल सिंह,मुख्य सलाहकार चैन सिंह, महिला विंग की अध्यक्ष वीना, सदस्य भूप सिंह व देवेंद्र भी शामिल रहे।

### लापता शिक्षक के परिवार को दी सहायता राशि



**विनोद, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** बल्ह उपमंडल के भियूरा से लापता चल रहे शिक्षक सोहन सिंह की पत्नी भावना देवी को व्यापार मंडल नलसर द्वारा 11000 का चेक बतौर राहत प्रदान किया है। एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी और व्यापार मंडल नलसर के प्रधान हरीश कुमार सहित विनोद जसवाल, संजय पुरी, हीरा ठाकुर और संतोषी शर्मा ने लापता चल रहे शिक्षक सोहन सिंह के घर पहुंच कर गहरी संवेदना प्रकट की और उनकी पत्नी को 11000 का चेक सौंपा। विदित रहे कि भियूरा में 30 जून की रात्रि को हुए जलजले में बल्ह उपमंडल के भियूरा निवासी 55 वर्षीय सोहन सिंह जो हैल्थ हाई स्कूल में टीजीटी गणित के पद पर कार्यरत थे, उस दिन डेजी गांव में एक पुराने परिचित के कमरे में रुक गए। रात को जिस कमरे में सोहन सिंह ठहरे थे, वह बाढ़ में बह गया। तब से कोई सुराग अभी तक नहीं लगा है।

### 40 पदों को भरने के लिए 30 को कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, मंडी।** रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि उप-रोजगार कार्यालय नेरचौक में 30 जुलाई, 2025 को जेडी टैक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इंटरनेशनल स्केल एग्जीक्यूटिव के 40 पदों को भरने के लिए कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को 12 हजार रुपए से 18 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा और इसके अतिरिक्त, 5 प्रतिशत भत्ते भी प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे वांछित दस्तावेजों की मूल प्रतियां एवं एक-एक स्वप्रमाणित फोटो कॉपी तथा दो पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ के साथ इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

### गोशाला और ईष्ट देवता का मंदिर गिरने की कगार पर

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** सराज विधानसभा क्षेत्र के कुकलाह गांव के 70 वर्षीय बुजुर्ग गुर सिंह 30 जून को भारी बरसात से हुई तबाही के सदमे से उभर नहीं पा रहे हैं। इन्होंने फोन पर अपनी दुःख भरी दास्तां सुनाते हुए कहा कि हम देवी देवताओं पर विश्वास करते हैं उनके आशीर्वाद से ही हर काम करते हैं। जब उनकी ही मंदिर टूटने लगे तो हमारे घर बार की तो खैर नहीं। ऐसा ही 30 जून की बरसात में उनके साथ भी हुआ। खड़ी मक्की की फसल तबाह हो गई। खेत खलियान पानी से टूट कर बिखर गए हैं। गोशाला की दीवारे और छत टूट गई है। घर के साथ बनाया देवता का मंदिर भी क्षतिग्रस्त हो गया है। गुर सिंह ने डीसी मंडी से मांग करते हुए कहा कि उनकी मदद की जाए। गोशाला निर्माण और खेतों में डंगे लगाने के लिए मनरेगा के माध्यम से धनराशि दिलाई जाए।



गुर सिंह।

### जोगिंद्रनगर महाविद्यालय में शहीदों को किया नमन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** कारगिल युद्ध की विजयगाथा और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु शनिवार को राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में कारगिल विजय दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन एनएसएस, एनसीसी इकाई तथा नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. निशा वैद्य ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीदों की स्मृति में दो मिनट के मौन और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत महाविद्यालय के एनएसएस और एनसीसी स्वयंसेवियों द्वारा भाषण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। कार्यक्रम के अंत में यह घोषणा की गई कि आयोजित की गई भाषण एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आगामी 15 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# कारगिल विजय दिवस पर अमर बलिदानियों को भावपूर्ण नमन

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**शहीद स्मारक व सेरी मंच पर अमर वीर सपूतों को अर्पित की गई श्रद्धांजलि**

**मंडी।** कारगिल विजय दिवस पर मंडी जिलावासियों ने भारतीय सेना के वीर सैनिकों और अमर बलिदानियों को भावपूर्ण नमन किया। मंडी के शहीद स्मारक व सेरी मंच पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला प्रशासन, भारतीय सेना, पुलिस, सैनिक कल्याण विभाग, पूर्व सैनिक लीग और आम नागरिकों ने वीर सपूतों की पुण्य स्मृति को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान सदर के विधायक अनिल शर्मा, बल्ह से इंद्र सिंह, नगर निगम के मेयर वीरेंद्र भट्ट, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) राकेश कपूर, एडीसी मंडी गुरसिमर सिंह, एसडीएम मंडी रूपेंद्र कौर, आईएएस प्रोबेशनर मनु वर्मा, पूर्व सैनिक लीग के जिला उपाध्यक्ष कर्नल तारा प्रताप सिंह राणा, कर्नल हरीश वैद्य, कैप्टन जीसी सैनी, कैप्टन हेतराम शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व सैनिक लीग मंडी सहित लीग के सभी पदाधिकारी, वीर नारियों और पूर्व सैनिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर कारगिल युद्ध की वीर नारियों प्रोमिला देवी, सरला देवी, धनी देवी, निर्मला देवी और सीता देवी को सम्मानित किया गया।



### वीर शहीदों को किया याद

**करसोग।** एसडीएम कार्यालय करसोग में वीर शहीदों को याद कर उन्हें नमन किया। एसडीएम गौरव महाजन ने कार्यालय परिसर में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। एसडीएम ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि हम देश के गौरवमय इतिहास की रक्षा हेतु पूर्ण रूप से समर्पित रहेंगे।



मंडी में कारगिल विजय दिवस पर अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत सामूहिक चित्र में पूर्व सैनिक व अन्य।

### कारगिल युद्ध धैर्य और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक : राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर के नरेश चौक पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद नरेश को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह चौक शहीद नरेश की स्मृति में निर्मित किया गया है, जहां उनकी प्रतिमा स्थापित है। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिला सुंदरनगर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुंदरनगर जिला अध्यक्ष हीरालाल ठाकुर ने की, जबकि मुख्यातिथि के रूप में विधायक एवं भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल उपस्थित रहे। जम्वाल ने कहा कि कारगिल युद्ध भारत के वीर जवानों की अद्भुत वीरता, धैर्य और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है।

### शहीदों को किया नमन

**जोगिंद्रनगर।** एसडीएम कार्यालय जोगिंद्रनगर में वीर शहीदों को याद कर उन्हें नमन किया गया। एसडीएम मनीश चौधरी ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई। साथ ही उनकी पुनीत स्मृति एवं शौर्य को नमन करते हुए प्रतिज्ञा करते हैं कि देश के गौरवमयी इतिहास की रक्षा के लिए समर्पित रहेंगे।

### वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** कारगिल विजय दिवस पधर में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने की। उन्होंने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने की प्रतिज्ञा भी दिलवाई। उपस्थित जनों ने शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन रखा और वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने कर्मचारियों को दिलाई शपथ



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडलाधिकारी कार्यालय सुंदरनगर में एक संक्षिप्त समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रभक्ति एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात एसडीएम ने सभी कर्मचारियों को देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने, अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा देशहित को सदैव सर्वोपरि रखने की शपथ दिलाई। एसडीएम ने कहा कि देश आज 26वां कारगिल विजय दिवस मना रहा है, जो भारत के इतिहास में गौरव का प्रतीक बन चुका है।

### एक्स सर्विस लीग टिहरा ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** इंडियन एक्स सर्विस लीग टिहरा यूनिट द्वारा खौदा में लीग के कार्यालय में कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया और भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शहीदों की याद ने दो मिनट का मौन रखा।



सामूहिक चित्र में इंडियन एक्स सर्विस लीग टिहरा यूनिट।

## नेगी ने किया आपदा प्रभावित स्याठी गांव का दौरा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास और जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने धर्मपुर उपमंडल के स्याठी गांव का दौरा किया। उन्होंने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे राहत और पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

इसके पश्चात धर्मपुर में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजस्व मंत्री ने कहा कि प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति तक राहत पहुंचाना सरकार की पहली प्राथमिकता है। आपदा के बाद मुख्यमंत्री स्वयं 24 घंटे के भीतर स्याठी गांव पहुंचे और प्रभावितों को ढाढस बंधाने के साथ ही प्रशासन को राहत एवं पुनर्वास कार्यों के बारे में निर्देशित किया।



बैठक की अध्यक्षता करते मंत्री और विधायक।

### घर बनाने को सात लाख की राहत

**नेगी** ने कहा कि जिन लोगों के घर पूरी तरह तबाह हो गए हैं, उन्हें 7-7 लाख रुपए की राहत राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि घर बनाने के लिए भूमि की उपलब्धता बड़ी चुनौती है, क्योंकि खाली जमीन वन भूमि के तहत आती है। इस समस्या को सुलझाने के लिए प्रस्ताव पारित कर केंद्र को वन संरक्षण अधिनियम में संशोधन के लिए भेजा गया है। जिनकी आजीविका वन भूमि पर निर्भर है, वे वन अधिकार अधिनियम के तहत जमीन के लिए पात्र हैं।

### नुकसान का आकलन

**राजस्व** मंत्री ने कहा कि आपदा से बर्बाद हुई खेती और बागवानी के नुकसान का राजस्व, कृषि और बागवानी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से मूल्यांकन किया जाएगा। इसके आधार पर प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। वर्ष 2023 के राहत पैकेज में मुआवजे की राशि को बढ़ाया गया है। राजस्व मंत्री ने अटल आदर्श विद्यालय मढ़ी का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर विधायक चंद्रशेखर ने अवगत करवाया कि इस आपदा में क्षेत्र के 22 परिवार सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं।

## आपदा में अवसर ढूंढ रही भाजपा : गुलेरिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

आईपीएमसी चेयरमैन एवं हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता संजीव गुलेरिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आपदा में भी अवसर ढूंढ रही है। संजीव गुलेरिया ने कहा कि आपदा के दौरान सराज में भारतीय जनता पार्टी ने अपना बैनर लगाकर राहत बांट कर राजनीति कर रही है। जबकि प्रशासन और मंडी जिला तथा प्रदेश की दूसरी संस्थाओं द्वारा आपदा प्रभावितों की मदद की जा रही है।

उन्होंने कहा कि बरसात में भारी बारिश से बादल फटने और बाढ़ की घटनाओं से हिमाचल प्रदेश के अन्य जिलों समेत मंडी में सबसे अधिक नुकसान हुआ है, जबकि मंडी जिला में सराज, धर्मपुर, नाचन, करसोग



क्षेत्रों में लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने 24 घंटे के भीतर धर्मपुर का दौरा किया और सराज में सड़कें ठीक न होने के चलते हवाई सर्वेक्षण कर नुकसान का जायजा लिया और साठ लाख की राहत बांटी जिसमें से 45 लाख की राहत केवल सराज में बांटी गई। उसी प्रकार 55 लाख लोगों की संपति के नुकसान के राहत स्वरूप बांटे गए, जिसमें से 35 लाख सराज में आवंटित किए गए।

### बागवानी मंत्री का विरोध करना शर्मनाक

**संजीव** गुलेरिया ने कहा कि आज स्थिति में सुधार हुआ है। स्वास्थ्य विभाग की 25 टीमें लोगों के स्वास्थ्य की घर-घर जाकर जांच कर रही हैं। वहीं 393 लोगों को राहत शिविरों में ठहराया गया है। संजीव ने कहा कि आपदा के दौरान थुनाग में बागवानी एवं वानिकी कालेज के 93 छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अब बागवानी एवं वानिकी कालेज के छात्रों की पढ़ाई की अस्थायी व्यवस्था साथ लगते नाचन विधानसभा क्षेत्र में की जा रही है। ऐसे में बागवानी मंत्री का विरोध करना शर्मनाक है। यह सब सोची समझी रणनीति के तहत बागवानी मंत्री पर हमला था। जिसकी वजह से सराज की बदनामी हो रही है।

## आपदा प्रभावितों के जख्मों पर नमक छिड़कने आए थे राजस्व मंत्री : निहाल

**अनंत ज्ञान, मंडी**

भारतीय जनता पार्टी के मंडी जिला अध्यक्ष निहालचंद शर्मा ने कहा कि राजस्व और बागवानी मंत्री के पास ही आपदा प्रबंधन का मंत्रालय है लेकिन वह आपदा प्रभावित क्षेत्र में 26वें दिन पहुंचे।

आपदा प्रभावित क्षेत्र में पहुंचने के पहले ही वह वानिकी एवं उद्यानिकी महाविद्यालय को शिफ्ट करने के बाद आते हैं। जिस मंत्री के पास आपदा में सबसे पहले पहुंचकर राहत पहुंचाने की जिम्मेदारी थी वह मंत्री आपदा प्रभावितों के जख्मों पर मरहम के बजाय नमक छिड़कने गया था। जब वह शिमला थे तो उन्होंने मन और वाणी से आपदा प्रभावितों के जख्मों पर नमक छिड़का जब वह आपदा प्रभावित क्षेत्र में गए तो अपने कर्म से भी उन्होंने आपदा प्रभावितों को दुख ही दिए। उन्होंने प्राकृतिक आपदा का भी उपवास उड़ाया। इस नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर उन्होंने ओछी टिप्पणी की उनके बारे में एक बार उन्हें जान लेना चाहिए था। सरकार ने जिस तरीके से भाजपा के कार्यकर्ताओं के खिलाफ फर्जी मुकद्दमे दर्ज कर रही है उसका भी हम जमकर विरोध करेंगे।

## बीबीएमबी नहर में डूबे दो युवक

**आदर्श, अनंत ज्ञान**

**नेरचौक।** भाखड़ा ब्यास सतलुज प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) की नहर में डूबने से दो युवकों की मौत होने का दुखद समाचार है। तीन दोस्त सालगिरह की पार्टी मनाने बग्गी आए हुए थे। बग्गी चौक से आगे तीनों दोस्तों ने नहर किनारे पार्टी का जश्न मनाया।

घर जाने के दौरान अचानक एक युवक नहर में उतर गया जहां पांव फिसलने से वह पानी में डूबने लगा तो उसे बचाने के लिए दूसरा दोस्त नहर में कूद गया। दोनों युवक पानी में समा गए।

दोस्तों को नहर में डूबता देख तीसरे दोस्त ने पुलिस को सूचना दी। प्रारंभिक जांच में सूचना देने वाले युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। नहर में डूबने वाले युवकों में आशीष गौतम पंजगाई (बिलासपुर) का रहने वाला था जो पंजाब नेशनल बैंक की मलोह शाखा में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत था। आशीष गौतम पुराने बाजार वाले युवक के घर पर किराए के कमरे में रहता था। तीसरा युवक जिसने पुलिस को सूचना दी।

हरजीत नामक यह युवक लोहार पंचायत का रहने वाला है। बल्ह एसडीएम स्मृतिका नेगी ने बताया कि नहर में डूबे युवकों की तलाश में एनडीआरएफ व पुलिस की टीमें लगी हुई है। मामले की भी पुलिस जांच कर रही है।

## तारंगल बस हादसे में मदद करने वाले युवाओं को सम्मानित करेंगे पवन ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव और सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी पवन ठाकुर सरकाघाट के मसेरन के निकट तारंगल में हुए बस हादसे में त्वरित मदद करने वाले युवाओं को सम्मानित करेंगे। यह सम्मान समारोह शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा, जिसकी तिथि और स्थान की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

पवन ठाकुर ने बताया कि तारंगल में हुई बस दुर्घटना दुखद थी, लेकिन स्थानीय युवाओं ने जिस तत्परता और निस्वार्थ भाव से घायलों की मदद की वह सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि ऐसे संकट के समय में आगे आकर दूसरों की जान बचाना और सहायता करना मानवता की सच्ची मिसाल है। उन्होंने इन युवाओं के साहस और सेवाभाव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे लोग समाज के प्रेरणास्रोत हैं। इस सम्मान समारोह का उद्देश्य ऐसे नेक कार्यों के लिए प्रेरित करना है।

## कबड्डी में महेंद्र सिंह की कप्तानी में टीम ने जीता गोल्ड मेडल

**बालक राम, अनंत ज्ञान**



**पंडोह।** हाल ही में ईएनसी 52वीं चैंपियनशिप विशाखापट्टनम में आयोजित की गई, इसमें रेड आर्मी की टीम विजेता रही। यह जीत बेशक टीम की जीत है, मगर इस जीत में टीम के कप्तान महेंद्र सिंह की भूमिका रही है। महेंद्र और प्रवीण ठाकुर दोनों ही हिमाचल के खिलाड़ी हैं।

टीम का सेमीफाइनल मैच एयरफोर्स टीम से हुआ और फाइनल मैच में उन्होंने इंडियन नेवी को हराते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाते हुए इतिहास रचा है। प्रवीण ठाकुर खेलो इंडिया सेंटर राजपुर नालागढ़ का खिलाड़ी है, जिसने कोच संजीव ठाकुर की देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

इस उपलब्धि के लिए मंडी जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव नेत्र सिंह ठाकुर, प्रधान श्यामलाल ठाकुर और उनकी नवनियुक्त कार्यकारिणी ने महेंद्र सिंह और उसके परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

## धर्मपुर-सिद्धपुर सड़क पर मलबा हटाने का कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

30 जून की रात को भारी वर्षा के कारण धर्मपुर मुख्यालय से मात्र कुछ ही दूरी पर बहुत बड़ा भूस्खलन होने के कारण हाजरी क्रशर के पास धर्मपुर स्योह संधोल, धर्मपुर मढ़ी संधोल व धर्मपुर कमलाह मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया था, जिस कारण लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

25 दिनों के बाद इस मार्ग को बहाल करने के लिए लोनिवि ने जेसीबी मशीनें लगाई है। उम्मीद है कि जल्द ही सड़क यातायात के लिए बहाल हो जाएगी। इस मार्ग के बाधित होने की वजह से जहां



अनंत ज्ञान इंपैक्ट

कालेज के बच्चों को आने जाने में परेशानी हो रही है, वहीं कर्मचारियों को भी भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

यहां सिधपुर, स्योह, मढ़ी, बहरी, कोट, जंगेल, लडभड़ोल, बैजनाथ तक आने जाने लोगों को वायां छपाणु भरतपुर सिंगल रोड़ पर सफर करना पड़ रहा है, जिससे यहां अकसर जाम की समस्या रहती है और कई बार तो सड़क तंग होने के कारण गाड़ियों की आपस में टक्कर भी हुई है।

> इस मार्ग को खोलने के लिए पोकलेन व जेसीबी मशीनें लगा दी है। जल्दी ही इस मार्ग को बहाल करके गाड़ियों की आवाजाही शुरू कर दी जाएगी।
>
> **ई. अनिल शर्मा, अधिशाषी अभियंता, लोनिवि मंडल धर्मपुर।**

### पटड़ीघाट-हड़सर-गुलेला मार्ग बना नाला, हादसों का खतरा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** उपमंडल सरकाघाट के पटड़ीघाट से हड़सर होते हुए गुलेला तक जाने वाली संपर्क सड़क बारिश में नाले का रूप धारण कर रही है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं। मलबा आने से हादसों का भय बना हुआ है।

स्थानीय लोगों कृष्ण चंद, सुनील कुमार, अशोक शर्मा, निशु, खेम चंद, कुशल, विजय कुमार आदि ने कहा कि सड़क के किनारे जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई है। इससे बारिश का पानी सड़क पर ही बह रहा है। बरसात में यह सड़क राहगीरों के लिए खतरा बन चुकी है।

**रोष** | **दो महीने से नहीं दी फूटी कौड़ी, ठहरने का छिना आशियाना**

## हाईवे कंस्ट्रक्शन कंपनी ने भूखे-प्यासे छोड़े मजदूर

**रितेश, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** हमीरपुर से सरकाघाट-पाड़छु पुल तक एनएच फेज-1 का निर्माण कार्य कर रही गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी ने दर्जनों मजदूरों को भूखे और खुले आसमान के नीचे छोड़ दिया है और ये मजदूर पिछले सप्ताह से बिना ठिकाने और मैस के सड़कों पर भटक रहे हैं और कंपनी वाले नदारद हैं।

सीटू के जिला प्रधान व पूर्व जिला पार्षद भुपेंद्र सिंह ने बताया कि इन सभी मजदूरों को टटीह के पास किराये पर लिए गए मकान में ठहरने की व्यवस्था की गई थी और वहीं पर उनके लिए खाना



गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी के पीड़ित मजदूर जानकारी देते हुए।

बनाया जाता था, लेकिन कंपनी ने रातों-रात उस मकान को खाली कर दिया और इन मजदूरों को दर दर भटकना पड़ रहा है। मजदूरों का कहना है कि गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी के पीएम प्रवीण कुमार ने उन्हें यहां पर काम दिया था लेकिन अब जो डीपीएम श्रीकांत और अंकित यहां पर उनसे काम करवा रहे हैं वे ये कहते हैं कि हम आपको काम पर नहीं रखेंगे। यही नहीं मज़दूरों को पिछले दो महीने से वेतन भी नहीं दिया गया है। सीटू जिला प्रधान भपेंद्र सिंह ने बताया कि ये कंपनी शुरू से ही मजदूरों का शोषण करती आ रही है। पिछले चार साल से जो एनएच निर्माण का काम कछुआ चाल से चल रहा है उसका सबसे बड़ा कारण इस कंपनी के पास मजदूरों का लंबे समय तक न टिकना है। वहीं कंपनी भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं से आशीर्वाद प्राप्त है। भुपेंद्र ने ठहरने की व्यवस्था करने और जो मजदूर यहां काम नहीं करना चाहते हैं उन्हें पिछले दो महीने का वेतन अदा कर दिया जाए ताकि रोजगार की तलाश कर सकें। ऐसा न होने पर सीटू, हिमाचल किसान सभा इनके समर्थन में सोमवार को धरना प्रदर्शन करेगी।

## पुलिस ने तीन जगहों से बरामद की अवैध शराब

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने पर तीन मामलों में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने आरोपियों से देसी व अवैध शराब भी बरामद की है। जानकारी के अनुसार सुंदरनगर थाना के तहत सलापड़ पुलिस चौकी के दल ने गश्त के दौरान भवाना में प्रकाश चंद की गोशाला में छापेमारी कर वहां से 7 बोतल देसी शराब बरामद की।

दूसरे मामले में पुलिस चौकी डैहर के दल ने गश्त के दौरान सलवाना में शेर सिंह के मकान पर छापेमारी कर वहां से 2 हजार मिली लीटर अवैध शराब बरामद की। तीसरे मामले में धनोटू पुलिस थाना के दल ने गश्त के दौरान मिली सूचना के बाद कृष्ण चंद्र निवासी तरोट निजी रिहायश के साथ बने टीन शेड से 5 लीटर अवैध शराब बरामद की। डीएसपी भारत भूषण ने बताया तीनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

## गड्ढी-भौरा-कस सड़क को खोलने की मांग

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** गड्ढी-भौरा-कस संपर्क मार्ग को खोलने की मांग को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। मार्ग की निशानदेही होने के बावजूद लोक निर्माण विभाग, जोगिंद्रनगर मंडल द्वारा सड़क निर्माण कार्य में जानबूझकर की जा रही टालमटोल और लापरवाही के विरोध में 28 जुलाई को अधीक्षण अभियंता तथा अधिशाषी अभियंता के कार्यालयों के समक्ष सड़क सत्याग्रह एवं सामूहिक उपवास किया जाएगा।



बैठक के दौरान मौजूद ग्रामीण जानकारी देते हुए।

**कल होगा सड़क सत्याग्रह और सामूहिक उपवास**

आंदोलन का नेतृत्व जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज करेंगे। किसान सभा भौरा इकाई की प्रधान कमला देवी, सचिव श्याम सिंह ठाकुर, उपप्रधान जय सिंह, सह-सचिव रणजीत सिंह, गड्ढी से पूर्व उपप्रधान जोगिंद्र बडवाल, किसान नेता निहाल सिंह बडवाल, लोभी राम, आत्मा राम भंडारी आदि ने बताया कि इस मार्ग से गड्ढी, भौरा, कोठी, ग्योला, घरासी सहित पांच दलित बस्तियां और अन्य गांव आपस में जुड़ते हैं।

किसान सभा के जिलाध्यक्ष कुशाल भारद्वाज ने कहा कि यह मार्ग विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से रोका गया है। कुशाल ने बताया कि उन्होंने उपमंडलाधिकारी नागरिक एवं सहायक अभियंता से भेंट की तथा मार्ग स्थल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मार्ग के दोनों छोरों को जोड़ा जाए।

## न्यूज ब्रीफ



कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदी स्मारक एमसी पार्क में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत डीसी ऊना जतिन लाल एवं अन्य गणमान्य लोग।

### दुकानदार ने दिखाई ईमानदारी, लौटाया मोबाइल



अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। चिंतपूर्णी श्रावण अष्टमी मेले में नितिन खन्ना का मोबाइल फोन गुम हो गया था। नितिन परेशान होकर घूम रहे थे, लेकिन जब उन्होंने अपने दोस्त के फोन से अपना नंबर डायल किया, तो फोन विक्रांत सूद ने उठाया। विक्रांत सूद चिंतपूर्णी में होटल एंड रेस्टोरेंट चलाते हैं। विक्रांत सुद ने नितिन को बताया कि उनका फोन उनके पास सुरक्षित है और वे अपना फोन लेने के लिए आ सकते हैं। विक्रांत सुद ने नितिन को उसका फोन लौटाने से पहले उसकी पहचान को वेरीफाई किया और फिर फोन सौंप दिया। नितिन ने विक्रांत सुद की ईमानदारी की प्रशंसा की और उनका धन्यवाद किया।

### चौकीमन्यार कॉलेज में मतदाताओं का पंजीकरण





अनंत ज्ञान टीम, ऊना/चिंतपूर्णी। राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 41- चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र जिला ऊना के दिशा निर्देशों के अनुरूप स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत महिला मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में पंजीकरण करने बारे विशेष मतदाता पंजीकरण कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बूथ लेवल अधिकारी अनीता देवी मतदाता पंजीकरण हेतु विशेष रूप से उपस्थित रहीं। महाविद्यालय के मतदाता साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. रामकुमार नेगी ने बताया कि महाविद्यालय में निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत ऐसे पात्र विद्यार्थी जिन्होंने अर्हता तिथि पहली जुलाई 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है या जिनका जन्म दिनांक 01 जुलाई 2007 व इससे पूर्व हुआ है तथा अभी तक उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हुआ है, के नाम मतदाता सूची में दर्ज करने हेतु पंजीकरण कैंप का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के पात्र 14 विद्यार्थियों का पंजीकरण करवाया गया ताकि आगामी निर्वाचनों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। महाविद्यालय के मतदाता साक्षरता क्लब कैंपस एंबेसडर दिशा कुमारी एवं करण वीर ने नए मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में पंजीकरण हेतु आवेदन करने में उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलविंदर सिंह राणा ने निर्वाचन आयोग की इस पहल की सराहना की और सभी छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया कि वे चुनाव आयोग द्वारा संचालित स्वीप कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि भारत का लोकतंत्र को और मजबूती मिले। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग प्रो. कविता कौशल , डॉ. राम सिंह , डॉ. सगुन डोगरा , प्रो. नवीन शर्मा सहित महाविद्यालय के मतदाता साक्षरता क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

### विजय दिवस पर बंगाणा कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा

अनंत ज्ञान, बंगाणा। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में आज कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की एनएसएस एवं एनसीसी इकाइयों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, जिसमें देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को देशभक्ति, बलिदान और सैनिकों के अदम्य साहस की प्रेरणादायक गाथाएं सुनाईं। उन्होंने कहा कि 26 जुलाई का दिन भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है। यह दिवस हमारे जांबाज सैनिकों के अद्वितीय पराक्रम और बलिदान का प्रतीक है। वर्ष 1999 में कारगिल की ऊंचाइयों पर दुश्मन को खदेड़कर भारतीय सेना ने जो वीरता दिखाई, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत है।' मंच का संचालन एनएसएस स्वयंसेवी वैदेही शर्मा ने कुशलता से किया। इस अवसर पर एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी, एनसीसी केयरटेकर डॉ. विनोद कुमार, रोवर हेड कमलेश महाजन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान की मधुर स्वर लहरियों के साथ आयोजन का समापन हुआ।

### साइबर अपराध से सतर्क रहने का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, ऊना। हिमाचल उपभोक्ता संरक्षण परिषद द्वारा भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के सहयोग से स्कॉलर्स यूनिफाइड वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, अरनियाला (ऊना) में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता परिषद के उपाध्यक्ष रणजीत सिंह ने की। इस दौरान बच्चों को साइबर अपराध, नशा निवारण और उपभोक्ता अधिकारों से जुड़ी विभिन्न जानकारियां दी। इसके साथ ही उपभोक्ताओं के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी, शिकायत निवारण प्रणाली और डीएनडी जैसी सेवाएं प्रमुख रहीं। रणजीत सिंह ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराध के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने बच्चों, शिक्षकों और उपभोक्ताओं को सतर्क करते हुए बताया कि इंटरनेट, मोबाइल एप्लिकेशन और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सावधानी बरतना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि कोई भी व्यक्ति अपनी निजी जानकारी, बैंक डिटेल्स, एटीएम पासवर्ड या ओटीपी किसी से साझा न करें। उन्होंने कहा कि ट्राई टेलीफोन उपभोक्ताओं की शिकायतों के प्रभावी समाधान और अनचाही वाणिज्यिक कॉल्स व मैसेज से राहत दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि यदि कोई साइबर अपराध का शिकार होता है, तो वह राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल या राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकता है।

### 187 छात्रों ने अग्निवीर लिखित परीक्षा पास की



बंगाणा स्थित करियर प्वॉइंट डिफेंस अकादमी के प्रबंधक चयनित कैडेटों के साथ।

अनंत ज्ञान, बंगाणा। बंगाणा स्थित करियर प्वॉइंट डिफेंस अकादमी ने सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए हुई लिखित परीक्षा में बड़ी सफलता हासिल की है। अकादमी के कुल 187 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में उत्तीर्ण होकर अगले चरण के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की। इनमें से 42 छात्रों ने ऑनलाइन और 145 छात्रों ने रेगुलर कोर्स से सफलता पाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैप्टन पीसी शर्मा और प्रबंधक मनोज अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि अब शारीरिक परीक्षा का दौर है। इसमें अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी होगा। मुख्य अध्यापक साहिल शर्मा ने सभी छात्रों को आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहें।

# गगरेट में बिना अनुमति पंजाब पुलिस की तैनाती से मचा हड़कंप

## ऊना के एसपी के हस्तक्षेप के बाद हटाए गए जवान, सीमांत क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

अनंत ज्ञान टीम, ऊना/गगरेट

सावन नवरात्र के पहले ही दिन गगरेट में एक चौंकाने वाला दृश्य सामने आया, जब श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच पंजाब पुलिस के जवान हिमाचल की सीमा में ट्रैफिक व्यवस्था संभालते नजर आए। इससे भी अधिक हैरानी की बात यह रही कि इस बारे में न तो गगरेट प्रशासन को जानकारी थी और न ही जिला पुलिस को। यह घटना न केवल प्रशासनिक चूक की ओर इशारा करती है, बल्कि राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है।

गगरेट क्षेत्र सीमांत और संवेदनशील श्रेणी में आता है। पंजाब से सटे इस क्षेत्र से कई मार्ग हिमाचल में प्रवेश करते हैं, जिससे यह क्षेत्र सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बन जाता है। ऐसे में बिना अनुमति बाहरी पुलिस बल का इस क्षेत्र में तैनात होना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह एक संभावित सुरक्षा खतरे का भी संकेत है। शुक्रवार शाम गगरेट बाजार में जब श्रद्धालुओं की भीड़ अपने चरम पर थी, तभी वहां पंजाब पुलिस के जवान ट्रैफिक नियंत्रित करते देखे गए।

स्थानीय पुलिस की मौजूदगी के बावजूद इस ड्यूटी को निभा रहे जवानों को देख लोगों के मन में भ्रम और चिंता की स्थिति पैदा हो गई। सवाल उठना लाजमी था कि क्या किसी भी राज्य की पुलिस बिना अनुमति दूसरे राज्य में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा सकती है?

सूत्रों के अनुसार पंजाब पुलिस के जवान नवरात्र के पहले दिन ही गगरेट में पहुंचकर तैनात हो गए थे। जैसे ही यह मामला एसपी ऊना अमित यादव के संज्ञान में आया, उन्होंने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए जवानों को हिमाचल सीमा से बाहर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की ड्यूटी के लिए पंजाब पुलिस द्वारा कोई अनुरोध नहीं किया गया था। यह पूरा घटनाक्रम प्रशासनिक व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर करता है।

गगरेट जैसे क्षेत्र, जहां से होकर प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु माता आशा देवी के दर्शन के लिए जाते हैं, वहीं कई वीआईपी और वीवीआईपी भी इसी मार्ग से गुजरते हैं। ऐसी संवेदनशील परिस्थितियों में यदि कोई असामाजिक तत्व पुलिस की वर्दी पहनकर घुसपैठ कर जाए तो बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता। हैरान करने वाली बात यह भी है कि गगरेट क्षेत्र में करोड़ों रुपए खर्च कर वैकल्पिक मार्ग बनाए गए, लेकिन आज तक उनका प्रभावी उपयोग नहीं किया गया। हर वर्ष श्रद्धालुओं को मुख्य बाजार में जाम से जूझना पड़ता है, जबकि प्रशासन रसूखदारों को प्राथमिकता देता नजर आता है।

### सीमांत क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर कोई ठोस रणनीति नहीं

इस घटना ने न केवल कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगाया है, बल्कि यह भी सिद्ध कर दिया है कि सीमांत क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर कोई ठोस रणनीति नहीं अपनाई जा रही है। अब जनता जानना चाहती है कि ऐसी लापरवाहियों पर कब सख्त कार्रवाई होगी और क्या भविष्य में कोई ठोस जवाबदेही तय की जाएगी या नहीं।

### घटना को लेकर क्या बोले अधिकारी

इस मामले पर एसपी ऊना अमित यादव ने कहा कि मुझे मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली। मेले में पंजाब से श्रद्धालु आते हैं और आशा देवी तक पंजाब क्षेत्र है, जहां पंजाब पुलिस की ड्यूटी होती है। उन्हें सिर्फ आशा देवी क्षेत्र तक सीमित रहना था। वहीं, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. मुकेश कुमार ने भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुझे जानकारी नहीं है कि किसके आदेश पर पंजाब पुलिस के जवान गगरेट में तैनात हुए, इसकी जांच की जाएगी।

# चिंतपूर्णी में श्रावण अष्टमी मेले के आगाज पर उमड़े हजारों श्रद्धालु



मां चिंतपूर्णी मंदिर विधायक कमलेश ठाकुर पूजा-अर्चना करते हुए।

विकास शर्मा, अनंत ज्ञान

चिंतपूर्णी। चिंतपूर्णी में श्रावण अष्टमी मेला का आगाज हो चुका है, जिसमें देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु मां चिंतपूर्णी के पावन पिंडी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मेला 25 जुलाई से लेकर 3 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे देसी विदेशी फूलों से सजाया गया है और अलग-अलग प्रकार की लाइटिंग की गई है। मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में गतिविधियों को सुनिश्चित किया जा रहा है और अस्थायी कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं ताकि मेला क्षेत्र में साफ-सफाई और पेयजल सुविधा को सुनिश्चित किया जा सके।

सहायक मेला अधिकारी ने की जांच : सहायक मेला अधिकारी एवं एसडीएम अंब ने क्विक रिस्पांस टीम के साथ चिंतपूर्णी मेला क्षेत्र में दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कुछ लंगर संस्थाओं की जांच की और साफ-सफाई के दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने अस्थाई दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानें नाली से पीछे हटाएं नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने पानी के टैंकरों की समस्या को सुनते हुए पानी की समस्या का भी हल किया।

## रचनात्मक प्रतियोगिताओं में वीपीएस के छात्र अव्वल

अनंत ज्ञान, ऊना



रचनात्मक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी।

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में छात्रों की प्रतिभा को उभारने के लिए विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों की भाषा अभिव्यक्ति क्षमता और मंच प्रस्तुति कौशल को प्रोत्साहित करना था। इसमें कक्षा पहली से चौथी तक के विद्यार्थियों के लिए 'इंग्लिश पोयम रेसिटेशन प्रतियोगिता' और कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए 'इंग्लिश एक्सटेंपोर प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

'इंग्लिश पोयम रेसिटेशन प्रतियोगिता' में नन्हें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। बच्चों ने भावपूर्ण आवाज, सुंदर उच्चारण और अभिनययुक्त अंदाज में अंग्रेजी कविताएं प्रस्तुत कीं। अध्यापकों ने बच्चों की मासूम आवाज और उनके आत्मविश्वास की भरपूर सराहना की यह प्रतियोगिता न केवल उनके अंग्रेजी भाषा कौशल को निखारने का अवसर बनी,बल्कि मंच पर बोलने का भी बेहतरीन अभ्यास सिद्ध हुई। 'स्ट्रॉबेरी ग्रुप' (कक्षा प्रथम) से शानवी शर्मा प्रथम, लवदीप सिंह द्वितीय तथा दृष्टि तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी से आध्या गुप्ता प्रथम, सुधान जसवाल द्वितीय तथा आरव भारद्वाज, दलराज रिहल तृतीय स्थान पर रहे।

'एप्पल ग्रुप' (कक्षा तीसरी) से नेरिती शर्मा प्रथम, कक्षा चौथी से प्रियल वर्मा, हारविका चौधरी प्रथम स्थान पर रहे। 'इंग्लिश एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता' के लिए विभिन्न सामाजिक एवं राष्ट्रीय महत्व के विषय दिए गए- इंपोर्टेंस ऑफ गुड मैनर्स, द बेस्ट डे ऑफ माय लाइफ, ए डे विदाउट होमवर्क, बुक वर्सिज स्क्रीन बट आय प्रेफर, पावर ऑफ पॉजिटिव थिंकिंग, बुमन एंपावरमेंट इन टुडेज वर्ड, इज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ए थ्रेट, रोल ऑफ यूथ इन नेशन बिल्डिंग, इंपोर्टेंस ऑफ मेंटल हेल्थ। विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास, स्पष्टता और प्रभावशाली शब्दावली के साथ बोलकर अध्यापकों को प्रभावित किया ।यह प्रतियोगिता छात्रों के सोचने की गति, भाषा पर पकड़ ,आत्म अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास की परीक्षा थी, जिसमें उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने बच्चों की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि इन प्रतियोगिताओं से बच्चों की अंग्रेजी भाषा पर पकड़ मजबूत होती है और उन्हें सार्वजनिक मंच पर बोलने का आत्मविश्वास प्राप्त होता है।

## उपमुख्यमंत्री मुकेश ने जरूरतमंद लाभार्थियों को वितरित किए चेक

अनंत ज्ञान, ऊना



जरूरतमंद लोगों को चेक प्रदान करते डिप्टी सीएम।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सामाजिक सरोकार को लेकर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए शनिवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के गोंदपुर जयचंद में लाभार्थियों को मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए। इस दौरान 10 जरूरतमंद लाभार्थियों को 6.08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता के चेक प्रदान किए गए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। संकट की घड़ी में सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है और यह सहायता उसी सोच का हिस्सा है।

इस अवसर पर उन्होंने जन समस्याएं भी सुनीं। इनमें से अधिकांश समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि बाकी मामलों के निपटारे के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए गए। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि हरोली अस्पताल के नेत्र ओपीडी में 3.90 लाख रुपए की लागत से अत्याधुनिक स्लित लैंप मशीन स्थापित की गई है। इस मशीन के लगने से अब बेहतर इलाज उपलब्ध हो सकेगा। अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूती देने के लिए पुलों के निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं।

इस अवसर पर एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, ग्राम पंचायत धर्मपुर की प्रधान सुभद्रा चौधरी, बाथू पंचायत की प्रधान सुरेखा राणा, कांगड़ पंचायत के उप प्रधान गणेश कौशल, सलोह पंचायत के पूर्व प्रधान मधु धीमान व विनोद बिट्टू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## आपदा में अवसर खोजती है भाजपा : सीमा



अनंत ज्ञान, ऊना। आपदा में अवसर ढूंढने वाली भाजपा की प्रवृत्ति थमने का नाम नहीं ले रही, आपदा पीड़ितों से मिलने के लिए सरकार के प्रतिनिधि घर-द्वार तक पहुंच रहे हैं लेकिन यह भाजपा नेताओं को रास नहीं आ रहा है। यह बात ऊना ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा शर्मा ने कही।

उन्होंने कहा कि सुनियोजित षड्यंत्र के तहत जिस प्रकार बागवानी मंत्री जगत राम नेगी के साथ घेराव कर उद्दंड व्यवहार किया गया, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा नेता आपदा पीड़ितों के हितैषी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार फील्ड में रहकर आपदा पीड़ितों के दुख में शामिल होकर उनको सुविधाएं प्रदान करने में कृत संकल्प है लेकिन भाजपा नेता सरकार के कार्यों में बाधा डालने के लिए, ऐसे कृतियों को अंजाम दे रहे हैं।

## आईटीआई ऊना में साक्षात्कार 29 को

अनंत ज्ञान, ऊना। आईटीआई ऊना में 29 जुलाई को होंडा कार इंडिया लिमिटेड राजस्थान द्वारा साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है। इसमें फिटर, ऑटोमोबाइल, आरएसी, ड्राफ्टसमैन, एमएमवी, मशिनिस्ट, टर्नर, वेल्डर और डीजल मैकेनिक ट्रेडों के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। आईटीआई ऊना के प्रधानाचार्य इं. अंशुल भारद्वाज ने बताया कि साक्षात्कार में केवल पुरुष अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

अप्रेंटिसशिप के लिए 18 से 23 वर्ष आयु वर्ग के फ्रेशर युवा और फिक्स्ड टर्म एसोसिएट्स के लिए एक वर्ष का अनुभव और आयु 19 से 25 वर्ष होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए तथा कोविड की दोनों डोज लगी होनी चाहिए। कंपनी के प्रवक्ता अखिलेश प्रजापति ने बताया अप्रेंटिसशिप के लिए चयनित अभ्यर्थियों को 14,250 और फिक्स्ड टर्म एसोसिएट्स के लिए चयनित अभ्यर्थियों को 24,450 प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा।

## कुटलैहड़ के लंबित विकास कार्यों को लेकर वीरेंद्र कंवर ने अनुराग ठाकुर से की मुलाकात

अनंत ज्ञान, बंगाणा



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र कंवर ने सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से भेंट की। इस दौरान उन्होंने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण और लंबे समय से लंबित विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की और इनके शीघ्र निष्पादन की मांग की। कंवर ने अनुराग ठाकुर को सौंपे गए डिमांड चार्टर में बताया कि केंद्रीय विद्यालय बंगाणा के भवन निर्माण एवं अन्य संबद्ध कार्यों का करीब 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन शेष कार्य लंबे समय से रुका हुआ है, जिससे विद्यार्थियों को सुविधा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने इसके त्वरित पूरा किए जाने की आवश्यकता जताई।

इसी प्रकार राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में बनाए जा रहे इनडोर स्टेडियम का कार्य भी 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, परंतु इसका शेष कार्य भी अधर में लटका है। कंवर ने कहा कि यदि यह स्टेडियम शीघ्र पूरा होता है तो इससे क्षेत्रीय युवाओं को खेलों के क्षेत्र में बेहतर अवसर मिल सकेंगे। इसके अतिरिक्त, मंदली-लठियाणी पुल के साथ प्रस्तावित बाईपास मार्ग की योजना को लेकर भी उन्होंने चिंता जताई।

उन्होंने सुझाव दिया कि झील से बाजार तक की पुरानी और मौजूदा सड़क को भी बाईपास के साथ जोड़ा जाए, ताकि व्यापारिक गतिविधियों को नुकसान न हो और आम जनता को भी सुविधा मिले। वीरेंद्र कंवर ने अनुराग ठाकुर से आग्रह किया कि वे इन तीनों मामलों में व्यक्तिगत हस्तक्षेप कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करवाएं, ताकि कुटलैहड़ क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिल सके।

## इनरव्हील क्लब की नई टीम ने किए अपने-अपने पद ग्रहण

अनंत ज्ञान, ऊना



इनरव्हील क्लब की पद स्थापना कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी।

इनरव्हील क्लब ऊना की वर्ष 2025-26 के लिए नई टीम का पदस्थापना समारोह रक्कड़ कॉलोनी के निजी होटल में संपन्न हुआ। इनरव्हील क्लब की नवनिर्वाचित अध्यक्ष शोभा सोनी व सचिव अमरजीत बबली की टीम ने पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान क्लब प्रधान रमा कंवर ने नवनिर्वाचित प्रधान शोभा सोनी को क्लब कालर पहनाया तथा प्रधान का बैच लगाया। इस दौरान टीम के सभी सदस्यों का परिचय करवाया गया।

इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष शोभा सोनी ने कहा कि क्लब का उद्देश्य जनसेवा व सामाजिक विषयों के प्रति जनजागरूकता फैलाना है, जिसको लेकर लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा सेवा के विभिन्न कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है,वहीं मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य में मदद करके उनके सामाजिक व आर्थिक जीवन स्तर में परिवर्तन लाने का प्रयास भी किया जा रहा है। वहीं जरूरतमंद को राशन देने के साथ-साथ अन्य मदद भी इनरव्हील टीम आगे बढ़ कर के प्रदान कर रही है। महिलाओं का सशक्तिकरण हो इस दिशा में भी काम किया जा रहा है। महिलाएं अधिक से अधिक सेवा कार्यों से जुड़े इस को लेकर बेहतर प्रयास हुए हैं और नए सदस्य क्लब के साथ जुड़ रहे हैं। क्लब की सचिव अमरजीत बबली ने कहा कि क्लब का उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों को दूर करते हुए सही मायनों में जरूरतमंद तक पहुंचकर मदद करना है।

उन्होंने कहा कि जहां हम सेवा के कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। वहीं, अपनी संस्कृति की विरासत को भी आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर क्लब की पूर्व अध्यक्ष रमा कंवर, प्रधान शोभा सोनी, सचिव अमरजीत बबली, कैशियर निरुपमा महाजन, क्लब एडिटर डॉ. जागृति दत्ता, उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा, आईएसओ मीरा मेहता, पूर्व प्रधान सीमा वशिष्ठ, पूर्व प्रधान जतिंद्र कौर, सुमन पुरी, नीलम साही, रजिता कसाणा, रेखा शर्मा, पूर्व सचिव रंजना जसवाल, कमला कंवर, रमा कालिया, मेघा ओहरी, अनुपा ठाकुर, रंजना बक्शी, तेजिंद्र अरोड़ा उपस्थित रहीं।

तीज त्योहार मनाया : इनरव्हील क्लब सदस्यों ने इतीज पर्व भी मनाया। इसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। पारंपरिक वेशभूषा में सजधजकर कार्यक्रम में पहुंची महिलाओं ने गिद्दा पेश किया, समूह नृत्यों के अलावा फैशन शो भी आयोजित किया गया।

**नमन** कुटलैहड़ में कारगिल विजय दिवस पर ननावीं में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

# वीर जवानों की विजय गाथा पर देश कर रहा नमन : विवेक

राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान



कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के धुंघला पंचायत के ननावीं गांव में पूर्व सैनिक और ग्रामीण।

बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के धुंघला पंचायत में ननावीं गांव में कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर एक भावुक और गर्वपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शहीद बृजेश कुमार के सम्मान में बने मुख्य गेट पर किया गया, जो वीर सपूतों शहादत भारत की विजय गाथा का एक अमिट हिस्सा है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता सेना से सेवानिवृत्त कर्नल धर्मेन्द्र सिंह पटियाल ने की, वहीं एसडीएम बंगाणा अमित कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 1999 की कारगिल विजय गाथा भारतीय सेना की वीरता, संकल्प और अटूट देशभक्ति का प्रतीक है। आज जब देश विजय दिवस मना रहा है, तो हमें उन वीर सपूतों को याद करना चाहिए, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

कुटलैहड़ की धरती भी शहीद बृजेश कुमार जैसे वीर सपूत पर गर्व करती है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कारगिल युद्ध एक ऐसा संघर्ष था जिसमें दुश्मन ने छुपकर हमला किया, लेकिन भारतीय सेना ने पराक्रम और साहस के बल पर दुश्मन के मंसूबों को ध्वस्त कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कर्नल धर्मेन्द्र सिंह पटियाल ने 1999 के कारगिल युद्ध की अपनी आंखों देखी गाथा साझा की। उन्होंने बताया कि उस युद्ध के समय पाकिस्तान की सेना पहाड़ी चोटियों पर कब्जा कर बैठी थी और उन्हें नीचे से खदेड़ना अत्यंत कठिन कार्य था। हमारी टुकड़ियों ने दिन-रात युद्ध किया, दुश्मन की गोलियों और बर्फीले तूफानों के बीच, लेकिन एक इंच भी पीछे नहीं हटे। कर्नल धर्मेंद्र पटियाल ने बताया कि भारतीय सेना ने बिना किसी डर के दुश्मन की चौकियों पर हमला किया और उन्हें वापस खदेड़कर विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान न केवल भौगोलिक स्थिति में मजबूत था, बल्कि हथियारों के लिहाज से भी बेहतर स्थिति में था। फिर भी भारतीय जवानों ने साहस और रणनीति से उन्हें धूल चटा दी। कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों, स्कूल के बच्चों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने भाग लिया। शहीद बृजेश कुमार के परिवारजन भी उपस्थित रहे, जिन्हें कार्यक्रम में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। शहीद के माता-पिता की आंखों में गर्व और पीड़ा दोनों की झलक थी, लेकिन उन्होंने पूरे गांव के सामने कहा कि हमें गर्व है कि हमारा बेटा देश के लिए शहीद हुआ। स्थानीय स्कूल के छात्रों ने देशभक्ति गीत और नाट्य प्रस्तुतियां देकर समां बांधा। कार्यक्रम के अंत में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

# बंगाणा भाजपा कार्यालय में बड़ी धूमधाम से मनाया 26वां कारगिल विजय दिवस



बंगाणा भाजपा कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शहीदों को नमन किया।

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के बंगाणा भाजपा कार्यालय में 26वां कारगिल विजय दिवस पूरे जोश और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गगरेट के पूर्व विधायक राजेश ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यालय पहुंचने पर कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक भुट्टो के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय सेना के शहीद वीर जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर शहीद परिवारों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

मुख्यातिथि राजेश ठाकुर ने कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय सेना ने जिस वीरता, साहस और आत्म बल से दुश्मनों को मुंह तोड़ जवाब दिया और विजय हासिल की, उसकी गाथा आज पूरा देश गा रहा है। इस कार्यक्रम में चिंतपूर्णी के पूर्व विधायक बलबीर चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम मिन्हास, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा और भाजपा नेत्री संतोष सैनी ने भी अपने विचार रखे। सभी ने कारगिल विजय को भारतीय सेना की वीरता और देशभक्ति की मिसाल बताया।

# ...जब इंस्ट्रक्टर ने खुद लिखा अपने बलिदान का अध्याय

## गुफा में घुसे अकेले, 17 घुसपैठियों को मारकर शहीद हुए डोला राम, कुल्लू जिले के एकमात्र कारगिल शहीद

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

कारगिल विजय दिवस पर विशेष

**आनी।** कारगिल युद्ध के दौरान जब शाम करीब 6 बजे रोल कॉल के बाद सेना के बड़े अधिकारी ने 27 राजपूत रेजिमेंट के जवानों को बताया कि पाकिस्तानी घुसपैठ हो रही है और द्रास सेक्टर में मोर्चा संभालना है, तो डोला राम सहित हर जवान ने सीना ठोककर कहा-हुक्म करें साहब, लेकिन जब डोला राम ने अपनी इच्छा जताई, तो उन्हें यह कहकर रोका गया कि वे टुकड़ी के इंस्ट्रक्टर हैं, परंतु देशभक्ति और जिद के चलते उन्होंने खुद रजिस्टर में अपनी मर्जी से नाम दर्ज किया और अंततः उन्हें द्रास की ऊंची चोटी पर चढ़कर सेना के लिए सुरक्षित रास्ता खोजने की जिम्मेदारी दी गई। एक कुशल पर्वतारोही और बॉक्सर होने के नाते उन्होंने न सिर्फ अपने दो अन्य साथियों के साथ यह कार्य सफलता से किया, बल्कि रास्ते में एक गुफा से आती आवाजों पर संदेह होने पर पहले अकेले ही पिस्टल लेकर अंदर घुसे। वहां भारी मात्रा में असलहा और आतंकी थे।

उन्होंने अपने दो साथियों संग 17 घुसपैठियों को मार गिराया, लेकिन वीरगति को प्राप्त हो गए। यह वीरगाथा कारगिल शहीद डोला राम की पत्नी प्रेमा देवी ने साझा की। कुल्लू जिले के निथर के शकरोली गांव के निवासी शहीद डोला राम कारगिल युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले जिले के एकमात्र वीर सपूत हैं।

### शहीद को मिला सम्मान परिवार को मिला सहारा

**शहीद** की पत्नी प्रेमा देवी बताती हैं कि सरकार द्वारा वादानुसार उन्हें मुआवजा और एक पेट्रोल पंप मिला, जिससे उन्होंने खुद का और अपने छोटे बच्चों का पालन-पोषण किया। शहीद के भाई स्वर्ण कटोच को सरकारी नौकरी मिली और निथर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल का नाम शहीद डोला राम के नाम पर रखा गया। इसके अलावा उनके तीनों पैतृक गांवों शकरोली, शनाह और भुट्ठी को जोड़ने वाली निथर से कोयल सड़क भी शहीद के नाम पर बनाई गई है।



कारगिल युद्ध में शहीद हुए डोला राम की प्रतिमा।

### शहीद का स्मारक सीमेंट से नहीं, संगमरमर या धातु से बने

**प्रेमा** देवी कहती हैं कि निथर स्कूल में शहीद स्मारक जरूर बना है, लेकिन वह सीमेंट से बना होने के कारण बार-बार क्षतिग्रस्त हो जाता है। उनकी मांग है कि इसे संगमरमर या धातु से बनाया जाए, ताकि यह स्थायी रहे। इसके अलावा, जिन तीन गांवों को जोड़ने वाली सड़क शहीद के नाम पर बनी है, वहां तीनों गांवों में बड़े गेट बनाने का वादा सरकार ने किया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ है।

### वीर ही नहीं, आदर्श पति भी थे डोला राम

**प्रेमा** देवी भावुक होकर कहती हैं कि विवाह से पहले उन्हें डर था कि कहीं पति अच्छा न निकले, लेकिन डोला राम न सिर्फ वीर सैनिक थे, बल्कि बेहद हंसमुख, मिलनसार और दूसरों की इज्जत करने वाले इंसान थे। वे यूनिट में भी हर कार्य के लिए तत्पर रहते थे और कभी झूठ नहीं बोलते थे, भले ही सजा क्यों न हो। उनकी ईमानदारी और देशभक्ति आज भी लोगों की जुबान पर है। उनके व्यवहार से आज तक उनके आस-पड़ोस के लोग उन्हें याद करते हैं। वे ऊंच नीच, छोटा बड़ा कुछ भी नहीं मानते थे और सभी को इज्जत देते थे। देशभक्ति का जज्बा उनमें इस कदर कूट-कूट कर भरा था कि यूनिट में भी हमेशा हर काम के लिए तत्पर रहते थे। ईमानदार इतने थे कि यूनिट में भी झूठ नहीं बोलते थे, भले ही उन्हें किसी गलती पर दंडित ही क्यों न होना पड़े।

### शहादत की सूचना और वह दिन

**प्रेमा** देवी बताती हैं कि 3 जुलाई को वे नाहन में थीं बच्चों को गर्मियों की छुट्टियां होने को थी, उन्हें घर लौटना था इसलिए वे बैंक का काम निपटाने गई थीं और बैंक से लौटते समय जब उन्होंने घर के बाहर अधिकारियों को देखा, तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। उन्हें बताया गया कि पति को पांव पर गोली लगी है और उन्हें शिमला अस्पताल लाया जा रहा है, लेकिन अंदर से उन्हें आभास हो गया था कि डोला राम अब शहीद हो गए हैं, जब सच्चाई सामने आई तो वे टूटी जरूर, लेकिन बच्चों की खातिर खुद को संभाला और देश के सम्मान को अपनी ताकत बनाया।

## शहीद वीरों को याद कर दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति भाजपा ने शनिवार को जिला मुख्यालय केलांग में कारगिल विजय दिवस को श्रद्धापूर्वक मनाया। इस अवसर पर जिले से संबंध रखने वाले भूतपूर्व सैनिकों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर द्वारा शहीद रास बिहारी की प्रतिमा पर खतग पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की गई। रवि ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को याद कर उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। रवि ने इस मौके पर कहा कि देश की सरहदें सैनिकों के बलिदान से सुरक्षित हैं और लाहौल-स्पीति के सैकड़ों जवान भी सीमाओं की रक्षा में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि अब स्वांगला समुदाय के युवाओं को भी लद्दाख स्काउट्स में सेवा देने का अवसर मिल रहा है, जो गौरव की बात है। कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिकों में शामिल रहे कैप्टन प्रेम लाल (डोगरा स्काउट्स), कमांडेंट चेतन सिंह (एसएसबी), सूबेदार रिंचेन दोरजे (लद्दाख स्काउट्स), टशी वांगदुई (भारतीय सेना, आर्मी इंटेलिजेंस), गोविंद और हीरालाल को रवि ठाकुर ने टोपी और खतग पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष रिगजिन हायरपा ने वीर सैनिकों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि कारगिल युद्ध में देश के अनेक सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी।

## कारगिल विजय दिवस पर कुल्लू में वीरों को अर्पित की श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर कुल्लू में एक कार्यक्रम बहुउद्देशीय भवन में आयोजित किया गया। इसमें 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए भारतीय सेना के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने की। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों, विचार अभिव्यक्तियों और पुष्पांजलि कार्यक्रमों के माध्यम से वीरों जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।

डीसी ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को राष्ट्रभक्ति, कर्तव्य और मातृभूमि की एकता व अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने वीर शहीदों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय सेना के पराक्रम, शौर्य और साहस से देश के हर नागरिक को आत्मविश्वास और सुरक्षा का एहसास होता है। हमारे भूतपूर्व सैनिक हमेशा किसी भी परिस्थिति में राष्ट्र सेवा के लिए तत्पर रहते हैं और प्रशासन को निरंतर उनका सहयोग प्राप्त होता है। डीसी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल देश के वीर सपूतों को स्मरण करने का अवसर हैं, बल्कि युवा पीढ़ी को प्रेरित करने और देशभक्ति की भावना जागृत करने का माध्यम भी हैं। उन्होंने हिमाचल के सैनिकों की वीरता का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि इस वीर भूमि के जवानों ने हर अवसर पर अपनी बहादुरी का लोहा मनवाया है। इस क्रम में उन्होंने कुल्लू जिले के निरमंड उपमंडल के शकरोली गांव से संबंधित शहीद हवलदार डोला राम के बलिदान को भी श्रद्धापूर्वक याद किया और उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। डीसी ने जानकारी दी कि जिले में शहीद स्मारक का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और आगामी एक माह के भीतर इसका औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही उन्होंने जिला सोल्जर बोर्ड की बैठक भी अगले एक माह में आयोजित किए जाने का आश्वासन दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### पांच दिन बंद रहेगा सियाली महादेव मंदिर

**अनंत ज्ञान, मनाली।** सावन के महीने में जहां शिवालयों में भक्तों की भीड़ देखने को मिलती है। वहीं, मनाली का सियाली महादेव मंदिर पांच दिनों तक बंद रहेगा। गत वर्ष मंदिर की प्रतिष्ठा के बाद लोक कल्याण के लिए सियाल महादेव मंदिर में रुद्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के कारदार जयचंद ने बताया कि 26 से 30 जुलाई तक होने वाले इस महायज्ञ के चलते मंदिर श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेगा। उन्होंने कहा कि इस लोक कल्याण और घाटी में आने वाली आपदाओं से लोगों के रक्षा करने के लिए देवादेश के अनुसार इसका आयोजन किया जा रहा है। इस यज्ञ में घाटी के 8 देवता विराजमान हुए हैं, जबकि 11 ब्राह्मणों द्वारा 5 दिनों तक रुद्री जप किया जाएगा। कारदार ने बताया कि 30 को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें अधिक से अधिक श्रद्धालु आकर देवताओं के आशीर्वाद के साथ-साथ भंडारे में देवभोज ग्रहण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद दक्षांश स्वरूप भी यज्ञ का आयोजन आवश्यक था।

### आनी कॉलेज में वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी में कारगिल विजय दिवस बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आठवीं बटालियन एनसीसी रामपुर की आनी कॉलेज कंपनी द्वारा वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कुंवर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कारगिल युद्ध के रणबांकुरों को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी और विद्यार्थियों को उनके बलिदान की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. कुंवर ने कहा कि हम कैप्टन विक्रम बत्रा सहित उन सभी शहीदों को कभी नहीं भूल सकते, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने छात्रों से देशभक्ति, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रोफेसर नरेंद्र पॉल, प्रोफेसर महेश्वर सिंह, प्रोफेसर रजनीश, प्रोफेसर विनोद, प्रोफेसर निर्मल सिंह सहित समस्त कॉलेज स्टाफ ने भी श्रद्धांजलि दी। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट अशोक भारद्वाज ने कहा कि भारतीय सेना के पराक्रम और बलिदान की बदौलत ही देश आज सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध इस बात का प्रतीक है कि भारत माता के वीर सपूत हर चुनौती का डटकर मुकाबला करने में सक्षम हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और भारत माता की जय घोष के साथ किया गया।

### 50 से 55 लोगों की आंखें व स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** रोटरी आई हॉस्पिटल कुल्लू द्वारा रायसन से सटे गांव नांगाबाग में आंखों का निशुल्क शिविर लगाया गया। इस शिविर में वरिष्ठ नागरिक कुल्लू इकाई के विशेषज्ञ डॉक्टर सुरेश शर्मा द्वारा लोगों का जनरल चेकअप (बीपी शुगर) की भी जांच की गई व उनके द्वारा मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। इसमें रोटरी संस्थापक सदस्य रोटेरियन पीडी लाल, रोटेरियन वीके कपूर, रोटेरियन राजीव शर्मा, रोटेरियन अंशुल पराशर व वरिष्ठ नागरिक कुल्लू इकाई की ओर से अध्यक्ष प्रोफेसर यशपाल महंत, डॉक्टर कुलभूषण कपूर, गोपाल बांगा, विनोद करीर, किशोर चंद महंत विशेष रूप से उपस्थित रहे। ज्ञात रहे कि पिछले कई दशकों से रोटरी आई हॉस्पिटल द्वारा गांव के दूरदराज क्षेत्रों में इस तरह के निशुल्क जांच शिविरों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में नांगाबाग में निशुल्क शिविर लगाया गया। रोटरी आई हॉस्पिटल के चेयरमैन रोटेरियन ईडीवर मेहता ने कहा कि महीने में हॉस्पिटल द्वारा पांच से दस निशुल्क शिविर लगाए जा रहे हैं। भविष्य में शिविरों की संख्या बढ़ाई जाएगी, ताकि जरूरतमंद लोग इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा उठा सकें। रोटरी आई हॉस्पिटल की ओर से विशेषज्ञ टेक्नीशियन नवीन, विनोद ने इस नेक कार्य में अपना योगदान दिया व लोगों की आंखें जांचीं। इस शिविर में तकरीबन 50 से 55 लोगों की आंखों की जांच व स्वास्थ्य की जांच की गई। इस शिविर के सफल आयोजन के लिए प्रधान ग्राम पंचायत बंदरोल निर्मला ठाकुर ने सभी गणमान्यों का आभार व्यक्त किया।

### धार्मिक स्थलों से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं : जयचंद

**अनंत ज्ञान, मनाली।** कारदार संघ कुल्लू के पूर्व अध्यक्ष एवं सियाली महादेव मनाली के कारदार जयचंद ने बिजली महादेव रोपवे का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि कुल्लू की समस्त जनता इस रोपवे का विरोध कर रही है। प्रदेश सरकार को जनता की भावनाओं की कद्र करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थानों से छेड़छाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पहले भी यह रोपवे का विरोध कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिले के सभी कारदारों को रोपवे का विरोध करना चाहिए। जयचंद ने कहा कि जो काम देवी-देवताओं को पसंद नहीं हैं, वह काम सरकार को तत्काल बंद कर देने चाहिए। जय चंद ने कहा कि मनाली के धार्मिक पर्यटन स्थल जोगनी फाल में भी बिजली प्रोजेक्ट लग रहा था। घाटी के लोगों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने व देव स्थानों से छेड़छाड़ की बात न कर इस प्रोजेक्ट का विरोध किया था। सरकार ने लोगों की भावनाओं की कद्र करते हुए उसे बंद कर दिया था। प्रदेश सरकार से भी आग्रह है कि लोगों की भावनाओं को देखते हुए बिजली महादेव रोपवे को बंद कर दें अन्यथा देव समाज सहित घाटी के लोग सड़कों पर उतरने को विवश होंगे।

### स्वच्छता से कॉलेज का परिसर हुआ सुंदर व स्वच्छ

**अनंत ज्ञान, आनी।** जिला प्रशासन कुल्लू व स्थानीय प्रशासन निरमंड के दिशा-निर्देशों के तहत शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय निरमंड में स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना था। इस अभियान का नेतृत्व कॉलेज की प्राचार्या डॉ. राजन देवी नेगी व एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. संदीप कुमार ने किया। बीए और बीकॉम के प्रथम, द्वितीय व अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवियों ने मिलकर पूरे उत्साह से भाग लिया। विद्यार्थियों ने झाड़ू लगाई, कचरा एकत्रित किया और गंदगी हटाकर परिसर को साफ-सुथरा बनाया। बीए/बीकॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने कार्यालय व कक्षाओं के आगे, प्रथम वर्ष के छात्रों ने भवन के पीछे तथा द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने कैंटीन क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। प्राचार्या डॉ. राजन देवी नेगी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिवस का कार्य नहीं, बल्कि यह हमारी आदत और जिम्मेदारी होनी चाहिए। इस अवसर पर सुष्मिता, ममता, चेत राम, शीटल, नितीश, विशाल, कुलदीप, जतिन आदि विद्यार्थी विशेष रूप से सक्रिय रहे।

## भाजपा राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर करती है विश्वास : गोविंद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर विश्वास करती है। यह जानकारी पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने देव सदन में जिला भाजपा द्वारा आयोजित कारगिल विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में कही।


उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम बाकी सब बाद में रहता है। देश रहेगा, तो बाकी कार्य बाद में भी होते रहेंगे। उन्होंने इस अवसर पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके दिए गए बलिदान को याद किया। उन्होंने बताया कि जब जब भी पाकिस्तान हमारे देश के प्रति कायराना हरकत करता है, उसे हमेशा मुंह की खानी पड़ती है। हमारी सेना ने हमेशा पाकिस्तान की कायराना हरकत का मुंहतोड़ जवाब दिया है। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशेषातिथि ब्रिगेडियर मधुसूदन ने अपने वक्तव्य में कारगिल युद्ध के दौरान अपने अनुभवों को साझा किया। इनके साथ कुछ अन्य पूर्व सेना अधिकारियों ने भी अपने युद्ध अनुभव साझा किए। जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने इस अवसर पर आए विशेष अतिथियों का स्वागत किया तथा कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को याद किया। बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने इस कार्यक्रम में पधारे सभी प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भी कारगिल विजय दिवस पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

# भुंतर डबललेन बैली ब्रिज का 30 साल का इंतजार खत्म

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**कुल्लू।** 30 सालों से जिस भुंतर डबल लेन बैली ब्रिज का सपना भुंतर सहित घाटी की जनता देख रही थी। आज वह सपना धरातल पर साकार होने जा रहा है।

कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर इस डबल लेन बैली ब्रिज का उद्घाटन कर जनता को समर्पित करेंगे। पांच करोड़ की लागत से बने इस डबललेन बैली ब्रिज पर आज से वाहन दौड़ने लगेंगे। भुंतर में डबललेन बैली ब्रिज बनने का जो सपना यहां की जनता 30 सालों से देख रही है, वह आखिर साकार हो गया है। भुंतर सब्जी मंडी का पुल 1995 की बाढ़ में बह गया था, लेकिन उसके बाद इस पर कोई भी काम नहीं हुआ था और मामूली



आज विधायक उद्घाटन कर जनता को करेंगे समर्पित

मरम्मत करके यह जर्जर हालत में था। ऐसे में इस क्षेत्र की जनता की वर्षों पुरानी इस मांग और सपने को कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने पूरा कर जनता को एक बहुत बड़ी सौगात दी है। यह पुल इस क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह पुल इस क्षेत्र के लिए एक मात्र कोई इंफ्रास्ट्रक्चर ही नहीं, बल्कि कुल्लू विधानसभा की जनता की आर्थिकी को मजबूत करने के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। इस पुल के बनने से मणिकर्ण, भुंतर, कुल्लू की जनता के साथ-साथ किसान, बागवानों और पर्यटकों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। ब्रिज का निर्माण कार्य करीब 3 दशक के बाद हो रहा है। भुंतर में सिंगल लेन ब्रिज होने से स्थानीय लोगों और बाहरी राज्यों से आने वाले सैलानियों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता था। लिहाजा, वर्षों से चली आ रही जनता की मांग आज पूरी होने जा रही है।

## डीसी ने बड़ाग्रां व पनगां का दौरा कर सुनीं जन समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने शनिवार को विकास खंड नग्गर की ग्राम पंचायत बड़ाग्रां और पनगां का दौरा किया। उन्होंने स्थानीय लोगों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा पंचायत क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा, एसडीपी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली और सभी योजनाओं को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और जनहित में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से भेंट की और उनके द्वारा बनाए गए स्थानीय उत्पादों की सराहना की। उन्होंने महिलाओं को पारंपरिक उत्पाद जैसे पट्टू, ऊनी वस्त्र, सेब के चिप्स आदि के निर्माण और विपणन में आगे आने के लिए प्रेरित किया।

## नालंदा विश्वविद्यालय की तर्ज पर जांस्कर में भी विकसित हुआ बौद्ध धर्म शिक्षा का नया केंद्र

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

नालंदा विश्वविद्यालय की तर्ज पर अब लद्दाख के जांस्कर क्षेत्र में भी बौद्ध धर्म के शिक्षा का नया केंद्र विकसित हो गया है। करशा गांव स्थित करशा मठ परिसर में करीब 30 करोड़ की लागत से भव्य फोटांग भवन का निर्माण किया गया है।

इसका उद्घाटन 25 जुलाई को तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने विधिवत रूप से किया। इन दिनों लेह प्रवास पर आए दलाई लामा विशेष रूप से पदुम पहुंचे, जहां उन्होंने करशा फोटांग में हजारों श्रद्धालुओं को प्रवचन दिया। इस अवसर पर लाहौल-स्पीति और पांगी किलाड़ से भी सैकड़ों की संख्या में बौद्ध अनुयायी दर्शन के लिए पहुंचे। पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर ने बताया कि उन्हें भी इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में भाग लेने का सौभाग्य मिला। करशा मठ में फिलहाल करीब 700 भिक्षु शिक्षा ग्रहण कर इसमें से 100 के करीब यहां स्थायी रूप से रह रहे हैं तथा बाकी देश के विभिन्न



तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेता रवि ठाकुर को आशीर्वाद देते हुए।

बौद्ध मठों जैसे सेरा बौद्ध मठ, टशी लोंबो बौद्ध मठ, लो सेलिंग बौद्ध मठ, गोमांग बौद्ध मठ, सारचे बौद्ध मठ, जांगचे बौद्ध मठ, ओथांग बौद्ध मठ, चुखलाखांग बौद्ध मठ और अन्य जगहों पर हैं। रवि ने कहा कि नए फोटांग भवन के खुलने से यह संख्या और बढ़ेगी। यहां विश्व शांति के लिए विशेष पूजा-पाठ और बौद्ध ग्रंथों का अध्ययन किया जाएगा। रवि ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार की पहल पर शिंकुला दर्रा होकर सड़क मार्ग का निर्माण पूरा हो गया है। इससे जांस्कर घाटी अब सीधा लाहौल से जुड़ गई है और भी प्रधानमंत्री की भी शिंकुला टनल के बनने से पूरे साल आवागमन और भी सुविधाजनक रहेगा। इससे न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। रवि ने कहा कि करीब ढाई हजार की आबादी वाले करशा क्षेत्र में एक हजार के लगभग बौद्ध भिक्षु निवास करते हैं, जो बौद्ध शिक्षा व साधना के लिए पूरे विश्व में विख्यात होता जा रहा है। करशा फोटांग का उद्घाटन इसी दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## आईआईटी हैदराबाद के लिए पूनम सिंह का हुआ चयन

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी क्षेत्र की बेटी पूनम सिंह ने आईआईटी हैदराबाद में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पूनम अब आईआईटी हैदराबाद से कैमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की पढ़ाई करेंगी।



मूल रूप से आनी पंचायत के धार गांव निवासी पूनम सिंह की इस सफलता से क्षेत्र में खुशी की लहर है। पूनम के पिता पवित्र ठाकुर और माता रीता देवी ने बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व जताया है। उन्होंने कहा कि पूनम शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही है। उसकी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर थनोग और प्राथमिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर आनी से हुई। कक्षा 6वीं से जमा दो तक की शिक्षा पूनम ने जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल, कुल्लू से पूरी की।

## सुधार समिति ने सराज आपदा प्रभावितों की मदद को बढ़ाया हाथ



आपदा प्रभावितों को सहयोग राशि का चेक देते हुए भुंतर सुधार समिति के सदस्य।

अनंत ज्ञान, भुंतर

भुंतर सुधार समिति सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे रहती है। इसी कड़ी में समिति ने सराज आपदा प्रभावितों की मदद को हाथ बढ़ाया है।

समिति के सदस्यों ने बाढ़ प्रभावित जिला मंडी के सराज क्षेत्र के परिवारों को कपड़े व चेक के माध्यम से कुछ धनराशि राहत के तौर पर देकर मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। आपदा प्रभावित क्षेत्र जंजैहली में भुंतर सुधार समिति के सदस्यों की मुलाकात हिमाचल के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी से भी हुई। मंत्री ने भी इस नेक कार्य के लिए भुंतर सुधार समिति के सामाजिक जिम्मेदारी और आपदा के समय सेवा के प्रति समर्पण की सराहना की। भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ कश्यप ने कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्य सभी के सहयोग से किए जाते हैं। मेघ सिंह कश्यप ने सभी दानी सज्जनों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य में देवी सिंह बंजार, समिति के मेंबर रोशन लाल, मेघ सिंह कश्यप, मीना जसवाल, निरत राम ठाकुर, ऋषि राज, अनमोल घई, अनिल धीमान, सुनील चौहान, हरी सिंह, अंजना देवी, मुस्कान महाजन, नीना घई, मनीष कौंडल आदि ने इस आपदा राहत में अपनी नेक कमाई से सहयोग दिया।

## प्रभावित परिवारों से मिलकर विधायक ने बंधाया ढांढस, मुआवजे के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान, काजा

जिला लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने शनिवार को स्पीति प्रवास के दौरान बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

अनुराधा राणा ने काजा उपमंडल के अंतर्गत आने वाले खुरिक पंचायत के खुरिक और रंगरिक में पिछले दिनों भारी बारिश के कारण बाढ़ से लोगों के घरों व खेतों को हुए नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से मिलकर उनका दुख-दर्द जाना। विधायक ने प्रशासन सहित लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित परिवारों के मकानों व खेतों व फसलों को हुए नुकसान का जल्द आकलन कर उचित मुआवजा देने के निर्देश दिए। विधायक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रंगरिक, रंगरिक नातोत से लेकर खुरिक तक बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का पैदल चल कर मुआयना किया। इस दौरान प्रशासन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी उनके साथ उपस्थित रहे। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को चेकडैम व कलवर्ट आदि बनाने के भी निर्देश दिए, ताकि भविष्य में बाढ़ से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। इस दौरान जिला यूथ अध्यक्ष एवं टीएसी सदस्य केसंग राफचेक, टीएसी सदस्य वीर भगत, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सेरतोली, कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त शिखा, बीडीओ अंशुल, जिला लाहौल-स्पीति यूथ उपाध्यक्ष रवि बौद्ध, स्पीति ब्लॉक अध्यक्ष लोबसांग कपूर, पूर्व जनरल सेक्रेटरी लॉबजंग, ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



बाढ़ प्रभावित बुजुर्ग महिला विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा के समक्ष रोती हुई।

## आयोजन मनाली के न्यायाधीश राहुल ने देवदार का पौधा लगाकर की पहल की शुरुआत

# देवदार के 200 पौधे रोपकर सोमवन को मिली हरियाली

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** मनाली विधानसभा की सोयल पंचायत में शनिवार को पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य सोमवन क्षेत्र में खाली पड़ी जगह को हरा-भरा बनाना था। इसके तहत 200 देवदार के पौधे रोपे गए। इस कार्यक्रम में मनाली के न्यायाधीश राहुल विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।

न्यायाधीश राहुल ने स्वयं देवदार का पौधा लगाकर इस अभियान की शुरुआत की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने पौधरोपण को प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी बताया। यह पौधरोपण अभियान सोयल पंचायत के प्रधान अमरनाथ ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसमें पंचायत के सभी वार्ड सदस्य, मनाली से आए आरओ और उनकी पूरी टीम, वन मित्र टीम, हरिपुर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स, निलासुरी और कृष्णा महिला मंडल हरिपुर की सदस्यों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी ने मिलकर इस नेक काम को सफल बनाया और सोमवन की हरियाली में अपना योगदान दिया। अमरनाथ ठाकुर ने कहा कि यह पहल न केवल क्षेत्र के पर्यावरण को बेहतर बनाएगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और सुंदर वातावरण भी सुनिश्चित करेगी। नगर खंड के खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि नगर खंड की पंचायतें अपने स्तर पर पौधरोपण का बीड़ा उठाए हुए हैं। लगभग हर रोज एक पंचायत अपने क्षेत्र में पौधरोपण कर रही है। पंचायतों के पदाधिकारी, महिला मंडल, युवक मंडल, कॉलेज और स्कूल के बच्चे मिलजुल कर इस कार्य को अंजाम दे रहे हैं।

### कन्याल गांव में किया पौधरोपण

अनंत ज्ञान, मनाली



स्वर्गीय रोशन लाल ठाकुर के परिजनों के साथ पौधरोपण करते पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर।

मनाली के कन्याल गांव में पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने ग्रामीणों के साथ मिलकर एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने गांव के पंचायत निरीक्षक स्वर्गीय रोशन लाल ठाकुर की बरसी के अवसर पर उनकी स्मृति में पधरा क्लोन के जंगल में देवदार के पौधे लगाए।

इस अवसर पर गोविंद सिंह ने कहा कि यह पौधरोपण केवल पर्यावरण को समर्पित एक प्रयास नहीं है, बल्कि यह स्वर्गीय रोशन लाल ठाकुर के जीवन मूल्यों और उनकी स्मृति को जीवंत रखने का एक प्रतीक भी है। उन्होंने सभी गांव वालों के साथ मिलकर यह संकल्प लिया कि अब से हर विशेष अवसर पर, चाहे वह किसी का जन्मदिन हो, बरसी हो या कोई अन्य महत्वपूर्ण दिन, वे सामूहिक रूप से पौधरोपण करेंगे। यह पहल न सिर्फ पर्यावरण को नया जीवन देगी, बल्कि गांव की परंपराओं और भावनाओं को प्रकृति से जोड़ने का एक सकारात्मक माध्यम भी बनेगी। गोविंद सिंह ने सभी लोगों से अपील की है कि वे भी अपने जीवन के हर खास दिन को प्रकृति से जोड़ें और एक पौधा लगाएं और एक जीवन बचाएं।

# डीसी ने दिलाई देश सेवा की शपथ, याद किए कारगिल के वीर



कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते प्रशासनिक अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी मनमोहन शर्मा ने यहां सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को 26वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के गौरवमयी इतिहास की रक्षा के लिए पूर्ण रूप से समर्पित रहने की शपथ दिलाई। इससे पूर्व कारगिल शहीद स्मारक स्थल पर देश की आन, बान और शान के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मनमोहन शर्मा ने 26वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि भारतीय सेना की गौरवशाली परंपरा रही है और भारतीय सेना, वायु सेना तथा नौसेना के असंख्य वीर जवान हर समय देश की सुरक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वीर सैनिकों ने सदैव हंसते-हंसते अपना बलिदान दिया है, ताकि हमारा देश एवं देशवासी सदैव सुरक्षित रह सकें। डीसी ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए समर्पित रहना एवं वीर सैनिकों की पुनीत स्मृति व शौर्य को सदैव नमन करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने इस अवसर पर भारतीय सेना की गौरवशाली परंपरा को याद किया। सेवानिवृत्त कर्नल सुरेश कुमार अग्निहोत्री एवं उपनिदेशक सैनिक कल्याण ने इस अवसर पर कहा कि प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को दुनिया के सबसे दुर्गम युद्ध क्षेत्र में भारतीय सेना की वीरता व पराक्रम गाथा की स्मृति के रूप में कारगिल विजय दिवस आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन विजय में भारतीय सेना ने अत्यंत विषम परिस्थितियों में पूरे पराक्रम और बहादुरी के साथ दुश्मन को परास्त किया।

## एक्स-सर्विसमैन लीग ने वीरों को किया नमन

**अनंत ज्ञान, कसौली।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर स्थानीय एक्स-सर्विसमैन लीग एवं नागरिकों ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लीग के पदाधिकारियों, सदस्यों, गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त सब मेजर सच्चिदानंद शर्मा ने की, जिन्होंने कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के वीर जवानों के अदम्य साहस और बलिदान को याद करते हुए कहा कि हमारे जवानों ने कठिन परिस्थितियों में मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि कैप्टन विक्रम बत्रा, राइफलमैन संजय कुमार और ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव जैसे वीरों की गाथा हमें कर्तव्य और मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर, उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों ने देश की एकता, अखंडता और सम्मान को बनाए रखने का संकल्प लिया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**संजय राजन, अनंत ज्ञान, सराहां।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पच्छाद के मुख्यालय सराहां में स्थित शहीद स्मारक में एसडीएम पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा ने शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान भूतपूर्व सैनिक एकता मंच के सदस्यों ने भी शहीदों को नमन किया और उनके बलिदान को याद किया। कारगिल विजय दिवस हर साल 26 जुलाई को मनाया जाता है, जो 1999 में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ जीती गई जीत का प्रतीक है। इस युद्ध में भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दिया था और पाकिस्तान को करारी हार का सामना करना पड़ा था। कारगिल युद्ध की शुरुआत मई 1999 में हुई, जब पाकिस्तानी सैनिकों ने नियंत्रण रेखा पार कर भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की। भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय के तहत पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए अभियान शुरू किया। अंततः 26 जुलाई, 1999 को भारतीय सेना ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को पूरी तरह से खदेड़ दिया और युद्ध जीत लिया। इस अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत बाग पशोग में पौधरोपण भी किया गया।

## वीर जवानों की साहस गाथा को साझा किया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सरकारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सोलन की एनसीसी बालक एवं बालिका इकाइयों द्वारा कारगिल विजय दिवस को गर्व एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम भारतीय सैनिकों की वीरता और बलिदान को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत समूह देशभक्ति गीत से हुई। इसने उपस्थित सभी जनों में देशभक्ति की भावना जागृत की। इसके पश्चात कारगिल युद्ध के महत्व पर आधारित वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। इसमें वीर जवानों की साहस गाथा को साझा किया गया। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत भावनात्मक नाटक 'ऑपरेशन सिंदूर'। इसमें युद्ध के दौरान सैनिकों और उनके परिवारों की वीरता और संवेदनाओं को दर्शाया गया। इसके अतिरिक्त कैडेट्स ने एक देशभक्ति पर आधारित शास्त्रीय नृत्य भी प्रस्तुत किया। इसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर डॉ. रितु सोनी शर्मा, डॉ. प्रमोद तथा डॉ. रवि राम सहित महाविद्यालय के अन्य संकाय सदस्य भी मौजूद रहे।

# कारगिल विजय दिवस पर देश के अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि


कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देती डीसी सिरमौर।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन स्थित शहीद स्मारक स्थल पर देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के अमर शहीदों को पुष्पचक्र भेंट कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उपस्थित लोगों को देश की एकता व अखंडता की शपथ दिलाई। उन्होंने कारगिल विजय दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि हमारे वीर सैनिकों की बदौलत ही हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। पुलिस अधीक्षक सिरमौर निश्चित सिंह नेगी, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एल आए वर्मा, एसडीएम नाहन राजीव सांख्यान, सहायक आयुक्त विवेक शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी चेतन चौहान, तहसीलदार नाहन उपेंद्र कुमार, उपनिदेशक सैनिक कल्याण मेजर दीपक धवन, सेवानिवृत्त मेजर जनरल अतुल कौशिक, कैप्टन दुर्गा राम सहित सेना, पुलिस, पूर्व सैनिक तथा होमगार्ड के जवानों ने भी श्रद्धांजलि भेंट की। इसके पश्चात पूर्व सैनिकों द्वारा बचत भवन में डीसी सिरमौर के साथ अपने अनुभव साझा किए।

## देशभक्ति के नारों से गूंजा सोलन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा सोलन शहरी मंडल ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद किया और विजय रैली निकालकर शहीद कैप्टन संजय चौहान की प्रतिमा पर जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। भारतीय जनता पार्टी शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप, रश्मि धर सूद, विवेक शर्मा ,विवेक डोभाल, मीरा आनंद, भरत साहनी, राकेश शर्मा,धर्मेंद्र ठाकुर, संजय मलिक, मुकेश शर्मा, दिनेश शुक्ला, अनिल कुमार, शांता धीमान, जगदीश गर्ग, सुषमा कंसल, रेनू कलसी, राजू कुंद्रा, संजीव, मोहन, कृष्णा ठाकुर, बादल नाहर, नेहा ठाकुर, उर्मिला चौहान, शिवांशु, शीशपाल, अमरदीप विशाखा, सतीश अग्रवाल, अजय धीमान, संजय पराशर, प्रज्वल, डॉ. बालमकुंद मौजूद रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### परवाणू में मिला भंडारे से लापता हुआ बालक

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** पुलिस थाना परवाणू की पुलिस टीम थाना क्षेत्र में गश्त पर मौजूद थी, तो उक्त टीम को परवाणू निवासी एक महिला लखपति देवी ने सूचना दी कि इनका बेटा जिसकी उम्र 9 वर्ष है, पिछली रात से बिना बताए घर से चला गया है। इसकी इन्होंने अपने तौर पर हर स्थान पर तलाश कर ली है, लेकिन वह अभी तक नहीं मिला है। इस सूचना पर उक्त पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गुम हुए लड़के की तलाश शुरू कर दी और सभी संभावित इलाकों में अलग-अलग टीम बनाकर तलाश की तथा तलाश के दौरान गुम हुए लड़के धीरज को सेक्टर 5 परवाणू से बरामद करके उसकी माता को सही सलामत सौंपा गया। जांच के दौरान पाया गया कि यह लड़का पिछली रात को बिना बताए अन्य बच्चों के साथ शिव मंदिर अंबोटा में रात्रि भंडारे में चला गया था, जो ज्यादा रात होने के कारण वह अन्य बच्चों के साथ वहीं रुक गया था, जब पुलिस टीम तलाश कर रही थी, तो यह लड़का सेक्टर-5 परवाणू में घूमते हुआ मिला।

### अर्की में मनाया कारगिल विजय दिवस

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की की नगर पंचायत अर्की में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस मौके पर उपमंडलाधिकारी नागरिक अर्की निशांत तोमर, नगर पंचायत अध्यक्ष अनुज गुप्ता, पूर्व विधायक गोविंद राम शर्मा, जिला परिषद सदस्य आशा परिहार व पूर्व सैनिक लीग अर्की के अध्यक्ष पदम देव ठाकुर व अन्य पूर्व सैनिक लीग के सदस्य शामिल रहे। इस अवसर पर एसडीएम अर्की निशांत तोमर ने कारगिल शहीद कैप्टन विजयंत थापर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### साहब! कुत्तों से दिलवाया जाए छुटकारा

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** उपमंडल अर्की की नगर पंचायत में कुत्तों की बढ़ती संख्या व काटने के मामले बढ़ने के चलते अर्की के निवासियों, बार एसोसिएशन ने नया सवेरा जनकल्याण समिति अर्की के अध्यक्ष भीम सिंह ठाकुर की अगुवाई में उपमंडलाधिकारी नागरिक अर्की निशांत तोमर को ज्ञापन सौंपा। भीम सिंह ठाकुर ने बताया कि अर्की नगर पंचायत में आवारा कुत्तों की तादाद दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है तथा यह कुत्ते आते-जाते स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं को काटने में भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। हालांकि, लोगों ने पशुपालन विभाग व नगर पंचायत कर्मियों से इन कुत्तों पर अंकुश लगाने की फरियाद की, लेकिन आज तक कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई। भीम सिंह का कहना है कि उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से एसडीएम अर्की से गुजारिश की है कि इन आवारा कुत्तों की नसबंदी की जाए व जो कुत्ते लोगों को काट रहे हैं, उनको किसी संस्था में भेजा जाए।

### त्रिजल का केरल कॉलेज में हुआ चयन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** करियर अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नाहन के छात्र त्रिजल ठाकुर, जिन्होंने कक्षा 6 से 12वीं तक इसी विद्यालय में अध्ययन किया, उसका चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान लक्ष्मीबाई नेशनल कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन केरल में हुआ है। 42 में से 21 सीटें केरल के लिए आरक्षित थीं और 21 पूरे भारत के छात्रों के लिए खुली थीं। इनमें त्रिजल ने हिमाचल प्रदेश से एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में स्थान प्राप्त किया। त्रिजल ने जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्राचार्य राजेश सोलंकी ने कहा, यह विद्यालय के लिए गौरव का क्षण है।

### कारगिल युद्ध के महत्व पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के सीनियर सेकंडरी स्कूल डगशाई में एनसीसी यूनिट ने शनिवार को कारगिल विजय दिवस गर्व एवं श्रद्धा के साथ मनाया। यह कार्यक्रम भारतीय सैनिकों की वीरता और बलिदान को समर्पित रहा। स्कूल प्रिंसिपल कीर्ति शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। स्कूल की एनसीसी प्रभारी (एएनओ) अंजना ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत समूह देशभक्ति गीत से हुई। इसके पश्चात कारगिल युद्ध के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स ने पोस्टर, भाषण और नारा लेखन के माध्यम से वीर जवानों के पराक्रम को प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहा।

### बैडमिंटन में 213 खिलाड़ी दिखा रहे दमखम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप की शुरुआत शनिवार से राजा वीरभद्र मल्टीपर्पज हॉल, कुमारहट्टी में हुई। संघ के सचिव यदविंदर सेन ने बताया कि इस चैंपियनशिप में 213 खिलाड़ी अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 बालक एवं बालिका तथा सीनियर पुरुष एवं महिला वर्गों में भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता 28 तक चलेगी। मैचों की शुरूआत सुबह 8 बजे से होगी। कुल 284 प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। इनमें 264 मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के अंतर्गत ब्वॉयज सिंगल्स, ब्वॉयज डबल्स, गर्ल्स सिंगल्स, गर्ल्स डबल्स, मिक्स्ड डबल्स, मेन सिंगल्स और मेन डबल्स वर्ग शामिल हैं।

### 80 यूनिट से ज्यादा रक्त किया एकत्रित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मां शूलिनी सेवा ट्रस्ट और पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के संयुक्त तत्वावधान में होटल पाइन वुड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरुआत सुबह 10 बजे हुई। इसमें ट्रस्ट के सदस्यों सहित शहर के कई लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस रक्तदान शिविर में 80 यूनिट से ज्यादा ब्लड इकट्ठा किया गया। यह पहली बार है जब एचपीटीडीसी ने इस तरह के सामाजिक सरोकार से जुड़ी पहल की है। शिविर का उद्देश्य रक्तदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना और आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता की पूर्ति करना रहा।

### शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की

**अनंत ज्ञान, पावंटा साहिब।** कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था द्वारा एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 80 स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था के निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जीवित रखना और समाज में सेवा और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना है।

### हाब्बन में शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ के समीप हाब्बन के शहीद पार्क में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। हाब्बन से स्थानीय स्कूली बच्चे और लोग हाथ में तिरंगा लेकर नारे लगाते हुए शहीद पार्क पर पहुंचे, जहां पर कारगिल ऑपरेशन रक्षक के दौरान शहीद हुए लॉस नायक भीम सिंह ठाकुर और शहीद हितेश शर्मा की प्रतिमाओं पर फूल मालाएं अर्पित करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इस मौके पर कारगिल शहीदों की याद में पौधरोपण किया गया। इसमें स्थानीय स्कूली बच्चों, महिला मंडलों और लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

# हरियाली रोपकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश


पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए भारत विकास परिषद के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भारत विकास परिषद सोलन शाखा द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कोठों (सोलन) में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसकी अध्यक्षता भारत विकास परिषद के प्रांत अध्यक्ष अशोक टंडन ने की। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण विषयक ने जानकारी देते हुए प्रांत पर्यावरण संयोजक डॉ. मुकेश प्रभाकर ने पौधों के महत्व, ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन तथा जैव विविधता संरक्षण पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पौधरोपण केवल एक प्रतीकात्मक गतिविधि न होकर भावी पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षा कवच है। सोलन शाखा के पर्यावरण संयोजक राजन जैन ने भी अपने विचार रखते हुए परिषद द्वारा वर्षभर चलाए जा रहे पर्यावरणीय अभियानों की जानकारी दी और आम नागरिकों से अधिकाधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया।

# बारिश से पीडब्ल्यूडी को 22 करोड़ का नुकसान

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** बरसात के चलते अभी तक जिला सोलन में लोक निर्माण विभाग को करोड़ों रुपए का नुकसान झेलना पड़ा है। बरसात के इस सीजन में अब तक विभाग को 22 करोड़ से अधिक का नुकसान हो चुका है। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान अर्की मंडल को हुआ, जहां पर अभी तक विभाग के 7 करोड़ डूब चुके हैं, वहीं कसौली मंडल में सड़कों को हुए नुकसान का आंकड़ा 6 करोड़ 25 लाख तक पहुंच गया है।

हालांकि, पिछले कुछ दिनों से सोलन जिले में बारिश नहीं हुई है इससे लोगों को राहत मिली है। जिले में अभी भी आधा दर्जन सड़कें अवरूद्ध हैं, जिन्हें विभाग बहाल करने में लगा है। मानसून की पहली बारिश ने ही जिलेभर में खासा नुकसान किया। करीब दो सप्ताह पूर्व से आरंभ हुई बारिश का क्रम लगातार जारी है और दिन व रात के समय जिले के अधिकतर भागों में बारिश हो रही है। बारिश के चलते आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ है। कहीं डंगों को नुकसान पहुंचा है, तो कहीं सड़कों पर मलबा आने से वाहनों के पहिए थमे हैं। इस बारिश के चलते सबसे ज्यादा नुकसान लोक निर्माण विभाग को पहुंचा है। विभागीय आकंड़ों के अनुसार विभाग नुकसान का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। जिले के विभिन्न भागों में पिछले दिनों बंद हुए 12 मार्ग को अब बहाल कर दिया गया है। विभागीय अधिकारियों की माने, तो सभी कर्मियों को युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बाधित मार्गों को खोलकर यातायात सुचारू किया जा सके।


सोलन में बारिश से सड़कों को हुआ नकसान।

> **बारिश** के चलते विभाग के नुकसान का आंकड़ा करीब 22 करोड़ तक पहुंच गया है। जिले में बंद हुए सड़क मार्गों को बहाल करने के लिए मशीनरी व कर्मचारियों को लगाया गया और इन्हें सुचारू कर दिया गया है। सभी कर्मियों को युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।
> **अजय शर्मा, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग सोलन।**

## अर्की व कसौली मंडल में सबसे अधिक नुकसान

**दो** सप्ताह की बारिश में लोक निर्माण के चारों मंडलों में अच्छा खासा नुकसान विभाग को झेलना पड़ा है। विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक नुकसान अर्की मंडल में हुआ है और अब तक सबसे कम नुकसान सोलन मंडल में हुआ है। सोलन मंडल की बात करें, तो विभाग को 2 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। हेड क्वार्टर में 3 मार्ग अवरुद्ध हुए थे, जिन्हें बहाल कर दिया गया है। अर्की मंडल में नुकसान का आंकड़ा 7 करोड़ तक पहुंच गया है, मंडल में 3 मार्ग अवरूद्ध हुए थे, जिन्हें खोल दिया गया है। कसौली मंडल के अधीन नुकसान का आंकड़ा 6 करोड़ और मंडल के अधीन फिलहाल कोई मार्ग अवरूद्ध नहीं हुआ है। वहीं, नालागढ़ मंडल में नुकसान का आंकड़ा करीब 3 करोड़ तक पहुंच गया है और इस दौरान मंडल के अधीन 6 मार्ग बंद हुए थे, जिन्हें यातायात के लिए सुचारू कर दिया गया है।

# अदालत से उद्घोषित अपराधी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**



पुलिस थाना सदर सोलन द्वारा गठित पीओ सैल की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर एक भगौड़े अपराधी बलबीर सिंह पुत्र रूप लाल निवासी गाव कुफटा डा.खा. बागरी तह ठियोग जिला शिमला उम्र 39 वर्ष को गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में अभियोग संख्या 161/202526 जुलाई 2025 धारा 209 बीएनएस के तहत दर्ज किया गया।

इस मामले की जांच के दौरान पाया गया कि 7 मार्च, 2012 को पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा जीरो प्वाइंट ओच्छघाट में नाकाबंदी के दौरान एक पिकअप (407) से 117 पेटियां (कुल 1404 बोतल) देसी शराब बरामद की गई थी, जिसे उक्त आरोपी चला रहा था तथा उक्त शराब के बारे यह आरोपी कोई भी परमिट व अन्य वैध दस्तावेज पुलिस के समक्ष पेश न कर सका। इस पर पुलिस थाना सदर सोलन में अभियोग संख्या 43/2012 7 मार्च 2012 धारा 61-1-14 एक्साइज एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। उक्त मामले की जांच के दौरान आरोपी बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया गया था, जिसे न्यायालय द्वारा जमानत मुचलका पर रिहा किया गया था। मामले के ट्रायल के दौरान उक्त भगौड़े आरोपी को न्यायालय द्वारा बार-2 न्यायालय में पेश होने के आदेश दिए जा रहे थे, लेकिन फिर भी यह आरोपी न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था, जिस पर उक्त आरोपी को न्यायालय सोलन द्वारा भगोड़ा अपराधी घोषित किया था। इसकी पुलिस द्वारा लगातार तलाश की जा रही थी, जो अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-2 अपने टिखाने बदल रहा था। जांच के दौरान पाया गया कि यह आरोपी एक आदतन अपराधी है। इसके खिलाफ जिला शिमला व किन्नौर के विभिन्न थानों में चोरी मारपीट व आबकारी अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज हुए हैं। इसके अलावा अन्य पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। गिरफ्तार भगौड़े अपराधी को न्यायालय ने पेश किया जा रहा है। मामले में जांच जारी है।

# पूर्व सैनिकों ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों की सहायता के लिए जुटाई राशि

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

चतुर्थ बटालियन डोगरा रेजिमेंट के पूर्व सैनिक मंडी जिले के सराज क्षेत्र में आपदा से पीड़ित लोगों की मदद के लिए आगे आए हैं।

चतुर्थ डोगरा बटालियन के भूतपूर्व सैनिक एवं जिला सोलन ट्रांसपोर्ट समिति दाड़लाघाट के अध्यक्ष रोशन लाल ठाकुर व भूतपूर्व सैनिक आपदा राहत ग्रुप ने मंडी जिला के सराज क्षेत्र में हुई त्रासदी से त्रस्त लोगों की मदद के लिए अब तक 20 लाख रुपए की सामग्री प्रेषित कर वितरित कर दी है। इस सहायता ग्रुप के अध्यक्ष रोशन लाल ठाकुर ने बताया कि अब तक सराज में देजी, शरण, तुंगाधार तथा आसपास के इलाकों में हमारे ग्रुप ने 20 लाख रुपए की विभिन्न प्रकार की सहायता सामग्री एकत्रित कर वितरित कर दी है। उन्होंने बताया कि वह आगे भी इस तरह आपदा से त्रस्त अन्य लोगों की मदद करते रहेंगे। उन्होंने भूतपूर्व सैनिक कैप्टन बलदेव ठाकुर, जीतराम व अन्य सभी भूतपूर्व सैनिकों का धन्यवाद किया, जिन्होंने अपनी एक दिन की पेंशन आपदा से प्रभावित लोगों की मदद के लिए दान दी है।


चतुर्थ बटालियन डोगरा रेजिमेंट के पूर्व सैनिक मंडी जिले के सराज में मदद बांटते हुए।

# डीएवी अभिभावक संघ की प्रधान बनी भावना

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** शिव मंदिर दाड़लाघाट में डीएवी अभिभावक संघ दाड़लाघाट की बैठक आयोजित की गई। इसमें अभिभावक संघ की कार्यकारिणी का चुनाव किया गया और 11 महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इन मुद्दों को लेकर एक ज्ञापन तैयार किया जाएगा, जिसे डीएवी स्कूल के चेयरमैन मुकेश सक्सेना, प्रदेश शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को भेजा जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मुकेश सक्सेना से मुलाकात की जाएगी, ताकि स्कूल में संभावित सुधारों पर चर्चा की जा सके। इसके अलावा बसों में ओवरलोडिंग के मुद्दे पर भी चर्चा की गई और इस संबंध में दाड़लाघाट पुलिस स्टेशन में पुलिस से मुलाकात की गई। पुलिस प्रशासन ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएवी अभिभावक संघ ने दाड़लाघाट पुलिस प्रशासन की इस पहल के लिए उनका आभार व्यक्त किया है। इस दौरान नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में प्रधान भावना शुक्ला, उपप्रधान कमल ठाकुर और श्रुति शर्मा, सचिव हेमंत शुक्ला और राजेंद्र कपिल, सलाहकार राकेश गौतम और संगीता सोनी सदस्य ललित कुमार और मोनिका वर्मा को बनाया गया।

**आयोजन** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने पौधरोपण कार्यक्रम किया आयोजित

# पृथ्वी की सुरक्षा के लिए पौधरोपण आवश्यक

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोलन डॉ. अरविंद मल्होत्रा ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने व पृथ्वी की सुरक्षा के लिए पौधरोपण आवश्यक है। डॉ. अरविंद मल्होत्रा सोलन के कोठों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन तथा वन विभाग के सौजन्य से आयोजित पौधरोपण अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. अरविंद मल्होत्रा ने कहा कि केवल पौधरोपण के साथ ही हमारा उत्तरदायित्व पूर्ण नहीं होता। हमें रोपित किए गए पौधों की एक शिशु की तरह देखभाल करनी होती है। उन्होंने कहा कि उचित देखभाल से ही पौधा स्वस्थ वृक्ष का आकार लेता है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के माध्यम से हम जन-जन को पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा कर इन्हें वृक्ष बनता देखने के लिए सभी को प्रेरित कर सकते हैं। पौधरोपण वर्तमान में समय की मांग है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि अभियान के तहत आज फलदार, छायादार व औषधीय पौधे रोपित किए गए हैं। पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए पौधरोपण करना जरूरी है। पेड़ों से सभी प्राणियों को जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन प्राप्त होती है तथा वृक्ष पृथ्वी को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में प्रत्येक वर्ष 10-10 पौधों का पौधरोपण करने के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने सभी से अपने आस-पास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भी पौधे लगाने के लिए जागरूक करने का आग्रह किया। वन मंडल अधिकारी डॉ. एच के गुप्ता ने कहा कि पौधरोपण अभियान में जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। वन हमारी राष्ट्रीय संपत्ति हैं और हमें इनके संरक्षण एवं संवर्धन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश सोलन अभय मंडयाल, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट कनिका चावला, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सोलन दिव्या ज्योति पटयालआदि ने पौधे रोपित किए। इस अवसर पर हरड, बेहड़ा, आंवला, जामुन, देवदार एवं दाडू आदि के लगभग 80 पौधे रोपित किए गए। सोलन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर, जिला परिषद सदस्य मनोज वर्मा, ग्राम पंचायत शामती की प्रधान लता, ग्राम पंचायत कोठों की प्रधान जयवंती ठाकुर, उपप्रधान सुनील, सहायक वन संरक्षक चंद्रिका शर्मा आदि उपस्थित रहे।



पौधरोपण कार्यक्रम में स्वच्छता का संदेश देते जिला व सत्र न्यायाधीश सोलन डॉ. अरविंद मल्होत्रा।

# सरकार पेंशनर्स को वित्तीय लाभ देने की भी चिंता करे : भूपराम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश सरकार 22 वर्ष की अवधि के लिए 1,000 करोड़ रुपए का कर्ज ले रही है और राज्य सरकार को यह कर्ज 30 जुलाई, 2047 तक लौटाना होगा। इस कर्ज को मिलाकर प्रदेश सरकार पर 1 लाख करोड़ से अधिक कर्ज हो जाएगा। यह पैसा सरकार कहां खर्च करेगी। इसको लेकर अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट आ रही हैं। प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव भूपराम वर्मा ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कर्ज का पैसा प्रदेश की विकासनात्मक गतिविधियों और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित को राहत देने और कर्मचारियों को जुलाई 2025 का वेतन देने का तर्क दिया जा रहा है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि राज्य सरकार इन परिस्थितियों में प्रदेश के लगभग 2 लाख पेंशनर्स के देय वितीय लाभ कब और कहां से देगी। यह विचारणीय विषय है। सरकार विकासात्मक कार्य के लिए तो अवश्य प्रावधान कर रही है, लेकिन जो देनदारियों कोर्ट केस के फैसले के बाद भी लंबित हैं, उस बारे कोई नीति स्पष्ट नजर नहीं आ रही है।

# विधायक सुल्तानपुरी ने कोटबेजा में किया पौधरोपण, सुनीं जनसमस्याएं

**अश्वनी शर्मा, कसौली**

कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने ग्राम पंचायत कोटबेजा का दौरा कर जन समस्याएं सुनीं व जल्द उनके समाधान का आश्वासन दिया। कोटबेजा पंचायत में पहुंचने पर सबसे पहले विधायक ने झांगड़ गांव का दौरा कर बरसात में हुए नुकसान का जायजा लिया।

उन्होंने वहां क्षतिग्रस्त पुल व रास्ते की दशा को सुधारने और लोगों के घरों को हुए नुकसान की रिपोर्ट तैयार करने के आदेश राजस्व अधिकारियों को दिए। उसके बाद उन्होंने पट्टा-परवाणू वाया कोटबेजा सड़क में रालीरूग के पास 2023 में भारी बरसात के कारण हुए भारी भूस्खलन को खोलते समय पौधरोपण के वादे को पूरा करते हुए पौधरोपण अभियान शुरू किया। इस दौरान एसडीएम कसौली महेंद्र प्रताप सिंह, वन कर्मी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उसके बाद विधायक ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोटबेजा को नदी से जाने वाली सड़क की दशा को देखा और उसको बेहतर बनाने के निर्देश जारी किए। वहीं, मुख्य सड़क के पुल के एक हिस्से का भी उन्होंने निरीक्षण किया। अंत में उन्होंने कोटबेजा में जन समस्याएं सुनीं। लोगों ने रास्ते, डंगे व अन्य समस्या उनके समक्ष रखीं। विधायक ने उनके जल्द समाधान का आश्वसन दिया। इस दौरान कोटबेजा की प्रधान किरण ठाकुर, उपप्रधान सुनील कुमार, जिला शिकायत निवारण समिति के सदस्य अमर सिंह ठाकुर, कसौली एससी सेल के अध्यक्ष अनिल कुमार, वार्ड सदस्य लोकनाथ शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी ओम प्रकाश शर्मा, पूर्व प्रधान केशव राम सहित अनेक मौजूद रहे।



ग्राम पंचायत कोटबेजा में जनसमस्याएं सुनते कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### खुलासा : जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट से ले सकते हैं संन्यास!

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम इन दिनों बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। रोहित, कोहली और अश्विन के जाने के बाद शुभमन गिल को नया टेस्ट कप्तान बनाए जाने के बाद क्रिकेट फैंस ये अटकलें लगा रहे थे कि शायद अब बुमराह भी लाल गेंद से रिटायरमेंट का ऐलान कर देंगे, लेकिन इन अटकलों पर खुद बुमराह ने यह कहकर विराम लगा दिया कि जब मेरी बॉडी मेरा साथ नहीं देगी, तो उस समय मैं क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट से अपने आप को अलग कर लूंगा। बता दें कि बुमराह को वर्कलोड की वजह से पहले ही पांच मैचों की सीरीज में तीन मैच खेलने के लिए कहा गया था, इसलिए वह मैनचेस्टर में सारीज का अपना तीसरा मैच खेल रहे हैं, लेकिन उनके खराब प्रदर्शन की वजह से पूर्व भारतीय बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका कहना है कि ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे चौथे टेस्ट मैच में बुमराह मैदान पर अपना शत-प्रतिशत देने में नाकाम हो रहे हैं, इसलिए वो लाल गेंद से संन्यास ले सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



### मेस्सी एक मैच के लिए निलंबित इंटर मियामी ने जताया विरोध

एजेंसी, फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)। लियोनेल मेस्सी और जोर्डी अल्बा को ऑल स्टार मैच में भाग नहीं लेने के कारण मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) ने एक मैच के लिए निलंबित कर दिया है जिसका उनके क्लब इंटर मियामी ने विरोध किया है। इंटर मियामी के मालिक जॉर्ज मास ने एक मैच के निलंबन के बारे में कहा, "यह उनकी समझ से परे है कि प्रदर्शनी मैच में भाग न लेने पर सीधे निलंबन क्यों हो जाता है।" मेस्सी और अल्बा ने एमएलएस और मैक्सिको के लीगा एमएक्स के बीच मैच के लिए टीम में चुने जाने के बावजूद हिस्सा नहीं लिया था। मेस्सी व्यस्त कार्यक्रम के बीच आराम करने के लिए नहीं खेले और अल्बा अपनी पिछली चोट से जूझ रहे हैं। मास ने कहा कि क्लब ने मेस्सी और अल्बा को ऑल-स्टार मैच से बाहर रखने का फैसला किया। एमएलएस के नियमों के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी जो लीग से अनुमति लिए बिना ऑल स्टार मैच में नहीं खेलता उसे एक मैच के लिए निलंबित कर दिया जाता है। (अनंत ज्ञान)



## चौथा टेस्ट चौथा दिन इंग्लैंड ने पहली पारी में बनाए 669 रन

# झटकों के बाद गिल-राहुल ने संभाली भारतीय पारी

एजेंसी, मैनचेस्टर

भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड ने मैनचेस्टर टेस्ट में चौथे दिन शनिवार को इंग्लैंड की पारी 669 रनों पर समाप्त हुई। जो रूट, बेन स्टोक्स की शतकीय और जैक क्रॉली और बेन डकेट की अर्द्धशतकीय पारी के दम पर इंग्लैंड ने पहली पारी के आधार पर 311 रनों की बढ़त हासिल की है। इंग्लैंड के लिए जो रूट ने 150 रन, जबकि स्टोक्स ने 141 रनों की पारी खेली। वहीं डकेट ने 94 और क्रॉली ने 84 रनों की पारी खेली, जबकि ओली पोप ने 71 रन बनाए। वहीं, रवींद्र जडेजा भारत के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। जडेजा ने 4 विकेट झटके। बुमराह ने पहली पारी में 100 से अधिक रन दिए। चौथे दिन के दूसरे सेशन में भारतीय ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल बल्लेबाजी करने उतरे। भारत की शुरुआत बहुत ही खराब रही। क्रिस वोक्स ने पहले ही ओवर में लगातार गेंदों पर यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन को आउट किया। जायसवाल ने मात्र 4 गेंदें खेलीं और बिना खाता खोले ही उन्हें क्रिस वोक्स ने जो रूट के हाथों कैच करवा दिया। उसके बाद साई सुदर्शन बल्लेबाजी करने आए, लेकिन उन्हें भी क्रिस ने पहली ही गेंद पर हैरी ब्रूक के हाथों कैच करवाकर बिना खाता खोले ही वापस भेज दिया। भारतीय कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल के बीच तीसरे विकेट के लिए साझेदारी देखने को मिली। भारत को दोनों खिलाड़ियों से आस बंधी दिख रही है। गिल ने केएल राहुल का बाखूबी साथ निभाया और दोनों स्कोर शतक के करीब ले गए। समाचार लिखे जाने तक भारत ने 29 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 86 रन बना लिए थे। गिल (52) और केएल राहुल (30) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। (अनंत ज्ञान)




रन लेने के बाद खुशी जाहिर करते गिल और राहुल।

## वेस्टइंडीज के शाई होप का तूफानी शतक गया बेकार

# ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैच जीतकर टी20 सीरीज पर किया कब्जा

एजेंसी, सेंट किट्स

ऑस्ट्रेलिया ने सेंट किट्स में खेले गए तीसरे टी20 में मेजबान वेस्टइंडीज को छह विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ कंगारुओं ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

तीसरे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में चार विकेट पर 214 रन बनाए थे। कप्तान शाई होप ने शतक जड़ा था। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 16.1 ओवर यानी 97 गेंद में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टिम डेविड ने होप के शतक पर पानी फेरते हुए अपने देश के लिए टी20 क्रिकेट का सबसे तेज शतक जड़ दिया। उन्हें इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। ऑस्ट्रेलिया ने जमैका में खेले गए पहले टी20 को तीन विकेट से और दूसरे टी20 को आठ विकेट से जीता था। अब सीरीज का चौथा मुकाबला सेंट किट्स में ही 26 जुलाई को खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)




टिम डेविड ने 37 गेंदों में लगाया शतक

## रादुकानू-फर्नांडीज डीसी ओपन के सेमीफाइनल में

एजेंसी, वॉशिंगटन

एम्मा रादुकानू ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए मारिया सकारी को 6-4, 7-5 से हराकर डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ब्रिटेन की इस खिलाड़ी ने 2021 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने के बाद पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाई। रादुकानू ने दूसरे सेट में 5-2 से पिछड़ने के बाद मैच के आखिरी पांच गेम जीतकर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की जहां उनका सामना अन्ना कालिंस्काया से होगा, जिन्होंने क्लारा टॉसन को 6-3 7-5 से हराया। महिला वर्ग में 2021 के अमेरिकी ओपन की उप विजेता लेयला फर्नांडीज ने भी क्वालीफायर टेलर टाउनसेंड को 6-4, 7-6(4) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। फर्नांडीज का अगला मुकाबला 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रयबाकिना से होगा।

पुरुष वर्ग में अमेरिका के बेन शेल्टन लगातार दूसरे साल डीसी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हमवतन फ्रांसिस टियाफो को 7-6(2) 6-4 से हराया। एलेक्स डी मिनौर और कोरेंटिन मौटेट भी सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं जहां उनका आमना सामना होगा। डी मिनौर ने ब्रैंडन नाकाशिमा को 6-4, 6-4 से और मौटेट ने 2021 के अमेरिकी ओपन चैंपियन दानिल मेदवेदेव को 1-6, 6-4, 6-4 से हराया। (अनंत ज्ञान)



## मुरादाबाद के ताइक्वांडो खिलाड़ी आशीष सिंह मलेशिया रवाना

एजेंसी, मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के आशीष सिंह का चयन भारतीय ताइक्वांडो टीम में 6वीं एशियन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। शनिवार को वह कोच शाहवेज अली के साथ प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए दिल्ली से मलेशिया के लिए रवाना हो गए। जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव एवं कोच शाहवेज अली ने बताया कि आशीष सिंह का चयन भारतीय ताइक्वांडो टीम में 6वीं एशियन ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए अंडर-33 किलोग्राम भार वर्ग में हुआ है। यह प्रतियोगिता मलेशिया के कुचिंग शहर में स्थित सारावक स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हो रही है। उन्होंने कहा कि आशीष से सभी को उम्मीद है कि वह भारत को अवश्य पदक दिलाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# भारत की मेजबानी में दुबई और अबुधाबी में होगा एशिया कप

एजेंसी, नई दिल्ली

एशिया कप 2025 का आयोजन भारत की मेजबानी में संयुक्त अरब अमीरात के दुबई और अबुधाबी में होगा। टूर्नामेंट का आयोजन 9 सितंबर से 28 सितंबर के बीच होगा। हालांकि, शेड्यूल का ऐलान नहीं हुआ है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। एशिया कप 2025 के आयोजन को लेकर सारी अड़चनें खत्म हो गई हैं। शनिवार को एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने इसकी घोषणा की। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के भी अध्यक्ष हैं। उन्होंने शनिवार यानी 26 जुलाई को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मुझे यूएई में एसीसी पुरुष एशिया कप 2025 की तारीखों की पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है। यह टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर तक चलेगा। हम क्रिकेट के शानदार प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### इस बार 8 टीमें होंगी शामिल

टी20 फॉर्मेट में आयोजित होने वाला ये टूर्नामेंट पहले 10 से 28 सितंबर के बीच खेला जाना था। हालांकि, इसकी घोषणा नहीं हुई थी। एशिया कप 2025 में आठ टीमें होंगी, जिसमें भारत, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, हांगकांग, यूएई और ओमान शामिल हैं। इस दौरान कुल लगभग 20 मैच होंगे और 28 सितंबर को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। एक बार फिर से भारत और पाकिस्तान के एक ही ग्रुप में होने की उम्मीद है, जिसका मतलब है कि संभवतः दोनों चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच तीन मुकाबले होंगे।

## देश-विदेश

# मोदी दुनिया के सबसे विश्वसनीय नेता

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्यंग दूसरे और ट्रंप 8वें स्थान पर

एजेंसी, नई दिल्ली

पीएम मोदी ने शनिवार को जारी डेमोक्रेटिक ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग में टॉप स्थान प्राप्त किया है। उन्हें 75 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली है। दूसरे स्थान पर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्यंग हैं। जे म्यंग को 59 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली है। तीसरे स्थान पर अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई रहे हैं। उन्हें 57 प्रतिशत प्रूवल रेटिंग मिली है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अंडर-5 में जगह नहीं मिली है। ये आंकड़े अमेरिका स्थित व्यवसायिक खुफिया फर्म मॉर्निंग कंसल्ट जारी करती है। डोनाल्ड ट्रंप को 45 प्रतिशत से कम अप्रूवल रेटिंग के साथ आठवां स्थान मिला है। यह ताजा ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग 4 से 10 जुलाई 2025 के बीच की है।

गौर रहे कि मॉर्निंग कंसल्ट अमेरिका स्थित एक व्यवसायिक खुफिया और डेटा विश्लेषण कंपनी है। इसका सर्वे दुनिया भर के नेताओं, विशेष रूप से लोकतांत्रिक देशों के नेताओं की जन-स्वीकृति रेटिंग को मापता है। यह सर्वे डेली इंटरव्यू बेसिस के आधार पर विभिन्न देशों में हजारों लोगों के किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका की व्यावसायिक खुफिया फर्म मॉर्निंग कंसल्ट ने किया सर्वेक्षण

### चार में तीन लोगों ने मोदी को दी रेटिंग



इस सर्वे में पाया गया कि हर 4 में से 3 लोगों ने मोदी को एक लोकतांत्रिक नेता के रूप में सकारात्मक रूप में देखा। वहीं, 18 प्रतिशत लोगों ने विपरीत राय दी और लगभग 7 प्रतिशत लोगों ने कोई स्पष्ट राय नहीं थी। मोदी हर साल 2024 में तीसरी बार भारत के पीएम के रूप में फिर से निर्वाचित हुए थे। पिछले साल अगस्त में भी मॉर्निंग कंसल्ट ने दुनिया के 25 देशों के प्रमुखों की अप्रूवल रेटिंग जारी की थी। इस लिस्ट में 69 प्रतिशत रेटिंग के साथ पीएम मोदी पहले स्थान पर थे। हालांकि इस पर उनकी रेटिंग में करीब 6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। उस वक्त लिस्ट में दूसरा स्थान मेक्सिको राष्ट्रपति आंद्रे मैनुअल लोपेज ओब्राडोर को मिला था। उनकी अप्रूवल रेटिंग 60 प्रतिशत थी। उस वक्त तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन टॉप-10 नेताओं में भी शामिल नहीं थे। 39 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग के साथ वे 12वें नंबर पर रहे थे।

### इस कारण पिछड़े डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप, जो पिछले साल प्रचंड जनादेश के साथ सत्ता में लौटे थे, डेमोक्रेटिक ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग में आठवें स्थान पर रहे। केवल 44 प्रतिशत प्रतिभागियों ने उनके नेतृत्व को स्वीकृति दी। एनालिसिस का मानना है कि उनकी कुछ पॉलिसी, ट्रैरिफ और घरेलू फैसलों ने उनकी लोकप्रियता को नुकसान पहुंचाया हो सकता है।



## राज्यपाल ने अपराजिता विधेयक वापस ममता सरकार को भेजा

एजेंसी, कोलकाता। प. बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने भारतीय न्याय संहिता में प्रस्तावित बदलावों पर केंद्र की ओर से उठाई गई गंभीर आपत्तियों पर विचार के लिए अपराजिता विधेयक को राज्य सरकार को वापस भेज दिया है। राजभवन के सूत्र के मुताबिक, केंद्र ने पाया कि सितंबर 2024 में विधानसभा में पारित अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक, भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत दुष्कर्म की सजा में बदलाव की सिफारिश करता है, जो अत्यधिक कठोर और असंगत हैं। हालांकि, राज्य सरकार का कहना है कि उसे अभी तक केंद्र सरकार या राजभवन कार्यालय से विधेयक के कुछ प्रावधानों पर टिप्पणियों के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है। (अनंत ज्ञान)

## बिहार की नीतीश सरकार का पत्रकारों को तोहफा

# सभी पात्र पत्रकारों को अब 15 हजार रुपए मिलेगी पेंशन

एजेंसी, पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के पत्रकारों को बड़ा तोहफा दे दिया है। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को हर महीने पेंशन राशि बढ़ाकर 15 हजार रुपए करने का आदेश दिया है। बता दें इस साल बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।



ऐसे में सभी राजनीतिक दलों ने अपनी कमर कस ली है। मुख्यमंत्री नीतीश ने राज्य में सभी पात्र पत्रकारों को हर महीने 6 हजार की जगह 15 हजार पेंशन की राशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने लिखा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के तहत अब सभी पात्र पत्रकारों को हर महीने 6 हजार रुपए की जगह 15 हजार रुपए पेंशन की राशि प्रदान करने का विभाग को निर्देश दिया है। साथ ही बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशन प्राप्त कर रहे पत्रकारों की मृत्यु होने की स्थिति में उनके आश्रित पति/ पत्नी को जीवनपर्यन्त प्रतिमाह 3 हजार रुपए की जगह 10 हजार रुपए की पेंशन राशि दिए जाने का निर्देश दिया है। (अनंत ज्ञान)

# केदारघाटी के रुमसी में फटा बादल, भारी तबाही

## कई घरों को नुकसान और वाहन मलबे में दबे, रेस्क्यू शुरू

एजेंसी, रुद्रप्रयाग

उत्तराखंड की केदारघाटी के रुमसी गांव में शुक्रवार देर रात बादल फटने से भारी तबाही मच गई। इस प्राकृतिक आपदा में कई घरों, दुकानों को नुकसान पहुंचा, जबकि कई वाहन भी मलबे में दब गए। मौके पर रेस्क्यू टीमों को त्वरित रूप से भेजा गया है और राहत एवं बचाव कार्य जारी है। वरिष्ठ भाजपा नेता विनय भट्ट ने बताया कि बादल फटने से कई मकानों को भारी नुकसान पहुंचा है। सड़कों पर वाहन, बाइक और घरेलू सामान मलबे में दबे देखे जा सकते हैं। लगातार बारिश के कारण भूस्खलन की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है। भूस्खलन के कारण रुमसी, भौसाल, चौंड सहित आसपास के कई गांवों को जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। बारिश और भूस्खलन के कारण रुद्रप्रयाग जिले की कई सड़कें बाधित हो गई हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित है। (अनंत ज्ञान)

## ट्रंप के बर्थराइट सिटीजनशिप आदेश पर फिर रोक

एजेंसी, वॉशिंगटन। अमेरिका की एक फेडरल कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस आदेश को फिर से रोक दिया है, जिसमें कहा गया था कि अगर किसी बच्चे के माता-पिता अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे हैं, तो उस बच्चे को अमेरिकी नागरिकता नहीं मिलेगी। यह तीसरी बार है जब अदालत ने ट्रंप का यह आदेश लागू होने से रोका है। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस मामले पर आखिरी फैसला सुप्रीम कोर्ट ही करेगा, लेकिन जब तक वहां से कोई आदेश नहीं आता, ट्रंप का यह नियम लागू नहीं होगा। बोस्टन के जज लियो सोरोकिन ने कहा, 'बर्थ राइट सिटीजनशिप संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में जो बच्चा जन्म लेता है, वह अमेरिका का नागरिक होता है और यह नियम कोई राष्ट्रपति अपने आदेश से नहीं बदल सकता।' बता दें कि ट्रंप ने 20 जनवरी को एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर बर्थ राइट सिटीजनशिप पर रोक लगा दी थी। (अनंत ज्ञान)

## झारखंड के डैम में डूबने से 4 युवकों की मौत

एजेंसी, रांची। झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में शनिवार को चेक डैम में डूबने से चार युवकों की मौत हो गई। सभी दलाईकला गांव के रहने वाले थे और डैम में नहाने आए थे। इनमें दो युवक बेस्ट फ्रेंड थे, जबकि दो आपस में रिश्तेदार थे। मध्य प्रदेश में लगातार भारी बारिश हो रही है। इससे नदी-तालाब भर गए हैं। शनिवार को नर्मदापुरम में तवा डैम और बैतूल में सतपुड़ा डैम के 7-7 गेट खोले गए हैं। इंदौर में भारी बारिश से सड़कों पर दो फीट तक पानी भर गया है। उज्जैन में महाकाल लोक के प्रवेश द्वार के पास नाले का पानी जमा हो गया है। बारिश के कारण मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाला हाईवे बंद है, इससे वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। यूपी के लखनऊ में 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलीं। खराब मौसम के कारण जयपुर से आ रही फ्लाइट आगरा से वापस लौट गई। (अनंत ज्ञान)

## थाईलैंड-कंबोडिया संघर्ष में अब तक 33 की मौत

एजेंसी, बैंकॉक/नोम पेन्ह। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक हजार साल पुराने दो शिव मंदिरों को लेकर शुरू हुआ संघर्ष तीसरे दिन भी जारी है। इस संघर्ष में अब तक 33 लोगों की मौत हो गई है। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक लड़ाई में उसके 13 लोगों की मौत हुई है। इनमें 8 नागरिक और 5 सैनिक शामिल हैं। इसके अलावा 71 लोग घायल हुए हैं। वहीं, थाईलैंड के भी 20 लोग मारे गए हैं। इनमें 14 नागरिक और 6 सैनिक शामिल हैं। कंबोडिया ने थाईलैंड पर जानबूझकर हमला करने का आरोप लगाया है और कहा है कि थाई सेना उनकी संप्रभुता का उल्लंघन कर रही है। कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट ने शनिवार को दावा किया कि मलेशिया की मध्यस्थता में 24 जुलाई की रात दोनों ही देश सीजफायर पर समहत हुए थे, लेकिन समझौते पर पहुंचने के 1 घंटे से भी कम वक्त में थाईलैंड ने अपना रुख बदल दिया और समझौते से हट गया। (अनंत ज्ञान)

## मैक्स अस्पताल में मोटापे से जूझ रहे मरीजों ने साझा किए अपने अनुभव

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

मैक्स अस्पताल, मोहाली ने शनिवार को चंडीगढ़ के एक होटल में वेट लॉस चैंपियन मीट का आयोजन किया, जिसमें करीब 50 बैरियाट्रिक सर्जरी मरीजों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन का उद्देश्य मोटापे से जूझ रहे लोगों को प्रेरित करना था, और इस मौके पर मरीजों ने बैरियाट्रिक सर्जरी के बाद अपने जीवन में हुए बदलावों और सेहत में सुधार के बारे में बताया।



मरीजों ने बताया कि बैरियाट्रिक सर्जरी ने उनकी जीवनशैली को पूरी तरह से बदल दिया। मोहर सिंह का कहना था कि उन्हें सांस लेने में समस्या, फैटी लिवर और बढ़ते वजन के कारण गतिशीलता में कमी जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ा था, लेकिन बैरियाट्रिक सर्जरी के बाद उनकी जिंदगी में एक नया मोड़ आया और अब वे पूरी तरह से स्वस्थ और आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। वहीं, जगदीप कौर ने कहा कि अगर आप मुझे दो साल पहले देखते, तो मैं उस महिला से मिलाते जो आज सामने है। बैरियाट्रिक सर्जरी ने मुझे एक नई दिशा दी। अब मैं सक्रिय हूं और अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देती हूं। इसके अलावा अन्य कई मरीजों ने अपने अनुभव साझा किए।

इस आयोजन में डॉ. अनुपम गोयल, जो जनरल, गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल और रोबोटिक सर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट हैं, ने कहा कि हम मोटापे को सही ढंग से समझते हैं। यह सिर्फ आत्म-नियंत्रण का मामला नहीं है। बहुत से लोग खानपान और व्यायाम के जरिए वजन घटाने की कोशिश करते हैं, लेकिन कभी सफल नहीं होते। ऐसे मामलों में बैरियाट्रिक सर्जरी एक बेहतर विकल्प साबित हो सकती है।

## गलत परीक्षा केंद्र पहुंची अन्नू की डीसी के आदेश से बदली किस्मत

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा में परीक्षार्थियों की मदद के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया, जब हिसार जिले के गांव थुराना निवासी अन्नू के लिए डीसी के आदेश वरदान साबित हुए। अन्नू की परीक्षा सुबह की शिफ्ट में चौ. बंसीलाल कॉलेज, सेक्टर 13 में थी, लेकिन वह गलती से गांव प्रेम नगर स्थित चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय पहुंच गई। स्थिति से घबराई अन्नू को वहां तैनात ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने रोते हुए देखा और बात की। जब अन्नू के ताऊ ने बताया कि वे रास्ता भटक गए हैं, तो ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने तुरंत निर्णय लेते हुए दोनों को सरकारी गाड़ी में बिठाया और सही परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट और विभागों को परीक्षार्थियों की सहायता के निर्देश दिए गए थे। इस बीच, परीक्षार्थियों के लिए शटल बस सेवाएं चलाई गई हैं, जिससे वे समय पर केंद्रों तक पहुंचे। ग्राम सचिवों और पंचायत विभाग ने ग्रामीण व दिव्यांग परीक्षार्थियों को केंद्रों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

## पंचकूला प्रीमियर व उड़ान क्लब ने किया पौधरोपण

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

शनिवार को गोल्डन लायंस पंचकूला प्रीमियर क्लब और उड़ान क्लब के संयुक्त प्रयास से राजकीय उच्च विद्यालय, पॉकेट नंबर 8, चंडीगढ़ में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विशेष पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर अल्स्टोनिया, चंदन, नीम और अन्य छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस अभियान की अगुवाई पंचकूला प्रीमियर क्लब की अध्यक्ष निशा सचदेवा और पीडीपी मनजीत भांभरा द्वारा की गई। दोनों क्लबों के सभी सदस्य इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक शामिल हुए और विद्यालय परिसर को हरियाली से भरने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान निशा सचदेवा ने जनहित में संदेश देते हुए कहा कि हमें अपने जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। वृक्ष हमें ऑक्सीजन, फल, सब्जियां, छाया और ठंडी हवाएं प्रदान करते हैं। जिस प्रकार पर्यावरण हमारी रक्षा करता है, उसी प्रकार हमारा भी कर्तव्य है कि हम पर्यावरण और वृक्षों की रक्षा करें। उन्होंने कहा कि गोल्डन लायंस पंचकूला प्रीमियर क्लब सदैव जनहित में कार्य करता रहेगा। अभियान के अंत में सभी सदस्यों ने पौधों की देखभाल का संकल्प लिया और भविष्य में इस मुहिम को और व्यापक रूप देने का वादा किया।




## डीएवी कॉलेज में कारगिल विजय दिवस पर वीरों को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। मेरा युवा भारत चंडीगढ़, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एनसीसी एवं एनएसएस प्रकोष्ठ, डीएवी कॉलेज सेक्टर-10 तथा यूथ सोशलग्राम फाउंडेशन के सहयोग से कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि के साथ हुई, तत्पश्चात ध्वजारोहण और राष्ट्रगान ने देशभक्ति की भावना को प्रबल किया। राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नेमी चंद एवं जिला युवा अधिकारी विनय कुमार ने युवाओं को वीरता, सेवा और एकता जैसे मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। पूर्व कर्नल सुनील दत्त वशिष्ठ ने सैन्य अनुभव साझा कर उपस्थितों को बलिदान की गहराई से अवगत कराया। कॉलेज परिसर में तिरंगा यात्रा, 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण, पोस्टर मेकिंग और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। अंत में, सभी प्रतिभागियों ने कारगिल की भावना से प्रेरित होकर विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

# भारतीय सैनिकों के बलिदान, साहस और देशभक्ति की याद दिलाता कारगिल विजय दिवस

जब भारतीय लड़ाकों ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर कर दिया था मजबूर 26 जुलाई का दिन भारतीय वीरों के अदम्य साहस और वीरता की कहानी को याद करने का है। साल 1999 में भारतीय सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान को कारगिल में करारी शिकस्त दी थी। इस युद्ध में लगभग 527 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे और 1300 से अधिक घायल हुए थे। भारतीय सुरक्षाबलों की इस कार्रवाई को 'ऑपरेशन विजय' के तहत अंजाम दिया गया था।

भारत मां के लिए बलिदान देने वाले सपूतों को याद करने के लिए और भारत की जीत को सेलीब्रेट करने के लिए हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। इस साल भारत ने अपना 26वां कारगिल विजय दिवस मनाया। ये दिन भारतीय सैनिकों के बलिदान, साहस और देशभक्ति की याद दिलाता है।

कारगिल युद्ध साल 1999 में मई से जुलाई तक चला था। यह युद्ध 1999 में तब शुरू हुआ जब पाकिस्तानी सेना और घुसपैठियों ने मई 1999 में जम्मू-कश्मीर के कारगिल जिले में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) को पार करके भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की। यह घुसपैठ सर्दियों के बाद उस समय शुरू हुई जब बर्फ पिघलने लगी और भारतीय सेना की चौकियों पर निगरानी कम थी, क्योंकि दोनों देशों के बीच सामान्य रूप से सर्दियों में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सैन्य गतिविधियां कम हो जाती थीं। मई 1999 में, स्थानीय चरवाहों ने भारतीय सेना को सूचना दी कि कारगिल के ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों, जैसे द्रास, बटालिक, और मुश्कोह घाटी में संदिग्ध गतिविधियां हो रही हैं। इसे शुरुआत में छोटे स्तर की घुसपैठ समझा गया, लेकिन यह पाकिस्तानी सेना और उनके समर्थित आतंकवादियों द्वारा सुनियोजित कार्रवाई थी। भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सैनिकों के छक्के छुड़ाने के लिए ऑपरेशन विजय और भारतीय वायुसेना ने भी ऑपरेशन सफेद सागर शुरू किया। कारगिल के दुर्गम पहाड़ी इलाकों में कठिन परिस्थितियों में युद्ध हुआ, जिसमें भारत की जीत हुई और पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े।

भारत के जवानों ने बर्फीले मौसम और कठिन पहाड़ी इलाकों में पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। भारतीय जवानों के लिए यह राह आसान नहीं थी, क्योंकि पाकिस्तान के जवान ऊंची चोटियों से भारतीय जवानों पर निशाना साध रहे थे, लेकिन भारतीय जांबाजों ने अपनी जान की परवाह किए बिना पाकिस्तानी सैनिकों को ढेर कर दिया और फतेह हासिल की। कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे, जैसे अनगिनत वीरों ने अपने पराक्रम के बल पर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया और भारत मां के लिए शहीद हो गए।

## विजय में हिमाचल के इन 52 रणबांकुरों का योगदान अमूल्य

26 जुलाई की तारीख भारत के सैन्य इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज है। वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान वीरभूमि हिमाचल प्रदेश के 52 सपूतों ने भी अपने प्राणों की आहुति देश के लिए दी। इस युद्ध में हिमाचल के कांगड़ा जिले से सबसे अधिक 15 जवान शहीद हुए। मंडी से 11, हमीरपुर और बिलासपुर से 7-7, शिमला से 4, ऊना से 2, सोलन और सिरमौर से 2-2 और चंबा तथा कुल्लू से 1-1 जवान देश के लिए शहीद हुए। हर जिले का बेटा, हर मां का लाल, हर गांव का गौरव बन गया। भारत सरकार द्वारा कारगिल युद्ध के बाद चार परमवीर चक्र प्रदान किए गए, जिनमें दो हिमाचल के वीरों को मिले। कैप्टन विक्रम बत्रा (मरणोपरांत)-पालमपुर, जिला कांगड़ा के इस शूरवीर ने 'यह दिल मांगे मोर' का उद्घोष करते हुए शत्रुओं के छक्के छुड़ा दिए। तोलोलिंग और प्वाइंट 4875 की विजय में उनका योगदान अमर है। जिला बिलासपुर के सूबेदार संजय कुमार ने दुश्मन के मोर्चों को ध्वस्त कर अकेले दम पर टाइगर हिल की ओर बढ़ते जवानों का मार्ग प्रशस्त किया। वे इस सम्मान को जीवित प्राप्त करने वाले दुर्लभ वीरों में से एक हैं। हिमाचल के इन 52 रणबांकुरों को केवल श्रद्धांजलि देना पर्याप्त नहीं। हमें यह प्रण भी लेना होगा कि हम उनके सपनों का भारत बनाएं, जहां देश की रक्षा, एकता और अखंडता सर्वोपरि हो।






**आभार**

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

**अशोक ठाकुर**
ब्यूरो चीफ पठानकोट (इंदौरा)
मो. 94184-85666



